असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार | 27.03.2023 | वर्ष 10, अंक 83
RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
विज्ञानं हमे सोचना सिखाता है, लेकिन प्रेम हमें मुस्कुराना सिखाता है।

**रोजा का समय**
इफ्तार (27/03/23) 06:04
सेहरी (28/03/23) 04:23

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## मन की बात कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने अंगदान पर की खुल कर चर्चा

# सरायकेला की स्नेहलता के अंगदान को पीएम ने सराहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में सरायकेला के अभिजीत से बात की। उन्होंने अभिजीत के मां के निधन पर उनका अंगदान करने की सराहना की।प्रधानमंत्री ने कहा कि अंगदान के लिए स्नेहलता एक प्रेरक उदाहरण हैं। ऐसे लोग हमारे समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। उनके इस महान कार्य के लिए वे उन्हें नमन करते हैं और बधाई देते हैं। इनके जैसे दानवीर हमें और हमारे समाज को अंगदान का महत्व समझा कर जाते हैं। प्रधानमंत्री ने झारखंड के सरायकेला जिले की स्नेहलता चौधरी के परिजनों से बात की। स्नेहलता के पति और बेटे ने अंगदान का फैसला लिया। बता दें कि स्नेहलता चौधरी के पति रमन चौधरी का सरायकेला में कपड़ा का कारोबार है। स्नेहलता 17 सितंबर को मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं। इस बीच एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दिया था। सिर में गंभीर चोट लगने पर जमशेदपुर में उनका ऑपरेशन हुआ। एम्स, दिल्ली भी ले जाया गया। 30 सितंबर को उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। इसके बाद उनके परिजनों ने स्नेहलता का अंगदान कराने का निर्णय लिया था। राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रतिरोपण संगठन के मुताबिक स्नेहलता का दिल, एक किडनी और कॉर्निया एम्स के मरीजों को दान किए गये। लीवर का इस्तेमाल सेना के आरआर अस्पताल में और उनकी दूसरी किडनी का उपयोग राम मनोहर लोहिया अस्पताल में एक मरीज के लिए किया गया।



### स्नेहलता के परिजनों ने लिया था अंगदान का फैसला

स्नेहलता 17 सितंबर को मॉर्निंग वॉक पर निकली थीं। इस बीच एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दिया था। सिर में गंभीर चोट लगने पर जमशेदपुर में उनका ऑपरेशन हुआ। एम्स, दिल्ली भी ले जाया गया। 30 सितंबर को उन्हें ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। इसके बाद उनके परिजनों ने स्नेहलता का अंगदान कराने का निर्णय लिया था।

### नारी शक्ति की बड़ी भूमिका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत की जो क्षमता एक नए दृष्टिकोण से उभर रही है, उसमें हमारी नारी शक्ति की बहुत बड़ी भूमिका है. हाल ही में ऐसे कई उदाहरण हमारे सामने आए हैं. एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव एक और कीर्तिमान स्थापित करते हुए वन्देभारत की भी पहली महिला लोको पायलट बन गई हैं. इसके साथ ही पीएम मोदी ने जानकारी दी कि दीव भारत का पहला जिला बन गया है, जो पूरे दिन की जरूरतों के लिए 100 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग कर रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि दीव की इस सफलता का मंत्र सबका प्रयास भी है.

### पीएम ने की अंगदान करने की अपील

**नई दिल्ली :** पीएम नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अंगदान के लिए सामने आने की अपील की. प्रधानमंत्री ने कहा कि आपका एक फैसला कई लोगों की जिंदगी बचा सकता है, जिंदगी बना सकता है. उन्होंने कहा कि जो लोग अंगदान का इंतजार करते हैं, वह जानते हैं कि इंतजार का एक-एक पल गुजरना कितना मुश्किल होता है और ऐसे में जब कोई अंगदान या देहदान करने वाला मिल जाता है तो उसमें ईश्वर का स्वरूप ही नजर आता है. उन्होंने कहा कि हमारे देश में आज बड़ी संख्या में ऐसे जरूरतमंद हैं, जो स्वस्थ जीवन की आशा में किसी अंगदान करने वाले का इंतज़ार कर रहे हैं. इसी कारण राज्यों के अधिवास की शर्त को भी हटाने का फैसला किया गया है. यानी अब मरीज देश के किसी भी राज्य में जाकर अंग प्राप्त करने के लिए पंजीकरण करा सकेगा. प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के इस दौर में अंगदान किसी को जीवन देने का एक बहुत बड़ा माध्यम बन चुका है क्योंकि जब एक व्यक्ति मृत्यु के बाद अपना शरीर दान करता है तो उससे 8 से 9 लोगों को एक नया जीवन मिलने की संभावना बनती है. उन्होंने कहा कि आज देश में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है.

## मैट्रिक व इंटर के स्टेट टॉपरों को सीएम आज करेंगे सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 2023 के मैट्रिक-इंटर के स्टेट टॉपरों को आज सोमवार को पुरस्कृत करेंगे। धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री विद्यार्थियों को पुरस्कृत करेंगे।।वर्ष 2023 की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में राज्य में प्रथम तीन स्थान पर रहनेवाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। पहले स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को तीन लाख, दूसरे स्थान पर रहने वाले को दो लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को एक लाख रुपये पुरस्कार राशि दी जायेगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से इस संबंध में सभी जिलों को पत्र जारी कर दिया गया है। पत्र में संबंधित जिलों के पदाधिकारियों को 27 मार्च को 10 बजे तक प्रोजेक्ट भवन सभागार में संबंधित विद्यार्थी व अभिभावक के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। विद्यार्थी के समारोह में भाग नहीं लेने की स्थिति में अभिभावक समारोह में शामिल होंगे। झारखंड एकेडमिक काउंसिल, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड मिला कर कुल 68 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। 10वीं के कुल 30 विद्यार्थी को पुरस्कृत किया जायेगा। इसमें सबसे अधिक 14 विद्यार्थी जैक बोर्ड के हैं। जबकि, सीबीएसई के नौ एवं आईसीएसई बोर्ड के सात विद्यार्थी हैं। 12वीं कला में तीनों बोर्ड से टॉप तीन में तीन-तीन विद्यार्थी शामिल हैं। कुल नौ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। 12वीं विज्ञान संकाय में जैक बोर्ड के तीन, सीबीएसई के पांच और आईसीएसई बोर्ड के सात विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

**पहले स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को तीन लाख, दूसरे को दो लाख और तीसरे को एक लाख का पुरस्कार**

## कात्यायनी



**चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शाईलवरवाहना।**
**कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी॥**

मां दुर्गा के छठे स्वरूप को कात्यायनी कहते हैं। कात्यायनी महर्षि कात्यायन की कठिन तपस्या से प्रसन्न होकर उनकी इच्छानुसार उनके यहां पुत्री के रूप में पैदा हुई थीं। महर्षि कात्यायन ने सर्वप्रथम इनकी पूजा की थी इसलिए ये कात्यायनी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। मां कात्यायनी अमोद्य फलदायिनी हैं। दुर्गा पूजा के छठे दिन इनके स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित रहता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सब कुछ न्यौछावर कर देता है। भक्त को सहजभाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त होते हैं। इनका साधक इस लोक में रहते हुए भी अलौकिक तेज से युक्त होता है।

## क्वीक न्यूज

### राज्य के कई जिलों में बारिश व वज्रपात का अलर्ट

**रांची :** मौसम केंद्र रांची ने झारखंड के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इसके साथ ही कहीं कहीं मेघगर्जन और वज्रपात के साथ तेज गति से हवा चलने का येलो अलर्ट जारी किया है. मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भी राज्य में बादल छाए रहेंगे और कई स्थानों पर तेज हवा के साथ वज्रपात और बारिश की संभावना है.

### रिकॉर्ड : इसरो ने एक साथ किया 36 सेटेलाइट लॉन्च

**श्रीहरिकोटा :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ मिलकर लो-अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट संचार कंपनी वनवेब रविवार को 36 सैटेलाइटों को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इसरो ने शनिवार को बताया कि वनवेब इंडिया -2 मिशन के जरिए 36 सैटेलाइटों लॉन्च किया गया। इन सैटेलाइटों को 26 मार्च की सुबह 9 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया गया। गौरतलब है कि कुल 643 टन वजनी और 43.5 मीटर लंबा यह प्रक्षेपण यान इसरो का सबसे भारी प्रक्षेपण यान है जो अब तक पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है, जिसमें चंद्रयान-2 मिशन भी शामिल है। ये 36 उपग्रह 5805 टन वजन के हैं। इसरो ने बताया कि मौजूदा मिशन एलवीएम3-एम3, न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) का दूसरा समर्पित वाणिज्यिक उपग्रह मिशन है, जिसे उसके ग्राहक ब्रिटिश कंपनी मैसर्स नेटवर्क एक्सेस एसोसिएट्स लिमिटेड (मैसर्स वन वेब) के लिए चलाया जा रहा है। एलवीएम -3 इसरो के सबसे भारी प्रक्षेपण यान जीएसएलवीएमके -3 का ही नया नाम है जो सबसे भारी उपग्रहों को निश्चित कक्षा में प्रक्षेपित करने की क्षमता रखता है।



## कांग्रेस ने पूरे देश में चलाया संकल्प सत्याग्रह




एजेंसी

**नई दिल्ली :** राहुल गांधी की सांसदी जाने के बाद कांग्रेस ने हल्ला बोल दिया है. पार्टी के कार्यकर्ताओं ने देशभर में सरकार के खिलाफ रविवार को संकल्प सत्याग्रह के तहत प्रदर्शन किया. वहीं,राहुल गांधी ने जहां शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा, तो दूसरे दिन कांग्रेस दिल्ली समेत सभी जिला मुख्यालयों में एक दिन का सत्याग्रह किया. कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम केस में दो साल की सजा सुनाने के बाद गत शुक्रवार को स्पीकर ओम बिरला ने उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी.

संकल्प सत्याग्रह में मुख्य रूप से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, पी चिदंबरम और सलमान खुर्शीद समेत कई नेता शामिल रहे. अपने संबोधन में प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरे शहीद पिता का अपमान संसद में किया जाता है. शहीद के बेटे का अपमान किया जाता है उन्हें मीर जाफर कहा जाता है. मेरी मां का अपमान किया जाता है. आपके मंत्री कहते हैं कि इनके पिता कौन हैं? आपके प्रधानमंत्री गांधी परिवार के लिए कहते हैं कि ये नेहरू उपनाम का इस्तेमाल क्यों नहीं करते? आप पर तो कोई केस नहीं होता, आपकी सदस्यता रद्द नहीं होती. मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी न किसी के सामने झुकता है और ना किसी से डरता है. यह सारे फैसले भारत जोड़ो यात्रा की वजह से लिए जा रहे हैं. क्या नीरव मोदी ओबीसी हैं? क्या मेहुल चौकसी ओबीसी हैं? क्या ललित मोदी ओबीसी हैं? यह भगोड़े हैं और भगोड़े के बारे में हम बोले तो आपको दुख होता है.

राहुल गांधी ने जेनरल बात की थी कि जो भगोड़े हैं, वह बैंक का पैसा लेकर भाग गए. बोलने की आजादी को बचाने के लिए हम लड़के रहेंगे. राहुल गांधी पूरे देश के लिए लड़ रहे हैं. युवाओं के लिए, महिलाओं के लिए लड़ रहे हैं. कर्नाटक के कोलार में जो बात हुई थी, वह एक चुनावी भाषण था किसी को ठेस पहुंचाने की कोई मंशा नहीं थी.

हम सब इस कार्यक्रम के जरिए यह दिखाने आए हैं कि राहुल गांधी के समर्थन में हम एकजुट हैं. ऐसा सत्याग्रह पूरे देश में होगा, हर जगह होगा. अगर हमें कुचलने की कोशिश होगी, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे.

# रांची से गोवा के लिए शुरू हुई विमान सेवा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सात नए शहरों के लिए विमान सेवा शुरू किया गया।।एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया कि रविवार से गोवा के लिए इंडिगो की विमान सेवा शुरू की जा रही है, जो हफ्ते में तीन दिन शाम 6:45 बजे रांची से गोवा के लिए उड़ान भरेगी। गोवा के लिए ऑनलाइन बुकिंग की शुरुआत यात्रियों के लिए कर दी गई है। 26 मार्च से सप्ताह में तीन दिन गोवा के लिए रांची से इंडिगो की फ्लाइट उड़ान भरेगी। रविवार से गोवा के लिए विमान सेवा की शुरुआत होने के बाद यात्रियों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।



रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर दिल्ली से आए एक यात्री ने बताया कि गोवा जैसे शहरों के लिए विमान सेवा की शुरुआत करना निश्चित रूप से यात्रियों के लिए सुखद है। रांची से गोवा के लिए यात्रियों को दो बार फ्लाइट चेंज करना पड़ता था। लेकिन अब सीधी विमान सेवा निश्चित रूप से उनको राहत पहुंचाएगी।एयरपोर्ट प्रबंधन ने बताया कि 23 मई से जयपुर के लिए विमान सेवा की शुरुआत की जाएगी।

इसके अलावा एक जून से देवघर के लिए विमान सेवा की शुरुआत की जाएगी।उल्लेखनीय है कि बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से वर्तमान में 30 से 32 विमानों का परिचालन होता है। लेकिन सात नए शहरों के लिए विमानों का परिचालन शुरू होने के बाद यात्रियों की संख्या में खासा बढ़ोतरी होगी। इसको देखते हुए सुरक्षा एवं अन्य इंतजाम भी कराए जा रहे हैं, ताकि आने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट पर बेहतर सुविधा मुहैया हो सके।

# भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे का शव होटल में फंदे से लटकता मिला

एजेंसी

**वाराणसी :** भोजपुरी अभिनेत्री और मॉडल आकांक्षा दुबे का शव सारनाथ थाना क्षेत्र के सोमेंद्र होटल में लटकता मिला। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। आकांक्षा 25 साल की थीं और बहुत ही कम समय में इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाई थी।

आकांक्षा दुबे भदोही की रहने वाली थीं और उत्तर प्रदेश की जानी मानी कलाकारों में उनकी गिनती होती थी। आकांक्षा ने भोजपुरी सिनेमा, संगीत और फिल्मों में भी काम किया था। उत्तर प्रदेश के अलावा उनकी पूरे देश में भी अच्छी फैन फॉलोइंग है। आकांक्षा इंस्टाग्राम पर रील्स भी बनाती थी। बताया जा रहा है कि आकांक्षा दुबे ने अपने कैरियर की शुरुआत सोशल प्लेटफॉर्म टिक-टॉक से की थी। टिक-टॉक पर आकांक्षा के टैलेंट को लोगों ने काफी पसंद किया और उनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त होती गई। उसके बाद में अकांक्षा ने भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा और एक से बढ़कर एक भोजपुरी गाने और फिल्मों में काम किया। जो लोगों को खूब पसंद आया। आकांक्षा ने वीरों के वीर और कसम पैदा करने वाले की 2 फिल्मों में काम किया था जो लोगों को काफी पसंद आया था।इससे पहले शनिवार की रात को अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो भी शेयर किया था।



**आकांक्षा दुबे भदोही की रहने वाली थीं और उत्तर प्रदेश की जानी मानी कलाकारों में उनकी गिनती होती थी। आकांक्षा ने भोजपुरी सिनेमा, संगीत और फिल्मों में भी काम किया था। उत्तर प्रदेश के अलावा उनकी पूरे देश में भी अच्छी फैन फॉलोइंग है। आकांक्षा इंस्टाग्राम पर रील्स भी बनाती थी।**

## आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का से ईडी 27 को करेगी पूछताछ

प्रभाम मंत्र संवाददाता



**रांची।** आईएएस अधिकारी राजीव अरुण एक्का से ईडी सोमवार को पूछताछ करेगी।ईडी ने उन्हें दूसरी बार समन भेजकर हाजिर होने को कहा है। इससे पहले उन्हें 15 मार्च को हाजिर होने को कहा गया था, तब उन्होंने विधानसभा सत्र चलने का हवाला देकर ईडी से समय मांगा था। ईडी ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए 27 मार्च की तारीख तय की थी।ब्लैक मनी और मनी लांड्रिंग के आरोपित विशाल चौधरी के साथ राजीव अरुण एक्का के संबंध की पुष्टि होने के बाद वे ईडी की राडार पर आए थे।

**रांची का तापमान**
अधिकतम $32^0$
न्युनतम $15^0$

संक्षिप्त खबरे

## चैता समाज को मुखिया प्रतिनिधि ने दिया साज बाज का सामान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलीगढ़ पंचायत के खोन्हर गांव में शनिवार के रात्रि चैता, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि बलीगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ कि एवं कार्यक्रम का संचालन कृष्णा साह के द्वारा किया गया। इस दौरान उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने कहा कि रामनवमी के शुभ अवसर पर इस नवरात्र में गांव के ही पुरानी संस्कृति समाज के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जो शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। वहीं मुखिया प्रतिनिधि ने साजबाज में कमी को देखते हुए समाज को एक बैंजो बाजा दिया। जिससे सभी समाज के लोगों में हर्ष देखा गया।

# शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी, हत्या की आशंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** थाना क्षेत्र के विशुनपुर में 38 वर्षीय युवक का शव दोपहर के बाद मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। शव की सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। जब कि उसका शव उठाने की बात आई तो उस गांव का एक भी व्यक्ति सामने नही आया। बाद में उस युवक की पहचान सोनवर्षा ग्राम निवासी शादिक अंसारी का 38 वर्षीय पुत्र मुस्लिम अंसारी के रूप में किया गया। बताया जाता है कि मृतक मुस्लिम अंसारी अपने 15 वर्षीय पुत्र आदम अली तथा दामाद रमना थाना क्षेत्र के रोहिला ग्राम निवासी नाज़िर अंसारी के साथ बीती रात लगभग 10 बजे बैंगलोर से कमा कर पलामू एक्सप्रेस से नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर उतरे थे। बकौल उसके पुत्र आदम अली स्टेशन पर उतरने के बाद अब्बा ने मुझे और मेरे जीजा को गाड़ी पर बैठा कर दवा लेने की बात कह कर चले गए थे। देर रात हो जाने के बाद भी घर नही पहुचने पर उनकी खोजबीन शुरू किया गया।इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि विशुनपुर पुर में शव मिला है।जिसके गले पर किसी धारदार हथियार से काटे जाने का निशान है। जिसकी पहचान सोनवर्षा ग्राम निवासी शादिक अंसारी के 38 वर्षीय पुत्र मुस्लिम अंसारी हो गई है।जिसे पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा जा रहा है। इस संबंध में आगे की कार्यवाही किया जा रहा है।

## रामनवमी पर्व को ले रेहला थाना में शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रामनवमी पर्व को लेकर रेहला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरकारी गाइड लाइन के अनुसार शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार व संचालन प्रो. नंदलाल शुक्ला ने किया। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि जुलूस के दौरान कोई भी गड़बड़ी न हो इसके लिए पूजा कमेटी व स्थानीय लोगों को पुलिस का सहयोग करना चाहिए। पुलिस शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखेगी। बैठक में शामिल दोनों समुदाय के लोगों से सरकार की ओर से जारी निर्देश तथा पहले से तय मार्गों से ही जुलूस निकालने की अपील की। बैठक में बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक, वरीय भाजपा नेता सुशील चौबे उर्फ टिकैत चौबे,एएसआई रामचंद्र चौधरी, प्रखंड़ प्रमुख रंभा कुमारी, नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम, पूर्व जिला पार्षद फिरोज खान, सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय, ललन चौबे, मनोज शुक्ला, किशोर कुमार, मजमुद्दीन अंसारी, सचिदानंद तिवारी सहित दोनों समुदाय के कई लोग मौजूद थे।

## पलामू क्लब में राष्ट्रीय जनता दल की बैठक संपन्न

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के पलामू क्लब में राष्ट्रीय जनता दल के द्वारा सम्मान समारोह और सुझाव प्रस्ताव कार्यक्रम का किया गया आयोजन। कार्यक्रम के दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। ज़िला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखण्ड और पंचायत स्तर तक राष्ट्रीय जनता दल पार्टी की विस्तार और पार्टी की मजबूती दिलाने पर विचार विमर्श भी किया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि सभी प्रखण्डों में राष्ट्रीय जनता दल के नेता व कार्यकर्ता जाकर लोगो से मुलाकात करेगी और उनकी समस्याओ से अवगत भी होगी। साथ ही जिस तरह से बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की सरकार है उसी तरह झारखण्ड में भी राष्ट्रीय जनता दल की सरकार बने इसको लेकर भी पार्टी मजबूती से कार्य करेगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल के अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राम देव यादव, ओबीसी प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष रामनाथ चन्द्रवंशी,राकेश पासवान समेत पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता रहे उपस्थित।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने रविवार को रजवार स्थित बटाने नदी घाट से बालू लदे बिना नंबर के स्वराज ट्रैक्टर को जब्त किया है। हालांकि ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखकर फरार हो गया। इस संबंध में ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि उक्त ट्रैक्टर भांवर गांव के अनुज शर्मा की है। जब्त बालू व ट्रैक्टर पर करवाई हेतू आवेदन जिला खनन पदाधिकारी को भेजा गया है।

## कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट संस्थान द्वारा किया गया जागरूकता कार्यशाला



**भवनाथपुर (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट संस्था द्वारा अपनी सदस्याओं को वित्तीय जागरूकता तथा उनके हितों (ब्याज दर, ऋण पर लगने वाले पुरे खर्चों, आचार संहिता एवं शिकायत निवारण प्रक्रिया) को ध्यान में रखते हुए RBI द्वारा जारी नए दिशानिर्देश के बारे में जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। कैशपॉर हमेशा से ही गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले सदस्याओं को वित्तीय सहायता के साथ स्वास्थ्य एवम् शिक्षा की सुविधाएँ भी प्रदान करती है। जिससे सदस्याओं की आर्थिक स्थिति को सुधारने के साथ-साथ वह अपने परिवार की बीमारी और बच्चो के शिक्षा पर ध्यान दे सकें और अपने जीवनस्तर को ऊपर उठा सकें। कैशपॉर संस्थान हर वर्ष ऐसे कार्यशाला का आयोजन करता है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में भवनाथपुर शाखा प्रबंधक झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक एम हसन एवं विशिष्ट अतिथि भवनाथपुर जिलापरिषद रंजनी शर्मा शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के गरीब महिलाओं को उनके स्वयं सहायता समूह के माध्यम से गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकलने के लिए कैशपर माइक्रो क्रेडिट संस्थान का सराहनीय योगदान बताया और उक्त संस्थान से लोन प्राप्त कर स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर कैसे बने उसके लिए भी जागरूक किया। साथ ही कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट समूह संचालित के बारे में विस्तरित अन्य जानकारी आंचलिक प्रबन्धक मृत्युंजय सिंह, सीएच आई बी शशिकान्त यादव, ए आर ओ जय सिंह, एच ई एस एम अभिमन्यु कुशवाहा, शाखा प्रबंधक विकास कुमार, ए बी एम पूनम सहित अन्य लोगो ने दी।

# अश्लील गीत व इंटरनेट मीडिया पूरी तरह रहेगी प्रतिबंधित : एसडीपीओ सुरजीत कुमार

### नावा बाजार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नावा बाजार त्यौहार के दौरान रामनवमी पूजा अखाड़ा समिति के द्वारा अश्लील गीत एवं सोशल मीडिया से अफवाह फैलाने वाले शरारती तत्व के लोगों पर पैनी नजर रहेगी। पूजा के दौरान जुलूस एवं मेला तथा धार्मिक अनुष्ठान के दौरान समिति के द्वारा आपसी सौहार्द वातावरण मे त्यौहार को संपन्न करें उक्त बातें विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी सुरजीत कुमार नावा बाजार थाना परिसर के सभाकक्ष में रामनवमी पूजा त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक में कहीं। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ सुजीत कुमार व संचालन हिंदू मुस्लिम एकता समिति के सचिव मोहम्मद यासीन खान की। मौके पर इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने कहा कि जुलूस या मेला के दौरान दूसरे समुदाय के प्रति भ्रामक बातें या नारे नहीं लगाए जिससे ठेस पहुंचे। आपसी भाईचारे की मिल्लत के साथ त्यौहार को संपन्न करें ।जुलूस के दौरान भड़काऊ भाषण गीत तथा पोस्ट करने वाले पर आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।वहीं थाना प्रभारी दीपक कुमार दास ने कहा कि त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है।रामनवमी पूजा अखाड़ा समिति के लोग सहयोग करें।वही प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद आमिर हमजा ने कहा कि रामनवमी त्यौहार के दौरान 24 घंटा मजिस्ट्रेट के रूप में लोगों को निगरानी की जाएगी ताकि किसी प्रकार त्यौहार के दौरान बाधा उत्पन्न ना हो उक्त मौके पर सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजबली महारा रामनवमी पूजा इलाकाई अध्यक्ष दामोदर चौधरी मुखिया संघ अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ईटको पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सफीर आलम उप मुखिया मिस्टर अंसारी पूर्व मुखिया दीपक गुप्ता अलीशेर अंसारी सुरेश प्रसाद गुप्ता प्रदीप जायसवाल गिरीश प्रजापति विजय शरण गुप्ता प्रदीप ठाकुर राजदेव यादव अखिलेश सिंह कपिल देव ठाकुर दीपक गुप्ता सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, गढ़वा जिला सह संघचालक काशी महतो, विद्यालय के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम और मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुस्पाचर्न कर किया। इस दौरान कक्षा प्रवेश से नवम तक के भैया-बहनों के बीच सत्र 2022-23 का वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण किया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों के द्वारा वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को पुरस्कृत किया। तत्पश्चात भैया-बहनों के बीच सत प्रतिशत उपस्थिति, आदर्श छात्र, स्वच्छ छात्र, संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने अपने उद्बोधन में सफल भैया बहनों को ढेरों बधाइयां दिया। वही अगले सत्र के लिए भैया-बहनों शुभकामनाएं दी। उन्होंने सफल भैया-बहनों को आगे अधिक परिश्रम करके निरंतर अच्छे अंक प्राप्त करने कि बात कहीं। उन्होंने कहा कि दिनांक 3 अप्रैल 2023 को विधिवत हवन पूजन के साथ सत्र 2023 24 का सत्र आरंभ किया जाएगा। वही 4 अप्रैल 2023 से विधिवत कक्षाएं संचालित होगी। गढ़वा जिला सह संघचालक काशी महतो ने कहा कि विद्यालय के कई भैया-बहन विभिन्न क्षेत्रों में कई उच्च पदों पर पदस्थापित है। उनसे सीख लेकर आप सभी भैया-बहन कड़ी मेहनत करते हुए अपने परिवार तथा विद्यालय और श्री बंशीधर नगर का नाम रोशन करें। उन्होंने सभी भैया-बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, अविनाश कुमार, कौशलेंद्र झा, विवेक पाठक, नीरज कुमार सिंह, पिंटू सिंह, सुजीत कुमार दुबे, दीपक सिंह, रेणु कुमारी, नीति कुमारी, रेनू पाठक, सतेंद्र प्रजापति, नंदलाल पाण्डेय सहित अभिभावक व भैया बहन उपस्थित थे।

## 25 वर्षीय युवक की हुई मौत, गांव में मातम का माहौल



**उंटारी रोड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र के बिरजा गांव निवासी शोभनाथ चौधरी का 25 वर्षीय पुत्र सुनील चौधरी की मौत शनिवार को कैंसर से हो गई। वे पिछले दो वर्षो से कैंसर से जूझ रहा था।मृतक के बड़े भाई अनिल कुमार चौधरी ने बताया कि मेरे छोटे भाई सुनील चौधरी का दो वर्ष पूर्व गांव के ही झोला छाप डाक्टर बसंत चौधरी ने बवासीर नामक बिमारी का आपरेशन किया था। बवासीर नामक बिमारी का आपरेशन सफल नहीं होने पर वह धीरे धीरे कैंसर का रूप ले लिया। जिसके बाद मेरे भाई का ईलाज पटना, रांची सहित कई अस्पताल में चला लेकिन स्थिति में कुछ सुधार नहीं हो रहा था जिसके कारण शनिवार की शाम उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पूर्व में मैंने उक्त झोले छाप डाक्टर पर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसके बाद डॉक्टर जेल भी गया था लेकिन वह अभी जेल से बाहर है। सुनील की मौत से पूरे गांव में मातम का माहौल बना है वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## रामनवमी को लेकर पिपरा थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पीपरा थाना परिसर में रविवार को बीडीओ अनिता केरकेट्टा की अध्यक्षता में रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी. मौके पर बीडीओ ने कहा कि रामनवमी पर्व लोग शांतिपूर्ण माहौल में मनाए. पर्व के दौरान किसी भी तरह की अफवाह की सूचना मिलने पर इसकी जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दें. वहीं थाना प्रभारी अमित सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान माहौल खराब करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी. लोग पर्व के दौरान अफवाहों से बचें और किसी तरह की अफवाह की जानकारी मिले तो तुरंत जानकारी पुलिस को दें. साथ ही कहा कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार पर्व के दौरान डीजे बजाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है, जिसका लोग खास ख्याल रखें. मौके पर आईआरबी के जगन्नाथ महतो एसआई अभय आनंद, शिबू कुजूर, छोटन रामतुरी प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू, मुखिया प्रियंका तिवारी, राजेश राजवंसी, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष पासवान, विंदेश्वर यादव , बिंदेश्वर पाठक, अरुण मिश्रा, सुनील सिंह संभव सिंह जयप्रकाश सिंह नितेश सिंह संजय मेहता पूर्व मुखिया विजय मेहता कपिलदेव राम सागर सिंह विकास यादव भीम सिंह विवेक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# वन विभाग ने एक ट्रक लकड़ी किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना पर शनिवार की शाम बरडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत खरडीहा पंचायत के कोल्हुआ गाँव में रखा हुआ एक ट्रक प्रतिबंधित खैर का लकड़ी को जब्त किया। जब्त उक्त लकड़ी कीमत करीब साढ़े तीन लाख रूपये आंकी जा रही है, जिसे वन विभाग द्वारा भवनाथपुर वन कार्यालय परिसर में लाकर रखा गया है। जानकारी के अनुसार बरडीहा थाना क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में रैयती और वन भूमि में लगे खैर के पेड़ को लकड़ी तस्करो द्वारा कटाई कराकर उसे दूसरे राज्यों में बेचने हेतु लगभग एक ट्रक खैर का बोटा खरडीहा पंचायत के कोल्हुआ गाँव में रखा हुआ था। गुप्त सूचना पर वन विभाग की टीम वहाँ पर पहुंचकर तस्करी के लिए रखा हुआ उक्त लकड़ी को जब्त करते हुए भवनाथपुर वन कार्यालय परिसर में लाया गया। छापामारी दल में फोरेस्टर अनिल गिरी, वनरक्षी दयाशंकर सिंह, हेमंत पांडेय, सचित कच्छप, ओमप्रकाश उरांव,भीम पासवान, अमृत यादव आदि शामिल थे।

## रामनवमी को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर थाना परिसर में रामनवमी का पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसमें प्रशासन द्वारा रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण से बनाने के लिए लोगो से अपील की इस बैठक की अध्यक्षता छतरपुर डीएसपी अजय कुमार ने किया और कहां की राम नवमी का पर्व शांतिपूर्वक एवं पहले जैसे मनाया जाता था उस पुरानी पद्धति ढोल, नगाड़े के साथ जुलूस निकाले इस शांति समिति की बैठक में जोर देकर डीजे ना बजाने को कहा यह भी कहा कि अगर कोई डीजे जुलूस में बजाता है तो उस पर पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी वही सोशल मीडिया पर भी प्रशासन द्वारा पोनी नजर है किसी तरह के कोई समस्या हो तो सीधे प्रशासन को बताएं प्रशासन आपके साथ है किसी भी व्हाट्सएप ग्रुप, फेसबुक ग्रुप में अफवाह न फैलाएं इस शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी शेखर कुमार, नगर अध्यक्ष मोहन जायसवाल, छतरपुर सीईओ, कार्यपालक पदाधिकारी कामेश्वर बेदिया, नगर उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, समाजसेवी अरविंद गुप्ता, गोपाल सिंह, कमलेश गुप्ता सहित छतरपुर, खाटिन, सड़मा, मसीहानी, रामगड़, कउवल, मानदेया सहित विभिन्न आखाड़े के लोगों ने भाग लिया।

## टीएसपीसी संगठन का एक और समर्थक गिरफ्तार भेजा गया न्यायिक हिरासत में

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास के नेतृत्व में रविवार को एक और टीएसपीसी नक्सली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार नवा थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडा गांव में ईट भट्ठा में नक्सलियों द्वारा पांच ट्रैक्टर में आग लगा देने के बाद पलामू पुलिस नक्सलियों की खोजबीन में लगातार छापामारी अभियान चला रही थी। इसी बीच शनिवार को नक्सली कमांडर सहित चार टीएसपीसी नक्सलियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इसके बाद भी नक्सलियों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच रविवार को एक और सीएसबीसी नक्सली संगठन का एक सक्रिय सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया और उसे जेल भेज दिया है। पकड़ा गया नक्सली नावा जयपुर पाटन थाना निवासी फिरोज खान के रूप में पहचान की गई है।

# रामनवमी त्यौहार को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में शान्ति समिति की हुई बैठक

### अश्लील हरकत करने वाले पर होगी कानुनी करवाई : एसडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** रामनवमी त्यौहार को लेकर रविवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में शान्ति समिति की हुई बैठक यह बैठक की अध्यक्षता हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण की अध्यक्षता में हुई जबकि मंच संचालन संयुक्त रूप थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने किया मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने कहा कि रामनवमी त्यौहार शान्ति पूर्ण तरीके से मनाएं और आस्था के महान पर्व पर अश्लील हरकतें एवं भड़काऊ भाषण एवं गाना नहीं बजाएं उन्होंने कहा कि किसी तरह को प्रशासनिक मदद की आवश्यकता होगी तो प्रशासन हर संभव प्रयास करने मदद करेगी उन्होंने उपस्थित प्रबुद्ध नागरिक ने पर्व सौहार्द पूर्वक मनाने को आश्वासन दिया वहीं हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुंज प्रकाश ने कहा कि रामनवमी हर्षोल्लास से साथ मिलकर जुलकर मनाएं और आस्था के महान पर्व पर अश्लील गाने का प्रयोग ना करे नहीं पकड़े जाने पर चिन्हित कर कानुनी करवाई की जाएगी मौके पर हुसैनाबाद अंचलाधिकारी नन्द कुमार राम नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार उपाध्याय ज्ञयासुदीन सिद्धिकी अधिवक्ता चन्द्रेश्वर प्रसाद उर्फ ललता लाल पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन पासवान एस आई विनोद कुमार राम शिवकुमार शैलेन्द्र कुमार सिंह सीता राम सिंह सौरभ कुमार रविरंजन सिंह रामबालक सोरेन एसके मरांडी चार धाम अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता महावीरी अखाड़ा अध्यक्ष दिनेश कश्यप लोकनाथ केसरी राजद नेता राज अलि मुखिया संघ अध्यक्ष श्रवण कुमार राम वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल मो नाजिर खान अर्जुन प्रसाद साव सुहैल अहमद तकिरिजबी हुसैन डॉ नादिर घूरा प्रसाद पाल मुखिया नरेश कुमार पासवान अमरेन्द्र ठाकुर विनोद कुमार सिंह उर्फ लाल बाबू अमिन खान सहित समस्त चौकिदार लोग मौजूद थे

# शांति समिति की बैठक में दोनों समुदायों से अमन व भाईचारे की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** थाना परिसर में रविवार को रामनवमी पर्व और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसडीपीओ अजय कुमार व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने की। इस दौरान जुलूस, शोभायात्रा आदि कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। हरिहरगंज मेन बाजार रामनवमी पूजा कमेटी अध्यक्ष सन्नी गुप्ता ने तय कार्यक्रमों के प्रारूप की जानकारी दी। उन्होंने रामनवमी के एक दिन पहले बाइक जुलूस निर्धारित रूट से निकलने की जानकारी दी। साथ ही सभी प्रशासनिक निर्देशों का अनुपालन करने की वचनबद्धता व्यक्त की। वहीं जुलूस के दौरान सड़क पर साफ सफाई की व्यवस्था रखने का अनुरोध किया गया। पूजा कमेटी को जुलूस के दौरान डीजे का इस्तेमाल नहीं करने का अधिकारियों ने सरकारी निर्देशों से अवगत कराया। वहीं छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार ने शांति भाईचारा व विधि-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बैठक में उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों से सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर बीडीओ जयप्रकाश नारायण सीओ बासुदेव राय पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास एसआई अनूप कुमार निरंजन कुमार धूमा किस्कू रामेश्वर तिवारी डॉ0 तौहीद अहमद के अलावे भोला गुप्ता सनी गुप्ता दिनेश प्रसाद सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा, एनसीपी जिला सचिव अजय कुमार सिंह, मुन्ना विश्वकर्मा, ओमप्रकाश अकेला, अतहर हुसैन, राजेश राम, लक्ष्मी विश्वकर्मा, महादेव यादव उदय सिंह, उमेश साव, अनिल पासवान, इरफान शाहिद, अशोक जायसवाल, अरविंद पासवान, कमलेश यादव, इफ्तिखार नूरी, चंदन जायसवाल, बलू बलराम, रामजी पासवान, शमशाद अंसारी, जेपी गुप्ता, अमित सिंह, सतेंद्र भुइयां, राजकुमार गौतम, मुस्लिम अंसारी,महताब शाहिल, गुप्ता पासवान, गणेश शौंडिक, दिलीप स्वर्णकार, एहतेशाम, इसरार, मनोज मेहता, बिरेन्द्र सिंह, इशरार आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

## योगीबीर बाबा मंदिर रेहला में बह रही भक्ति की हवा : ज्वाला गुप्ता



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** पलामू जिला के रेहला नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा रोड जंक्शन के समीप सिद्ध पीठ योगीबीर बाबा मंदिर परिसर में भक्ति की बयार बह रही है ।यह उक्त बातें श्रीरामचरितमानस नवाह्न महायज्ञ महायज्ञ कमिटी के उपाध्यक्ष ज्वाला गुप्ता ने कहा। ज्वाला गुप्ता ने बताया इस महायज्ञ में प्रतिदिन संध्या 7:00 बजे से वाराणसी काशी से पधारे श्री श्री 1008 श्री मारुति किंकर जी महाराज के द्वारा भक्ति में प्रवचन कहीं जा रही है जिसमें आसपास के लोग हजारों की संख्या में आकर कथा का श्रवण कर रहे हैं यहां बताते चलें 21 मार्च से शुरू कलश यात्रा के बाद 30 मार्च तक चलने वाला यह जग आसपास के क्षेत्रों में ख्याती प्राप्त कर रही है कमेटी के दर्जनों लोग प्रतिदिन मंदिर में आ रहे दूरदराज से लोगों को सेवा के लिए हमेशा तत्पर हैं । यज्ञाचार्य पंडित वृंदावन पाठक के द्वारा एक एक भक्तों पर नजर रखी जा रही है ताकि प्रसाद पाकर ही यज्ञ स्थल से जाएं कमेटी के उपाध्यक्ष ज्वाला गुप्ता ने बताया 30 मार्च को यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ भंडारा एवं महाप्रसाद खिलाकर यज्ञ की समाप्ति की जाएगी ज्वाला गुप्ता ने आसपास के गांव से यज्ञ में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील किया है यज्ञ में भाग लेकर लोग पुण्य के भागी बने

## संक्षिप्त खबरें

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया

**रांची।** पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 78 निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। 79 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपनी स्वर्ग धर्म पत्नी शैला सर्राफ की स्मृति में संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री पुर्णमल सर्राफ और उनके परिवार के सौजन्य से की गई। रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी सामाजिक संस्था है।

### रांचीः सड़क किनारे महिला का प्रसव

**रांची :** शहर के पुंदाग ओपी के जोहार नगर में रविवार सुबह करीब 7.30 बजे कचरा चुनने निकली महिला ने सड़क किनारे बच्चे को जन्म दिया। आसपास के लोगों ने महिला को प्रसव पीड़ा में देखकर मानवता दिखायी और महिलाओं ने सड़क किनारे ही महिला की डिलीवरी करायी। जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। प्रसव के बाद पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर जच्चा-बच्चा को सदर अस्पताल भेजा। स्थानीय महिलाओं के अनुसार महिला बिरसा चौक की रहने वाली है। वह पुंदाग ओपी क्षेत्र में कचरा चुनने गयी थी। तभी उसे प्रसव पीडा होने लगी। इसके बाद महिला ने मदद के लिए आवाज लगाई। आवाज सुनकर आसपास की महिलाएं आई और प्रसूता को थोडी दूर लेकर गयी। महिलाओं ने साडी से घेरकर सडक किनारे महिला की सुरक्षित डिलीवरी करायी।

# विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय नाट्य महोत्सव आज से

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर रांची के इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र ऑड्रे हाउस में 27 से 29 मार्च 2023 तक तीन दिवसीय दसवां छोटानागपुर राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव कांति कृष्ण सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन युवा नाट्य संगीत अकादमी के द्वारा आयोजित की गई है। इस मौके पर कुल सात नाटकों का मंचन संध्या 6=30 बजे से प्रत्येक दिन दो नाटकों का मंचन होगा। मुख्य रूप से भागलपुर और जमशेदपुर के नाट्य मंडली आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रथम दिन युवा नाटक संगीत अकादमी के बैनर तले भिखारी ठाकुर का प्रसिद्ध नाटक विदेशिया जिसका निर्देशन विनोद जयसवाल ने किया है का मंचन किया जाएगा। इसके बाद अंतोन



चेखव का गीरगीट जेएफटीए के बैनर तले राजीव सिन्हा के निर्देशन में संपन्न होगा। इसके अलावा ताल जमशेदपुर द्वारा भेड़िए ,लेखक भुनेश्वर ,निर्देशक हैं विजय कुमार शर्मा, कथा एक अगोचर की जिसके लेखक हैं रौशन सौरव शर्मा , निर्देशक आयुषी भद्रा नाट्यालय द्वारा मंचित होगा। रंग दर्पण के बैनर तले तुमने क्यों कहा था कि मैं खूबसूरत हूं अख्तर अली के लिखे हुए इस नाटक का निर्देशन पत्रकार अशोक गोप ने किया है। भागलपुर रंग ग्राम जन सांस्कृतिक केंद्र द्वारा हबीब तनवीर लिखित पोंगा पंडित जिसका निर्देशन कपिल देव रंग ने किया है। वहीं अंतिम दिन वसुंधरा आर्ट के बैनर तले परीक्षा नाटक का मंचन होगा जिसके लेखक हैं दीपक चौधरी और निर्देशन किया है निरंजन मिश्र ने।

पत्रकारों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ रंगकर्मी कमल बोस, रीना साहय, विनोद जयसवाल, ऋषिकांस्कार, कामिनी तांबेकार, जयदीप सहाय और बजरंग शर्मा आदि उपस्थित थे।

## वार्ड 49 में पीसीसी सड़क का शिलान्यास हुआ

**रांची।** वार्ड संख्या 49 के लोकप्रिय पार्षद जमीला खातून के द्वारा मनीटोला में एक साथ चार पीसीसी सड़को का शिलान्यास किया गया। वार्ड 49 में ऐसी लगातार सराहनीय कार्य किए जा रहे है, वार्ड 49 का सभी क्षेत्र के सड़क नाली के निर्माण से वार्ड 49 को आदर्श वार्ड का दर्जा लोगो द्वारा दिया जा चुका है, जो सड़क नाली इस क्षेत्र में बचे हुए है उन सड़को को भी जल्द से जल्द निर्माण कराया जा सके इसके लिए पार्षद महोदया निरंतर प्रयासरत है।चारों सड़क के शिलान्यास स्थल पर आकिब अख्तर हाजी मोहम्मद अली, इमाम अख्तर, मोहम्मद अकील, मोहम्मद जमाल, मोहम्मद शहजाद, शाहिद आलम, मरगूब आलम, मुस्ताक आलम, मोहम्मद शमीम, मोहम्मद शफीक मंजर, नूरुल इरफान आदि अन्य वार्ड 49 के काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कोई महीना नहीं कर सकता रमजान का मुकाबला : मौलाना तहजीबुल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** रमजान की खूबियां इतनी हैं कि इस महीने का मुकाबला कोई और महीना नहीं कर सकता। उक्त बातें मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी, इमाम व खतीब मस्जिद जाफरिया रांची ने कही। उन्होंने कहा कि अगर आपको पता हो कि रमजान के महीने में क्या-क्या फायदे और बरकते हैं तो वह शख्स साल भर रमजान के महीने की दुआ करेगा। रमजान का महीना परहेज़गारी पर आधारित है। जिस घर की नींव कमजोर होती है वह घर कमजोर हो जाता है। जो मुसलमान रमजान के महत्व को नहीं जानता वह कमजोर है। अल्लाह ने तीन अशरा पर रमजान को तय किया है। पहला अशरा रहमत का। अल्लाह ने पहले दस दिनों को रहमत का बनाया। ताकि तुम अपने हिसाब से अल्लाह की रहमत को अपनी झोली में भर सको। नबी करीम सल. ने फ़रमाया ऐ लोगो अपनी जिंदगी के हर पल दुआ किया करो कि रमज़ान आने से पहले अगर तुम्हारी मौत लिख दी गई है तो अल्लाह से दुआ करो कि तुम्हारी मौत रमज़ान के महीने में हो।

## पोक्सो एक्ट के कैदी का रिम्स में इलाज के दौरान मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** खूंटी का रहने वाला और पोक्सो एक्ट के विचाराधीन कैदी अमित बारला की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। करीब 3 महीने से रिम्स में इलाज किया जा रहा था। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में तबीयत खराब होने के बाद बीते 27 दिसंबर 2022 को कारा चिकित्सकों की अनुशंसा पर इलाज के लिए उसे रिम्स लाया गया था। अमित खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के कोडाकेल गांव का रहने वाला था।पोक्सो एक्ट 117/2021, धुर्वा थाना में केस संख्या-105/2021, स/376/34 ढ्ढक्क × 08/12 के तहत बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद था। जेल अधीक्षक ने रिम्स के अधीक्षक को पत्र लिख पूरे पोस्टमार्टम प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने का आग्रह किया है।

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत का दर्शन है प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम : दीपक प्रकाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश भाजपा के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने रविवार को प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 99वें संस्करण को सुना। प्रदेश भाजपा ने कार्यक्रम का बूथ स्तर पर आयोजन किया था, जिसमें प्रदेश के नेता भी शामिल हुए। रांची विधानसभा क्षेत्र के सुखदेवनगर मंडल स्थित बूथ संख्या 121 पर भाजपा अध्यक्ष अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में पूरा भारत समाया हुआ रहता है। यह कार्यक्रम एक भारत-श्रेष्ठ भारत का दर्शन कराता है। उन्होंने कहा कि मन



की बात में भारत की सांस्कृतिक विरासत के साथ बढ़ते भारत और बदलते भारत की स्पष्ट छवि दिखाई पड़ती है। मोदी ने अंगदान की चर्चा में झारखंड की सराहना की, जो राज्य के लिए गौरव की बात है। कांके विधानसभा क्षेत्र के गोंदा मंडल स्थित बूथ संख्या 349 पर मन की बात कार्यक्रम में शामिल होते हुए नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह कार्यक्रम देश के जन मन को आत्मगौरव और स्वाभिमान से भर देता है। उन्होंने कहा कि 100वें संस्करण के कार्यक्रम को भाजपा के कार्यकर्ता ऐतिहासिक बनाएंगे। चुटिया मंडल के बूथ संख्या 370 पर मन की बात सुनते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम केवल सुनने की बात नहीं, बल्कि गौरवशाली भारत का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसमें भारत के लोगों की गौरव गाथाएं समाहित हैं। यह कार्यक्रम सभी पीढ़ियों को देश की मिट्टी से जोड़ता है।

## ऑटो चालक के साथ मारपीट, शिकायत दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** चुटिया थाना में आटो को छतीग्रस्त करने और चालक के साथ मारपीट एंव गाली गलौज करने के सम्बंध में लिखित शिकायत दर्ज की गई है। जिसमें कहा गया है कि सुधिर कुमार रातु का रहने वाला हूँ 26 मार्च को समय सुबह 8 बजे सिरम टोली चौक के निकट बबन नामक आटो चालक जिसका आरो नम्बर है जेएचळ्ढीवाई- 3614 है जो कर्बला चौक निवासी मारपीट कर आटो छतीग्रस्त कर दिया गया। छान बीन जाँच पडताल कार दोषी व्यक्तियो के साथ उचित कानुनी कार्यवाही की की मांग की है। वहीं ऑटो डीजल संघ के दिनेश सोनी ने कहा कि हम लोगों ने थाना में लिखकर दे दिया है पुलिस अपने स्तर से कार्रवाई करेगी।

## सत्याग्रह के जरिए राहुल गांधी की आवाज को अंजाम तक पहुंचाएंगेः राजेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने के विरोध में झारखंड कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता राजधानी रांची सहित विभिन्न जिलों में आंदोलन कर रहे हैं। मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में संकल्प सत्याग्रह किया गया। इससे पहले कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बापू वाटिका में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चरणों पर पुष्प अर्पित किया और राहुल




गांधी के मिशन को आगे बढ़ाने और उन्हें न्याय दिलाने का संकल्प लिया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमलोग महात्मा गांधी के बताए रास्ते का पालन करते हुए सत्याग्रह कर रहे हैं। एक लंबी लडाई है, जिसे लडने के लिए आज हम धरना पर बैठे हुए हैं। हमारा प्रयास होगा कि राहुल गांधी ने अडाणी के खिलाफ जो आवाज उठाई है, उसे अंजाम तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जिस तरह की कार्रवाई राहुल गांधी पर की गयी है। इससे तो लगता है कि देश में लोकतंत्र खतरे में है। इस लोकतंत्र को बचना हमारी जिम्मेदारी है। बाबा साहेब ने जो संविधान देश को दिया, उसे कुचलने का काम किया जा रहा है। आज हम गांधी जी के चरणों में बैठेंगे। पूरे दिन धरना देंगे। हम तय करेंगे कि जिस लडाई को राहुल गांधी ने शुरू किया है, उसे कैसे अंजाम तक पहुंचाया जाए।

## कोल इंडिया मैराथन में 5500 से अधिक धावकों ने लिया हिस्सा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बिरसा मुण्डा स्टेडियम, मोराबादी, रांची में कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सीसीएल द्वारा अविस्मरणीय एवं ऐतिहासिक 'कोल इंडिया मैराथन' का सफलतापूवर्क आयोजन किया गया। इस मैराथन में झारखंड राज्य सहित देश भर से 5500 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। मैराथन में भारतीय सेना के स्ट्राइकर ब्रिगेड के 250 से अधिक जवानों ने भी इस दौड़ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए पद्मश्री साईनी विल्सन, पद्मश्री एथलेटिक, ज्योतीमयी सांदगी, पद्मश्री, पर्वतारोही, प्रेमलता अग्रवाल, माननीय सांसद, राज्य सभा आदित्य साहू, माननीय विधायक, कांके, समरी लाल, कोल इंडिया अध्यक्ष, प्रमोद अग्रवाल, प्रिंसिपल सचिव, झारखंड सरकार, कमल किशोर भगत, आईएस अराधना पटनायक, आईएएस, अबु बकर सिद्दिकी, निदेशक, कोल इंडिया, विनय रंजन, सीएमडी, सीसीएल, पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, सीएमपीडीआई, मनोज कुमार, कोल इंडिया की प्रथम महिला, विजय अग्रवाल, अर्पिता महिला क्लब की अध्यक्षा, बिमला प्रसाद, उपाध्यक्षा, इंदु मिश्र, निदेशक तकनीकी, रामबाबू प्रसाद, निदेशक , हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक, बी. साईराम, निदेशक पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ, सीसीएल, पंकज कुमार, पूर्व सीएमडी, गोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। कोल इंडिया मैराथन का शुभारंभ, कोल इंडिया अध्यक्ष, प्रमोद अग्रवाल, प्रधान सचिव कमल किशोर भगत, आईएस अराधना पटनायक, सीएमडी, पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी , रामबाबू प्रसाद, निदेशक , हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक , बी. साईराम, निदेशक पवन कुमार मिश्रा एवं अन्य गणमान्य ने हरि झण्डी दिखाकर किया। मैराथन सुबह 4:30 बजे बिरसा मुण्डा स्टेडियम, मोराबादी से शुरू होकर कांके रोड होते हुये पुनः मोराबादी में संम्पन्न हुआ। कोल इंडिया द्वारा इस प्रतियोगिता में 29 लाख रुपए से अधिक की राशि पुरस्कार स्वरूप दिया गया। यह मैराथन महिलाओं और पुरुषों की चार श्रेणियों में आयोजित किया गया।

## रिम्स में गवर्निंग बॉडी की बैठक में कई प्रशासनिक प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के स्वास्थ्य मेंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में रविवार को रिम्स में गवर्निंग बॉडी की बैठक हुई। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके अलावा मरीजों को अच्छी क्वालिटी के बेडशीट और कंबल उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। डॉक्टरों को प्रमोशन अब उनके रिसर्च के आधार पर मिलेगा, जिसमें तय समय सीमा में रिसर्च करने वाले डॉक्टरों को प्रमोशन दिया जाएगा। इसके अलावा हॉस्पिटल में मैनपावर की बढ़ोतरी होगी, जिससे कि इलाज को आने वाले मरीजों को बेहतर सर्विस मिल सकेगी।

रिम्स अंतर्गत सुपर स्पेशियलिटि भवन के विस्तार, मातृ एवं शिशु अस्पताल, रिम्स के ओपीडी, आईपीडी ब्लॉक का भवन निर्माण के लिए डीपीआर पर विचार करने के बाद प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। रिम्स रॉची अंतर्गत भवन निर्माण विभाग 27 प्राक्कलन, विद्युत विभाग 25 एवं पेयजल विभाग 37 प्राक्कलन कुल 89 प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के अन्य निर्णय

### हटिया-पुणे ट्रेन आज प्रभावित रहेंगी

**रांची :** मध्य रेलवे के अंतर्गत चितली एवं पुनतांबा में नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कारण ट्रेन संख्या 22846 हटिया-पुणे एक्सप्रेस ट्रेन 27 मार्च को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग नागपुर, बल्हारशाह, सिकंदराबाद, वाडी, दौंड, पुणे होकर चलेगी। वहीं ट्रेन संख्या 22845 पुणे-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 29 मार्च को अपने निर्धारित प्रस्थान समय सुबह 10.45 बजे के स्थान पर सात घंटे 10 मिनट विलंब से शाम 5.55 बजे पुणे से प्रस्थान करेगी।

## रांची : कांग्रेस पार्टी के सभी सांसद व विधायक से अपील, इस्तीफा दें : इरफान अंसारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकतंत्र का गला घोटने की केंद्र सरकार की गलत नीति के खिलाफ कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित धरना देकर सत्याग्रह आंदोलन में भाग लेने जामताड़ा विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी जामताड़ा के एसडीओ कोर्ट समीप पहुंचे। मौके पर विधायक जी काफी देर धरने पर बैठकर मोदी तानाशाही के खिलाफ जमकर बोले और कहा पूरे देश में अब लोकतंत्र मर चुका है और ब्रिटिश राज चल रहा है। मैं अपने पार्टी के सभी विधायकों और सांसदों से अपील करूंगा कि वह



इस्तीफा दे दें ताकि मोदी जी अकेले पार्लियामेंट चला सके। सबसे पहला इस्तीफा देने का काम मैं करूंगा। आगे विधायक जी ने कहा की आज इस मोदी सरकार में जो कोई भी अदानी अंबानी के खिलाफ बोलेगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। राहुल गांधी जी को सिर्फ बोलने की कीमत चुकानी पड़ी और आनन-फानन में उनकी सदस्यता ले ली गई। कांग्रेस पार्टी ने भी 60 साल देश में शासन करने का काम किया परंतु कभी भी बदले की भावना से राजनीति नहीं की वरना आज देश में नरेंद्र मोदी और अमित शाह का नामोनिशान नहीं होता। राहुल गांधी जी की पदयात्रा से यह लोग घबरा गए हैं। इन्हें डर सता रहा कि कहीं इनकी सत्ता ना छीन जाए। परंतु मैं कहना चाहता हूं कि पूरा देश इस प्रकरण से आहत है और आने वाले 2024 में भाजपा को उसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।

## एनटीपीसी त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खदानों की तीसरी त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक मार्च 2023 को कोयला खनन मुख्यालय (सीएमएचक्यू), रांची में आयोजित की गई। इस बैठक के लिए अखिलेश कुमार, कर्मकार निरीक्षक (पकरी बरवाडीह कोयला खदान) को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। उज्जवल ताह, उप महानिदेशक (दक्षिण पूर्वी क्षेत्र), रांची सहित अन्य वरिष्ठ डीजीएमएस अधिकारी उपस्थित थे। पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी




निदेशक (कोयला खनन), शिवम श्रीवास्तव, निदेशक मनोनीत (ईंधन) और बीयूएच पकरी बरवाडीह परियोजनाओं के प्रमुख बादाम, दुलंगा और तलाईपल्ली खानों के साथ; सीएमएचक्यू के विभागों के प्रमुख; खान एजेंट, सुरक्षा अधिकारी, कामगार निरीक्षक और सभी खानों की महिला संचालक; और सभी खान विकासकर्ताओं-सह-संचालकों के प्रतिनिधि, सभी खदानों के सह-संचालक भी उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत कोयला खनन में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देकर की गई। पार्थ मजूमदार ने अपने स्वागत भाषण में एनटीपीसी कोयला खनन टीम को डीजीएमएस द्वारा दिए गए मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। अब तक एनटीपीसी ने इस वित्तीय वर्ष में 22.39 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है, जो पिछले वर्ष इसी वधि के 13.68 मिलियन टन कोयले के उत्पादन की तुलना में 64 प्रतिशत अधिक है. फोरम को एक सुरक्षित कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी द्वारा किए गए प्रयासों और पहलों के बारे में बताया गया, जिसके बाद एक खुला सत्र आयोजित किया गया, जिसमें इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल पर्यवेक्षकों, महिला ऑपरेटरों, शावेल ऑपरेटरों, डम्पर ऑपरेटरों की स्वस्थ भागीदारी देखी गई। महिला संचालकों ने कार्यस्थल की सुरक्षा और उनके लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं की सराहना की।



यह नजारा राजधानी रांची के मेन रोड स्थित ओवर ब्रिज का है। छाया : नसीम

## जंगली हाथियों ने कई किसानों को किया बर्बाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो वन क्षेत्र के मासु गाँव में शनिवार की रात लगभग 11.30 बजे 2 विशाल काय जंगली हाथी जंगल से निकलकर गांव की तरफ आकर खेतों में लगी कई किसानों के फसल को रौंदकर व खाकर बर्बाद कर दिया। जिसमें किसान आनन्द उरांव के लगे बीन, मिर्चा ,गेहूं, प्याज, किसान संजय उरांव, मंगरा उरांव, बंदी उरांव, बंधना टाना भगत, नंदु भगत, लेला उरांव, सुखदेव भगत, भरत महतो, मोहन महतो के खेत में तैयार गेहू की फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। किसान संजय उरांव का कहना है कि ग्रामीण हाथियों के आतंक से हर दिन परेशान और डर के मारे भयभीत हैं। लेकिन प्रशासन और वन विभाग इनकी सुधि नहीं ले रहा है।





हाथी गाँव के पास जंगलों में ही डेरा डालता है और शाम होते हि निकल कर खेतों में लगे फसल को बर्बाद कर रहा है। वहीं गाँव के किसानों का कहना है कि वन विभाग से मदद नहीं मिल रहा है। हाथी को भगाने के लिए ट्रॉच, मशाल, फटेका, तेल का व्यवस्था नहीं है। ऐसे में कैसे हाथी को भगाने का हिम्मत करेंगे। इधर किसानों ने जंगली हाथी द्वारा बर्बाद फसलों के लिए सरकार से मुआवजे की मांग की है।

## चंदवारा में भारतीय लोक सहकार महासंघ का जिला सम्मेलन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चंदवारा :** कॉपरेटिव आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सांस्कृतिक भवन चन्दवारा में भारतीय लोक सहकार महासंघ के बैनर तले जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता चन्दवारा के सामाजिक कार्यकर्ता संजय रंजन ने किया. सम्मेलन के मुख्य अतिथि भारतीय लोक सहकार महासंघ और भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते जैनेन्द्र कुमार तथागत ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सोवियत संघ में बोल्शेविक क्रांति के बाद वहां के संविधान में पूंजी और श्रम के बीच की दूरी को खत्म किया गया. सहकारी खेती और सहकारी उद्योग पर जोर दिया. जिसमें सभी को बराबर की हिस्सेदारी होगी. इसी से प्रेरित होकर बाबा साहेब अम्बेडकर ने भी भारतीय संविधान में सहकारी आंदोलन की भी चर्चा किया. आज भारत सरकार ने नया सहकारिता मन्त्रालय बनाया है. झारखंड में सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ाना है और कृषि, डेयरी, पशुपालन, ढिबरा उद्योग के क्षेत्र में सामुहिक रूप से काम करने के लिए हर स्तर पर कॉपरेटिव समिति बनाना होगा और सबसे कमजोर वर्ग अनुसूचित जाति और जनजाति तथा महिलाओं को बड़े पैमाने पर जोड़ना होगा. ताकि इस समाज का आर्थिक और सामाजिक विकास किया जा सके. इसके लिए राज्य भर में लोक सहकार महासंघ को मजबूत करना होगा और योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार से भी लड़ना होगा. सम्मेलन को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव असीम सरकार, पीपुल्स कॉपरेटिव फेडरेशन के सुधान्शु शेखर (रांची) राजकुमार दास व शम्भु दास (हजारीबाग), भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ बिहार के अध्यक्ष भंते धम्म बोधी, रविदास महासभा के बिनोद राम आदि ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया.

## शिव मंदिर निर्माण समिति का गठन

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीसा पंचायत में शिव मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया । इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष दिलीप पाहन सचिव संजय लोहरा कोषाध्यक्ष कपिल बड़ाईक कमेटी का विस्तार अगले बैठक में होगा यह जानकारी बीसा उप मुखिया संजय भोगता ने दिया । इस मौके पर विजय उराँव रमेश मुंडा विनोद पाहन शालिग्राम बड़ाईक गणेश मुंडा गोंदा लोहरा विनोद पाहन दशरथ मुण्डा आदि उपस्थित थे ।

## मां दुर्गा का पांचवां स्वरूप मां स्कंदमाता की हुई आराधना

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को करकट्टा देवी मंडप में माता दुर्गा का पांचवां स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा अर्चना हुई। नवरात्रि चंडी पाठ ब्राह्मणों द्वारा की जा रही है। यज्ञमंडप में प्रतिदिन की तरह प्रातः काल मे पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रों द्वारा पूजा करने के उपरांत सप्तसती पाठ, आरती एवं पुष्पांजलि किया गया। शायन काल में आरती, पुष्पांजलि इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। यगाचार्य नरेंद्र पाठक ने बताया कि सोमवार को कात्यायनी मां की पूजा होगी। वहीं सायंकाल 5 बजे के बाद विलवा आमंत्रण की विशेष अनुष्ठान किया जाएगा।

## उत्तरी कर्णपुरा श्रमिक महाविद्यालय डकरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत बच्चों को पढ़ाया गया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्तरी कर्णपुरा श्रमिक महाविद्यालय डकरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयंसेवकों द्वारा गोद लिए गए लपरा पंचायत अंतर्गत राजीव नगर कॉलोनी के छोटे बच्चों को पढ़ाया गया.यह कार्यक्रम गांव टोला में बच्चों में बढ़ रहे अशिक्षा को जागृत करने का कार्य के लिये किया जा रहा.कार्यक्रम प्रत्येक रविवार को अगले छः महिने तक चलेगा. 25स्वयंसेवकों का समूह हर रविवार को गोद लिए हुए गांव में बच्चों को पढ़ाने का कार्य करेंगे.

## भव्य बाइक शोभा यात्रा निकाला गया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद सह बजरंगदल खलारी के द्वारा हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी खलारी पहाड़ी मंदिर से रामजन्म महोत्सव के शुभ अवसर पर भव्य बाइक शोभा यात्रा निकाला गया. जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष शशिकांत सिंह ने किया. पूरे शोभा यात्रा को संचालन जिला संयोजक बजरंगदल बिनोद विश्वकर्मा ने किया. यात्रा शुभारंभ से पूर्व मंदिर जाकर सभी अभिभावकों सहिंत संगठन के सभी पदाधिकारीगण पूजा अर्चन कर भगवान का आशीर्वाद लेकर सभी बजरंगियों को तिलक लगाकर शोभा यात्रा में आए अतिथियों को भगवा गमछा देकर समानित किया गया. इस शोभायात्रा में विश्व हिंदू परिषद राँची जिला मंत्री रॉबिन कुमार महतो जी उपस्थित थे. शोभायात्रा में क्षेत्र में जय श्री राम के नारो से गूंज उठा सभी बजरंगी काफी उत्साह में दिखे विभिन्न पंचायतों से लगभग 400बाइक के साथ वीर बजरंगी आए हुए थे. शोभा यात्रा पहाड़ी मंदिर से बजार टांड़ से राम जानकी मंदिर होते हुए के0डी0 हिंदू गढ़ी चौक होते डकरा मार्केट पहुंचा.तथा राय शिव मंदिर में समापन हुआ. मौके पर समाज सेवी सुशील अग्रवाल,राजा सिंह,बिट्टू सिंह,रंजीत सिंह आनन्द सिन्ह कृष्णा चौहान,अशरफी राम,कार्तिक पांडे, विकास दुबे,अमित लोहरा, सत्यम सिन्ह, रोनित सिंह, मयंक कुमार,प्रखण्ड मंत्री सतीश चौहान ,प्रखण्ड उपाध्यक्ष नितेश तिवारी, सह मंत्री विक्की राम, पूर्व संयोजक दीपक वर्मा, संपर्क प्रमुख दीपक तूरी, सेवा प्रमुख अभय सिन्हा, धर्म प्रसार प्रमुख बीटू कुमार, अजय विश्वकर्मा, विकास यादव जी चिंटू अजय सिंह, दीपक रोहित गोलू कुमार तूरी, राजू गुप्ता, बॉबी सोनी, पारस चौहान विक्की, शंकर चौहान, रवि, बबलू जी राहुल चौहान, भोलू पासवान सहित अन्य उपस्थित थे.



## भगवान हनुमान जल्द प्रसन्न होने वाले देवता हैं : प्रवचनकर्ता सुनीता पांडेय

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** करकट्टा बस्ती देवी मंडप में आयोजित शतचंडी यज्ञ में शनिवार रात प्रवचनकर्ता सुनीता पांडेय ने सुंदरकांड के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में सुंदरकांड पाठ करने व सुनने का विशेष महत्व होता है. बताया कि सुंदरकांड में भगवान हनुमान के बारे में विस्तार से बताया गया है. जो भी व्यक्ति नियमित अंतराल में सुंदरकांड का पाठ करता है या सुनता है उसे प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त होता है.भगवान हनुमान जल्द प्रसन्न होने वाले देवता हैं. ये बल, बुद्धि और कृपा प्रदान करने वाले माने जाते हैं.कहा कि सुंदरकांड का पाठ करने से व्यक्ति के जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आते हैं, उसकी एकाग्रता व आत्मविश्वास में वृद्धि होती है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है. इधर करकट्टा देवी मंडप में प्रातः दैनिक योग का अभ्यास कराया गया.योगाचार्य अनिल तिवारी ने लोगों को ध्यान कराया.उसके बाद दैनिक योग का अभ्यास करवाया. तिवारी ने कुछ बीमारियों से बचाव के लिए विशेष योग करवाया। अंत मे एक्यूप्रेशर के कुछ प्वाइंट की जानकारी दी.



## यूंका ने किया यंग इंडिया के बोल सीजन 3 का विमोचन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला के डाक बंगला में युवा कांग्रेस द्वारा एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया था जिसमे यंग इंडिया के बोल सीजन-3 प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट हैं जिसके तहत आम और सामान्य पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता हैं। और बताया की जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति का आक्रमण कर रही हैं उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही हैं। आम और सामान्य परिवार के युवाओं को राजनीति से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य हैं। पिछले दो सीजन की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब हम तीसरा सीजन शुरू कर रहे हैं। आज देश महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री, चीनी घुसपैठ, किसान समस्या, गिरती हुई अर्थव्यवस्था जैसे कई अन्य ज्वलंत मुद्दे हैं किंतु भाजपा सरकार इन असल मुद्दो से देश का ध्यान भ्रमित करने के लिए निरर्थक व उन्मादी मुद्दो को हवा देने का काम करती हैं ऐसे में इस प्रतियोगिता का सीजन - 3 भी देश के युवाओं की मुखर आवाज़ बनने का काम करेगा। विमोचन समारोह में राष्ट्रीय प्रवक्ता युवराज सिंह यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी जिला प्रभारी निशा भगत, खूंटी जिला सह प्रभारी मोहम्मद शादाब खान, खूंटी जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा , प्रदेश उपाध्यक्ष कृतिका त्रिपाठी, प्रदेश प्रवक्ता शशिकांत, प्रदेश महासचिव पिया बर्मन, प्रदेश महासचिव प्रियंका सिसोदिया , खूंटी विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान खान, नगर महासचिव मोहम्मद शकील, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष अनमोल धान, एंजिला कुजूर, बहलेन, बहा मुंडा , दशरथ, सरफराज अंसारी, निकोदिन, राजू मुंडा,समेत अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कांग्रेस का संकल्प सत्याग्रह आयोजित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोडरमा :** कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस निर्देशानुसार कोडरमा जिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान के द्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध में संकल्प सत्याग्रह आयोजित की गई। झुमरी तिलैया स्थित खादी ग्रामोद्योग गांधी आश्रम पर जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान की अध्यक्षता में प्रातः 10ः00 बजे से संध्या 5ः00 तक कांग्रेस जनों ने महात्मा गांधी की मूर्ति के समक्ष संकल्प सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया। कांग्रेस जनों ने सर्वप्रथम महात्मा गांधी के मूर्ति पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात रघुपति राघव राजा राम के गीत के साथ संकल्प सत्याग्रह कार्यक्रम सफल किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे बरही से विधायक उमाशंकर यादव अकेला ने उपस्थित होकर कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है ।यह राहुल गांधी के सदस्यता रद्द करने की बात नहीं है देशवासी के बोलने के मौलिक अधिकार पर भी मोदी सरकार की हिटलर शाही हावी हो रही है। जिलाध्यक्ष पासवान ने विश्वास जताया कि राहुल गांधी के लिए जिला के हर कांग्रेसी सदैव हर आंदोलन में तत्पर रहेंगे। मौके पर प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, प्रदेश सचिव नारायण वर्णवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस नेता लक्ष्मण यादव ने कहा कि हम राहुल गांधी के शब्द,ना डर है ना डरेंगे हम लड़े थे हम लड़ेंगे, का समर्थन करते हैं। संकल्प सत्याग्रह कार्यक्रम में तुलसी मोदी,मिसबाहुद्दीन, विजय सिंह, केदार राणा, प्रभात राम,अनंत मेहता प्रमोद बरनवाल, राजू सिंह,राम लखन पासवान, सईद नसीम,अशोक सिंह, राजकुमार यादव,प्रदीप सिंह, संजय शर्मा,अनवारूल हक,उपेंद्र सिंह, अर्चना सिंह, प्रिया सिंह, रामप्रसाद यादव, मुंशी यादव,प्रदीप सिंह, नवनीत ओझा, गणेश स्वर्णकार,संजय कुमार सेठ,आशीष पांडे, सोनू वारसी, संगीता कुमारी, शारदा देवी, आशा देवी,मंसूर अली, उमेश शाह,संतोष कुमार, अजय कुमार शर्मा,मिथुन कुमार सिंह, मोहम्मद चांद आलम, शिवचरण दास, अजीत पासवान,पप्पू कुमार, मोहम्मद निजामुद्दीन अंसारी, भोला दास, दशरथ पासवान,मंटू यादव, विवेक कुमार,चरणजीत सिंह, अशरफ अली,मोहम्मद गालीफ, बबलू तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## सप्लाई बंद होने से सिहास गांव में पानी का हाहाकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सतगावां :** प्रखण्ड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत सिहास गांव में विगत दो दिनों से सप्लाई बंद होने से पानी का हाहाकार हो गया है जिससे छठव्रतियों के लिये काफी समस्या उतपन्न हो गया है. मालूम हो की सिहास मेन रोड में पानी की सप्लाई होती थी लेकिन यहां भी दो दिनों से बन्द है जिसके कारण पहाड़ पर रहे रहे लोग को पीने का पानी भी दुर्लभ हो गया है अभी गर्मी की शुरुआत में ही सिहास गांव में कुआं,चापानल सब सुख गया है पवित्रता का त्योहार छठ में पानी की समस्या होने से लोगो मे काफी मायूसी है वहीं सिहास गाँव निवासी रामौतार राम ने कहा की अभी जब इस तरह का समस्या है तो गर्मी बढ़ने के साथ कितना समस्या होगा।उल्लेखनीय हो की सप्लाई पानी बार बार बन्द कर दी जाती है जिसको लेकर इस गांव के लोग कई बार आक्रोश में रोड जाम भी कर चुके है जिन्हें पदाधिकारी के आश्वसन मात्र के अलावा कुछ भी नही मिला।ज्ञात हो की छठ पर्व में पानी की बहुत जरूरत होती है और ऐसे समय मे पानी की समस्या होने से काफी दिक्कत हो गई है फिलहाल छठ व्रत को देखते हुए लोग टैंकर का सहारा ले रहे है जो पानी दूसरे जगह से भरकर ला रहे है और अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं।

## 2100 कुंडीय विश्व शांति विहंगम योग ने शोभा यात्रा निकाली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली स्टेडियम परिसर मे चल रहे दो दिवसीय 2100 कुंडीय विश्व शांति विंहगम मे रविवार को सिल्ली ग्राम विकास स्कूल से विहंगम योग संत समाज एवं गुज परिवार के तत्वाधान में विश्व शांति वैदिक महायज्ञ को सफल बनाने के उद्देश्य से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में स्थानीय विधायक श्री सुदेश कुमार महतो भी शामिल हुए, रथ की सवारी पर सद्गुरु स्वतंत्र देव महाराज एवं संत प्रवर विज्ञान देव महाराज शोभायात्रा में विराजमान थे। ढोल नगाड़े के आवाज से गूंजयमान हुए। शोभायात्रा में छौ नृत्य के मुकुट धारण किए हुए सभी देवी देवता काफी आकर्षक दिखाई दे रहे थे।काफी संख्या में महिलाएं पीला वस्त्र धारण कर धार्मिक झंडे के साथ शोभायात्रा में जय जय कार लगाएं। शोभायात्रा, स्टेडियम परिसर में समापन होने के बाद गुरु महाराज सिल्ली स्टेडियम के यज्ञ स्थल पर पहुंचे एवं धार्मिक झंडे को स्थापित किया साथ ही दीप प्रज्वलित कर महायज्ञ का शुभारंभ किया! इस महायज्ञ मे दुर दुर से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया एवं हवन किया! शाम के समय सद्गुरु अचार्य सदगुरु स्वतंत्र देव महाराज की अमृतवाणी प्रस्तुत की गई। वहीं संत प्रवर विज्ञान जी महाराज भी अपनी दिव्य वाणी प्रस्तुत किया। इस पूरे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिल्ली विधानसभा के वर्तमान विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित थे। हजारों की संख्या में विहंगम योग के सभी भक्तगण उसमें शामिल हुए।इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे गुंज परिवार का सरहनीय योगदान रहा।



## रेलवे बागान में सरहुल सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** रेलवे सरहुल बागान में आदिवासी रेलवे परिवार के द्वारा प्रकृति पर्व सरहुल बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इसके मुख्य आयोजक रेलवे स्वास्थ्य केंद्र के डीएमओ डॉक्टर जे कच्छप की अगुवाई में सारा कार्यक्रम संपन्न हुआ। आदिवासी परिवारों के द्वारा पारंपरिक विधि विधान से सरहुल पर्व जहां गेन्दुरा उरांव पहान के द्वारा विधिवत रूप से पेड़ को गाढ़ा गया ।सभी लोगों ने लोटे से जल अर्पित किया!और अगरबत्ती दिखाया ।इसके बाद प्रसाद का वितरण सभी लोगों के बीच किया गया। प्रसाद वितरण के कार्यक्रम के बाद आदिवासी सरहुल का संस्कृति नित्य से लोग झूम उठे। काफी देर तक युवक युक्तियां बड़े बुजुर्ग बच्चे इस नृत्य में भाग लेकर सरहुल का माहौल को चार चांद लगाया। इस सरहुल पर्व में रेलवे के सभी समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे रेलवे आदिवासीयों का काफी सरहनीय योगदान रहा।



## 19 प्रतिशत एमजीबी सहित 11वां वेतन समझौता पर सीसीएल मुख्यालय में सांकेतिक धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** 19 प्रतिशत एमजीबी सहित 11वां वेतन समझौता अविलंब लागू करने और मजदूरों के हक अधिकार से संबंधित सभी जायज मांगों को समय पर देने की नियम बनाए जाने की मांग को लेकर कल सोमवार को जनता मजदूर संघ द्वारा सीसीएल मुख्यालय पर सांकेतिक प्रदर्शन की तैयारी को लेकर रविवार को सभी परियोजना में संघ की बैठक हुई.लंबे अरसे बाद संगठन के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी उत्साह है और कोयला प्रबंधन के प्रति आक्रोश भी है.एनके एरिया से बड़ी संख्या में संगठित और असंगठित मजदूर इसमें शामिल होने का निर्णय लिया है.एरिया अध्यक्ष गोल्टेन यादव ने बताया कि सुबह आठ बजे सभी डकरा कार्यालय में जुटेंगे और यहां से सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी रांची के लिए रवाना होंगे. सुबह 11 बजे तक सीसीएल के सभी एरिया से लोग मुख्यालय पहुंच जाएंगे.प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपा जाएगा.मुख्यालय पहुंचने के लिए भाया पिठौरिया चौक होते हुए रुट भी तय किया गया है ताकि वाहन अनुशासित ढंग से शहर में प्रवेश करें.

## गोदाम में आग लगने से लाखों का नुकसान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** थाना अंतर्गत रहमत नगर स्थित एक सोफा निर्माण करने वाला गोदाम में आग लग जाने से करीब डेढ़ लाख रुपये की संपत्ति जल कर नष्ट हो गया। घटना शनिवार रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे की बताई जा रही है। सोफा में लगने वाला फॉम,गद्दा, रेक्सीन, सोफा कपड़ा, रुई के साथ एक पूरी तरह से बना सोफा सभी जल कर राख हो गया। दुकान संचालक समीर आलम ने जानकारी दी कि शनिवार को सभी पुरुष तराबी नमाज पढ़ने गए हुए थे। पड़ोसियों ने सूचना दी कि सोफा निर्माण वाले गोदाम में आग लग गयी है। जिसे घर की महिलाओं सहित आसपास के लोगों ने बुझाया। इस संबंध में इटकी थाना को लिखित सूचना दे दी गई है.अज्ञात लोगो के द्वारा आग लगा देने की संभावना जताई गई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है ।

## माता की पूजा करने से मिलती है मोक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** हुटाप स्थित देवी मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के पांचवा दिन मां दुर्गा का पांचवां स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा की गयी.इसके अलावा सभी आवाहित देवताओ का पूजन किया गया.तत्पश्चात दुर्गा सप्तशती का पाठ व जाप किया गया। हुटाप मंदिर के यज्ञाचार्य कृष्णानंद मिश्रा व जयप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि पुराणों के अनुसार, मां स्कंदमाता कमल पर विराजमान रहती हैं, इसलिए उन्हें पद्मासना देवी के नाम से भी जाना जाता है। इस देवी की चार भुजाएं हैं.माता की पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है. मां स्कंदमाता की गोद में छह मुख वाले स्कंद कुमार विराजमान रहते हैं.स्कंदमाता की पूजा करने से संतान सुख की प्राप्ति होती है, तथा शत्रुओं का विनाश होता है. आचार्य जयप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि यज्ञ सम्पूर्ण समाज को एक सूत्र में बांधने का काम करता है. कहा कि यज्ञ ही भारतीय संस्कृति का मूल आधार है.यजमान के रूप में गिरिधर मिश्रा तथा दिनेश पांडेय 'घंटू' बैठे हैं.पाठ व जाप ब्राह्मण सम्पत चौवे, धनंजय ओझा, उमाकांत तिवारी उर्फ उधारी बाबा, दीनबन्धु शास्त्री, राजीव कुमार मिश्र, गोरा तिवारी पूरा करने में लगे है.



मानगो गांधी मैदान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष राष्ट्रव्यापी सत्याग्रह में बैठे कांग्रेसी

# अडानी के 20 हजार करोड़ किनके है देश को बताएं मोदी जी : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के निर्देशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गांधी मैदान मानगो स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष लोकतंत्र को बचाने के लिए बृहद पैमाने पर सत्याग्रह का आयोजन सुबह 10:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक आयोजित किया गया। सत्याग्रह कार्यक्रम का नेतृत्व एवं संयोजक बृजमोहन गुप्ता उर्फ गुड्डू गुप्ता ने किया। इससे पूर्व कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपिता के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया, तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी



के तरफ से सत्याग्रह स्थल पर उपस्थित कांग्रेसजनों को माला पहनाकर सत्याग्रह में विधिवत रूप से बैठाया गया। सभी कांग्रेसजन के बीच में चर्चा रहीं की वर्तमान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लोकतंत्र को नुकसान पहुंच रहा है, ये देश को चलाने में असफल हो रहे है। इन्ही सभी बातों को कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार संसद में उठाते है, तो रोका जा रहा है। यहां तक कि उन्हें सजा दिलवा रही है। लोकसभा से सदस्यता निरस्त करवाने में भारतीय जनता पार्टी का ही योगदान है, कि राहुल गांधी बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी, सरकारी उपक्रमों को बेचने के खिलाफ आवाज उठाने,अदानी एवं मोदी के सांठगांठ पर लगातार सवाल उठा रहे हैं, यहां तक कहा कि अडानी के 20 हजार करोड़ किनके है, यह भी बताया जाए। जिसके लिए राहुल गांधी का सदस्यता ही खत्म करा दिया गया। अब भाजपा के कारण लोकतंत्र खतरे में है। मोदी सरकार विपक्षी पार्टियों को देखना नहीं चाहती है। यह क्रांति हर घर तक जाएगी। सत्याग्रह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी, विशिष्ट अतिथिगण में वि स प्रभारी देबू चटर्जी, सुरेश धारी, प्रदेश महामंत्री विजय खान, आदि थे।

एनआईटी में एमएसएमई मंत्रालयद्वारा आयोजित उन्नत प्रबंधन विकास कार्यक्रम का समापन

# एयर इंडिया में एनआईटी के छात्र का सुनहरा अवसर : रामबाबू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) जमशेदपुर में एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित पांच दिवसीय उन्नत प्रबंधन विकास कार्यक्रम का समापन पर रविवार को एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज के सीईओ रामबाबू सीएच ने कहा एयर इंडिया में एनआईटी के छात्र का सुनहरा अवसर है. उन्होंने कहा जिस तरह से सरकार पूरे देश में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना कर रही है, उसमें टेक्निकल एवं पायलट को काफी जॉब मिलने की संभावना है. उन्होंने कहा कि देश भर में एयरलाइंस इंडस्ट्री को स्किल्ड मैनपावर की



जरूरत है. जिसे देखते हुए संस्थानों में शिक्षण व्यवस्था स्थापित की जा रही है. उन्होंने बताया कि एयर इंडिया द्वारा देश के हर कोने को एयरलाइन से जोड़ने के लिए बहुयात संख्या में एयर इंडिया एयरलाइंस की खरीदारी में जुटी है।

### धालभूमगढ़ एयरपोर्ट निर्माण पर कहा, कनेक्टिविटी से ज्यादा डिमांड पर फोकस

जमशेदपुर के धालभूमगढ़ में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माण योजना के अधर में लटके जाने के मुद्दे पर एयर इंडिया सर्विसेस के सीईओ रामबाबू सीएच ने कहा कि केंद्र सरकार उड़ान योजना के तहत देशभर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना कर रही है. इसके अलावा पूर्व से संचालित एयरपोर्ट को उड़ान योजना से जोड़कर वहां अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरने की भी योजना है. जमशेदपुर के धालभूमगढ़ एयरपोर्ट निर्माण के अधर में लटके जाने पर उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट निर्माण संबंधित अधिकार केवल एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पास है. उन्होंने बताया कि एयरलाइंस इंडस्ट्री केवल सर्वे कर सरकार को यह बताने का काम करती है कि एयरपोर्ट से एयर कनेक्टिविटी कितनी हो सकती है. उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं है कि एयरपोर्ट पर कनेक्टिविटी अधिक हो बल्कि वहां से राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के डिमांड कितने हैं इस पर फोकस किया जाता है. विदित हो कि पांच दिवसीय कार्यक्रम में कुल 18 व्याख्यान सत्र आयोजित किए गए. जिसमें आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, उद्यमिता, राष्ट्र निर्माण, मानव संसाधन प्रबंधन, सिक्स सिगमा, स्टार्टअप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर छात्रों को जानकारियां प्रदान की गई

## 'संसद रत्न' से नवाजे गए सांसद विद्युत वरण महतो की खुशी में भाजपा सोनारी ने बांटे लड्डू




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदन में सर्वाधिक प्रश्न पूछने व सबसे ज्यादा उपस्थिति दर्ज करनेवाले 13 सांसदों में जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद विद्युत वरण महतो को प्रथम स्थान पर रहने तथा आज 'संसद रत्न' उपाधि प्राप्त करने की खुशी में भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में लड्डू वितरण किया. इस दौरान श्री पोद्दार ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ सोनारी एयरपोर्ट, राम मंदिर अटल चौक, तथा कागलनगर चौक में राहगीरों में 50 किलो लड्डू बांटे एवं पटाखे फोड़ कर खुशियां मनाई. बाद में भाजपाइयों ने भी एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर जश्न मनाया. इस खुशी में जमकर आतिशबाजी भी की गई. इस मौके पर मुख्य रूप से शामिल सांसद प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, रिता सिंह, नारायण प्रसाद, किशोर साहू, संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव,जिला एस सी मोर्चा के जिला महामंत्री शंभु कुमार राम, आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## अंतराष्ट्रीय महिला काव्य मंच पूर्वी सिंहभूम की गोष्ठी आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की पू. सिहभूम इकाई की गोष्ठी संस्थापक नरेश नाज के संज्ञान में शानिवार को ऑनलाइन आयोजित किया गया। यह जमशेदपुर इकाई की कार्यकारिणी के गठन के बाद की सातवीं मासिक गोष्ठी रही। महिला काव्य मंच की मुख्य अतिथि डाक्टर सुरिंदर नीलम कौर उपस्थित थी। इनके शब्दों से क्षणिकाओं से गोष्ठी गौरवपूर्ण सीमा तक पहुंचने में सफल रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध कवयित्री मोना बग्गा ने मंच को अपनी रचनाओं से सुगंधित कर दिया। जमशेदपुर इकाई की अध्यक्षा अंकिता सिन्हा ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कवयित्री राँची से खुशबू बनवाल सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आगाज़ हुआ। शोभा किरन इनायत के बेहतरीन संचालन में कार्यक्रम को नयी ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम में शिप्रा जी विंध्यवासिनी तिवारी बिन्नी, पूनम शर्मा स्नेहिल, शोभा, सुनिता बेदी काव्य धारा का प्रवाह निरंतर गीत, गज़लों, क्षणिकाओं, मुक्त छंद,दोहे के रूप में पूरे 1.30 घंटे तक चलता रहा।



## पीएम के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा नेता

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा मंडल कमेटी की ओर से रविवार को पीएम नरेंद्र मोदी के 99वें संस्करण के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन पटमदा के आगुईडांगरा गांव में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह मौजूद थे। यहां युवा मोर्चा के अध्यक्ष निरंजन रजक की ओर से गांव के अखाड़ा में रेडियो की व्यवस्था किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त, युवा मोर्चा अध्यक्ष निरंजन रजक, भूषण सिंह, सुनील रजक आदि ने सराहनीय योगदान दिया। राजकुमार ने बेंझाम टोले में आयोजित 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन के अंतिम दिन कार्यक्रम में शामिल होकर मत्था टेका और आशीर्वाद लिया तथा प्रसाद ग्रहण भी किया। मौके पर ग्राम प्रधान बाघाम्बर सिंह, कमेटी के नरेन कुंभकार, भक्तरंजन कुंभकार आदि मौजूद थे।

## 31 मार्च तक किये गए म्युचुअल फंड के निवेश पर जारी रहेंगे दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्सिस एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने वित्त विधेयक 2023 पर अपने विचार जारी किए हैं, जिसमें कहा गया है कि म्युचुअल फंड में निवेश, जहां घरेलू कंपनियों के इक्विटी शेयरों में 35 प्रतिशत से अधिक का निवेश नहीं किया जाता है, उस पर लागू होने वाले अल्पकालिक पूंजीगत लाभ के रूप में कर लगाया जाएगा। डेट म्युचुअल फंड को तीन साल से अधिक समय तक रखने पर अब इंडेक्सेशन का लाभ नहीं मिलेगा। मौजूदा एलटीसीजी लाभ 31 मार्च, 2023 को या उससे पहले किए गए निवेश के लिए जारी रहेंगे। यह बदलाव डेट फंड और पारंपरिक निवेश को कराधान में समानता लाता है। निवेशकों को सलाह दी जाती है कि वे कोई भी निवेश निर्णय लेने से पहले अपने वित्तीय, कर और अन्य सलाहकारों से सलाह लें। ज्ञात हो कि एक अप्रैल 2023 को या उसके बाद खरीदे गए म्युचुअल फंड में निवेश पर लागू कर दरों पर अल्पकालिक पूंजीगत लाभ के रूप में कर लगाया जाएगा।




## रुपसी बंगला के लिए 100 प्रतिभागियों ने दिया ऑडिशन

**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को तिरूलडीह थाना के सटे बाघमुंडी थाना के अंतर्गत सुभमत्री के सभागार में रिपोषी बंगला की ओर से एक दिवसीय डांस ऑडिशन का आयोजन किया गया। उसमे क्षेत्र के लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मां जोश्यदा प्रोडक्शन के डायरेक्टर दीपक मालो ने बताया कि सुदूरवर्ती क्षेत्र में प्रतिभा का कमी नही है। बाघमुंडी जैसा क्षेत्र में आज लगभग 100 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागी का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करने का काम किया। उन्होंने आगे कहा की रूपश्री बंगला के माध्यम से इनका प्रतिभा को निखारने का कोशिश किया जा रहा है जो आगे कारगर साबित हो सकता है।

# उपायुक्त व एसएसपी ने की केन्द्रीय शांति समिति व रामनवमी अखाड़ा समिति के साथ बैठक

## जुलूस की सीसीटीवी से निगरानी, ड्रोन व वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई जाएगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिदगोड़ा टाउन हॉल में शनिवार को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी विजया जाधव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने केन्द्रीय शांति समिति एवं रामनवमी अखाड़ा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर जन समस्याओं/ शिकायतों को सुना एवं विधि व्यवस्था के संधारण पर चर्चा कर सहयोग की अपील की। सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति के साथ बैठक कर फीडबैक ली जा रही है वहीं कुछ जगहों में अगले 2-3 दिनों में बैठक प्रस्तावित है। प्रशासन के स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा रहा है । उन्होने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार से पुराने रूट



चार्ट में विचलन की अनुमति नहीं दी जाएगी। डीजे या प्री रिकॉर्डेड गानों की जगह पारंपरिक वाद्य यंत्रों का प्रयोग करते हुए हर्षोल्लास से त्यौहार मनायें । साफ-सफाई, पेयजल, सड़क मरम्मतीकरण, जर्जर बिजली पोल मरम्मतीकरण, पेड़ों के टहनी की छंटाई जैसे कुछ सुझाव को लेकर संबंधित पदाधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर 24X7 निगरानी रहेगी, किसी भी संवेदनशील समाचार पर गहराई से विचार करते हुए दूसरे तक प्रेषित करें। जुलूस को संध्या 8 बजे तक विसर्जित करना सुनिश्चित करेंगे। जुलूस लाईसेंस के अनुसार समय सीमा के अन्दर लाईसेंस में दिये गये रूट के अनुसार ही चलें। सभी थाना प्रभारी को निदेश दिए कि 27 मार्च से सघन वाहन जांच चलायें तथा ब्रेथ एनालाइजर से जांच कर ड्रंक एवं ड्राइव में कार्रवाई करें। बैठक में उपस्थित केन्द्रीय शांति समिति सदस्यों से अपील किया गया कि जुलूस में चलते समय शराब या किसी अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर के कोई व्यक्ति शामिल नहीं हों इसका ध्यान रखेंगे । बैठक में सिटी एसपी, ग्रामीण एसपी, एएसपी, एसडीएम धालभूम, निदेशक डीआरडीए, एडीएम ल लॉ एंड ऑर्डर, डीएसओ, डीटीओ, एलआरडीसी, डीपीआरओ समेत सभी वरीय पदाधिकारी समेत बीडीओ, सीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस ओबीसी ने पीएम नरेंद्र मोदी का किया पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जिला कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन दिबेश राज के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कार्यक्रम गोलमुरी गोलचक्कर पर संध्या छः बजे रविवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन दिबेश राज ने कहा कि नरेंद्र मोदी लोकतंत्र को हिटलर हिटलरशाही चला कर नेस्तनाबूद करने पर उतारू हो गए है। आज ओबीसी विभाग लोकतंत्र की रक्षार्थ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन और आक्रोश व्यक्त कर रही है। कार्यक्रम में विशेष रूप से भारत यात्री अमरजीत नाथ मिश्र, राज किशोर प्रसाद, राजेश चौधरी, अतुल गुप्ता, रानी राव, बंटी सिंह राजपूत, अजय मंडल, संजय झा संत, प्रमोद मिश्र, आशीष ठाकुर, नलनी सिन्हा, राजनारायण यादव, सविता राय, संजय घोष, सुनील प्रसाद, रंजीत झा, संजय तिवारी, हरिहर प्रसाद, दुर्गा प्रसाद सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

## झारखंड मजदूर यूनियन जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** झारखंड मज़दूर यूनियन के जिला कार्यकारिणी की एक बैठक गम्हरिया के बिको मोड़ स्थित सम्पर्क कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील गोराई ने किया। इस दौरान रामनवमी पर्व के बाद जिला समिति का पुनर्गठन करने, नगर व प्रखंड समिति का पुनर्गठन, आगामी अप्रैल माह में जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने, औद्योगिक क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाकर मजदूरों को संगठन से जोड़ने, कंपनियों में मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दिलाने हेतु आन्दोलन की रूपरेखा तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला महासचिव सनत सिंह सरदार, संयुक्त सचिव उमेश महतो, सचिव श्याम सरदार, प्रफुल्ल महतो, दिलीप मंडल, रवि सरदार, धीरेन महतो, मृत्युंजय गोप, सागर खंडाइत, कृष्णा महतो, राहुल देव महतो, संजय गोराई, राज महतो, बिरमल बेसरा, मुकेश महतो समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

जेवियर पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव रंगारंग सांस्कृतिक व भावी योजनाओं के साथ समापन

## जल्द ही यूनिवर्सिटी की रखी जायेगी नींव : सुनील

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** जेवियर पब्लिक स्कूल, डोरकासाई में 24 वॉ वार्षिक उत्सव आज रंगारंग सांस्कृतिक व भावी योजनाओं की घोषणा के साथ समापन हो गया। इधर विद्यालय में लगातार गुणवत्तायुक्त शिक्षा में बढ़ोतरी से उत्साहित स्कूल के ग्रूप निर्देशक सुनील सिंह ने इस मौके पर बड़ी भावी योजना का एलान कर दिया तथा कहा कि जल्द यहां यूनिवर्सिटी की नीव रखी जायेगी। कार्यक्रम की




मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह एवं झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता महावीर मुर्मू थे। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विद्यालय की प्रचार्या अंजू दास ने छात्रों, अभिभावकों एवं उपस्थित गणमान्य अतिथियों को विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था से अवगत कराया। बारी मुर्मू ने कहा कि ग्रामीण इलाके में ऐसा विद्यालय होना ग्रामीणों के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में प्रत्येक कक्षा के टॉपर छात्र -छात्राओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में अच्छा किये छात्र -छात्राओं को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया । विद्यालय के स्टूडेंट ऑफ द ईयर के रूप में कक्षा ग्यारह (विज्ञान संकाय ) के राज आर्यन को पुरस्कृत किया गया।

# धुसरा गांव में हाथियों ने मचाया उत्पात

## दलहन की खेती को किया बर्बाद, झोपड़ी को किया क्षतिग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र के धुसरा गांव में शनिवार की रात को दलमा जंगल की ओर से निकले 10 -12 हाथियों के एक झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान धुसरा निवासी मनिंद्र सिंह की जमीन में तैयार अरहर के पौधों को रौंद दिया। हाथियों ने मनिंद्र सिंह झोपड़ीनुमा किचेन रूम को भी तोड़ दिया। इस घटना में परिवार के लोग बाल-बाल बच गए और दहशत के बीच सुबह होने का इंतजार करते रहे। हालांकि इसकी जानकारी मिलते ही आसपास



के ग्रामीणों ने पटाखा फोड़कर धुसरा जंगल की ओर हाथियों को भगा दिया। इको विकास समिति से जुड़े झामुमो नेता सुकुमार बेसरा ने बताया कि मामले की जानकारी रविवार की सुबह वन विभाग को दे दी गई। सूचना मिलते ही वनरक्षी बालक हांसदा धुसरा गांव पहुंचे और हाथियों के द्वारा की गई क्षति का आकलन किया। वनरक्षी ने पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति का फार्म उपलब्ध कराते हुए जल्द से जल्द भरकर वन विभाग के कार्यालय में जमा करने का निर्देश दिया है।

## राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के विरोध में कांग्रेसियों ने मोदी सरकार का किया पुतला दहन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रदेश कांग्रेस, जिला कांग्रेस एवं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आह्वान पर प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक विभाग एवं पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के अध्यक्षता में शनिवार को मानगो में कांग्रेस नेता राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्यता निरस्त करने के विरोध में मोदी सरकार का पुतला दहन किया। श्री अंसार ने बताया राहुल गांधी लगातार अडानी मोदी साठ-गाँठ के बारे में सरकार से प्रश्न पूछते आए है



जिसकी सजा मोदी सरकार ने साजिश के तहत लोकसभा से उनकी सांसद सदस्यता निरस्त करा कर लोकतंत्र का हत्या किया है। पुतला दहन में काफी संख्या में कांग्रेसी और स्थानीय लोग मौजूद थे।

# पोषण जागरुकता रथ को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिले में 20 मार्च से 03 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है । पोषण पखवाड़ा 2023 की थीम - सभी के लिए पोषण- एक साथ, स्वस्थ भारत की ओर है । साथ ही वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया गया है वहीं इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का केंद्र-बिंदु, कुपोषण को दूर करने के लिए एक मूल्यवान संपत्ति के रूप में श्री अन्न जिसे सभी अनाजों की जननी कहा जाता है, को लोकप्रिय बनाने पर है । इसी कड़ी




में उचित पोषण के प्रति जिलेवासियों में जागरूकता लाने को लेकर शनिवार को उपायुक्त विजया जाधव ने समाहरणालय से जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । मौके पर एसडीओ धालभूम पीयूष सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नेहा संजना खलखो, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, सीडीपीओ दुर्गेश नंदिनी समेत महिला पर्यवेक्षिका सविता सिन्हा व अन्य मौजूद रहीं ।

**पोषक तत्वों की प्रदर्शनी–** बच्चों एवं महिलाओं में सही पोषण के प्रति जागकरूकता लाने को लेकर समाहरणालय परिसर में एक प्रदर्शनी भी लगाया गया जिसका उपायुक्त ने अवलोकन कर आंगनबाड़ी के माध्यम से इसके व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश दिए । उपायुक्त ने हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर कुपोषण के विरूद्ध इस लड़ाई में जीत की शुभकामना दी।

## जमशेदपुर इंटक ने राहुल गांधी के खिलाफ हो रहे षड्यंत्र के विरोध में पीएम मोदी का पुतला जलाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के लोकसभा से सदस्यता खत्म किए जाने पर जमशेदपुर महानगर इंटक अध्यक्ष राजेश सिंह 'राजू' के नेतृत्व मे आज टिनप्लेट चौक पर जोरदार तरीके से नाराबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन कर नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन मे मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रजनीश सिंह,राजेश चौधरी,गुरदीप सिंह,अरुण सिंह,इंटक महानगर महासचिव रंजीत सिंह, उपाध्यक्ष



नालिनी सिन्हा, अरुण त्रिपाठी, महासचिव देव कुमार, चंदा सिंह, चांदनी तिवारी, विनोद पाण्डेय,नवल सिंह, मिलन सरकार, रंजीत झा, कन्हाई कुमार,अंजनी कुमार, मनीष सिन्हा, ज्योति मिश्रा, सतपाल सिंह आदि थे।

## संपादकीय

# सियासी मंच पर जनमंच

**सवाल** जनमंच की उपयोगिता से निकला और इसकी बिसात में भी सियासत बिछ गई। विधानसभा सत्र के बहाने फिर राजनीति के मंच पर चढ़ा जनमंच। इसके पक्ष और विरोध में हुए राजनीतिक मुकाबले से दूर कहीं आम आदमी के सवालों का विश£षण होता तो व्यवस्था भी सही होती। शिकायत को माइक की जरूरत है या सरकारों के पास शिकायती कान होने चाहिएं, जो प्रक्रिया के बजाय मंच पर बजें। बेशक आंकड़ों में जनमंच पर 39726 शिकायतें चढ़ीं, लेकिन इससे सुशासन को मुंह छुपाने का बहाना भी मिल गया। इतनी शिकायतों का समाधान अगर जनमंच की प्रासंगिकता बता रहा या यह साबित कर रहा कि रूटीन में दफ्तर असफल हो रहे, तो यह व्यवस्था की कुशलता तो नहीं है। हम अगर जनमंच को सही विकल्प नहीं मानते, तो आगे भी इसी तरह के मंच का समर्थन नहीं कर सकते। यहां सवाल कान पकडऩे के तरीके का नहीं और न ही यह मुकाबला मंचों पर होगा कि किस सरकार ने कहां से कान पकड़े, बल्कि मूल प्रश्र सरकारी कार्य संस्कृति की परंपरा बदलने का है या यह देखने का भी है कि कहां तालमेल में अंतर और सार्वजनिक सुनवाई में छेद हैं। जनमंच हो या कल इसी तरह का कोई अन्य शिकायत मंच स्थापित हो जाएं, इनकी प्रस्तुति में ये केवल सियासी रंगमंच ही बनते रहेंगे। हमने अतीत के जनमंचों पर कुछ मंत्रियों को केवल अधिकारियों को लताड़ते देखा है, जबकि न तो कार्रवाइयों से व्यवस्था में परिवर्तन हुआ और न ही समाधनों का स्थायी कृतित्व विकसित हुआ। आश्चर्य यह कि शिकायत भी अगर लोकचरित्र का मंचन करे, तो माहौल की तलख्यिों में केवल नौटंकी ही होगी। सुशासन को हम जनमंच से जोड़ पाए या हर दफ्तर को सचेत करने पर बहस होनी चाहिए। बहुत सारे विभाग हैं जिन्हें चौबीस घंटे सक्रिय रहना होता है, तो क्या चंद जनमंचों की बदौलत इनका चरित्र और चेहरा बदल जाएगा। जनमंच न तो दैनिक क्रिया रही है और न ही इसमें जुटने वाली प्रतिक्रियाओं की सार्थकता सामने आई। दफ्तर के रूटीन कार्यों को अगर मंचों पर आसीन होने की आदत लग जाए, तो कार्यसंस्कृति केवल मंचन ही होगा और यह होने लगा था जब कुछ प्रमाणपत्र या लाइसेंस जैसे दस्तावेज भी सार्वजनिक रूप से बंटने लगे थे। सरकार की मौजूदगी में जनमंच भले ही ऊंचे संबोधनों की विरासत में राजनीतिक लाभ चुन लें, लेकिन प्रशासन की मौलिकता, पारदर्शिता, ईमानदारी व पवित्रता को इससे आंका नहीं जा सकता। सुशासन पर मोहर तब लगेगी जब विभागों के लक्ष्य इन्हीं के दायित्व में पूरे होंगे। सुशासन की पहचान के लिए मंच से उतर कर फील्ड को देखना पड़ेगा ताकि पता चले कि लोक निर्माण विभाग के कार्यों की गुणवत्ता क्या है। जलशक्ति विभाग की परियोजनाओं का मुआयना करके ही पता चलेगा कि जलापूर्ति कितनी दोषपूर्ण है। बस में जब मंत्री चलेंगे तो एचआरटीसी की दिक्कतें पता चलेंगी। जनमंच केवल शिकायतों को मौका देता है, जबकि प्रशासन के भीतर बहुत सारे कर्मचारी-अधिकारी वर्षों से अपने दायित्व की मिसाल हैं, तो उनको श्रेय देने के लिए क्या कोई पद्धति बनी। सरकारें अगर अपनी स्थानांतरण नीति या नियम ही तय नहीं कर पाएंगी, तो मंच सजा कर कोसने के सिवाय मिलेगा भी क्या। क्या बेरोजगारों को जनमंच रोजगार दे पाएगा या जब भर्ती घोटाले या कर्मचारी चयन आयोग में पेपर लीक हो रहे थे, तो क्या किसी जनमंच ने इनके कान पकड़े। शिकायतें तो व्यापारी, दुकानदार या हर निजी व्यापार में ढेरों हैं, तो क्या कभी इनके पास कोई जनमंच गया। जनमंच एक अच्छा आयोजन हो सकता और अगर सत्ता को भीड़ इक_ी करके खुद को भांपना है तो भी यह सुखद अनुभव हो सकता है, लेकिन क्या जनमंच को आम नागरिक हमेशा अपने नजदीक बुला सकता है। उसके नजदीक तो पंचायत कार्यालय है, जहां सचिव मौजूद होना चाहिए। उसके नजदीक पटवारी, डिस्पेंसरी में डाक्टर-नर्स, स्कूल में अध्यापक-शिक्षा, जलापूर्ति के लिए फिटर, विद्युत आपूर्ति के लिए लाइनमैन और कानून व्यवस्था के लिए पास में कोई पुलिस चौकी या थाना होता है, लेकिन यह सही तरह से उसे सुनें उसके लिए हर दिन तो जनमंच नहीं हो सकता। जनमंच के माध्यम से खुशफहमी हो सकती है या कोई बजीर कुछ क्षण के लिए आपा खो सकता है, लेकिन देखें कि राज्य सचिवालय में आबंटित कार्यालयों में हमारे मंत्री नियमित रूप से कितने दिन बैठते हैं। जिला के अधिकारियों को जनमंच सजाने, बंदोबस्त करने व खाल बचाने के लिए अधिकांश समय निकल जाएगा, तो फिर दफ्तरों को अलविदा कर दें। ऐसे में वर्तमान मुख्यमंत्री अगर विभागीय तथा दफ्तरी माहौल में सरकारी कार्यसंस्कृति को उत्तरदायी व जवाबदेह बनाने के लिए सार्वजनिक प्रक्रिया को चुस्त-दुरुस्त करें, तो ही बदलाव आएगा।

सरकार की मौजूदगी में जनमंच भले ही ऊंचे संबोधनों की विरासत में राजनीतिक लाभ चुन लें, लेकिन प्रशासन की मौलिकता, पारदर्शिता, ईमानदारी व पवित्रता को इससे आंका नहीं जा सकता। सुशासन पर मोहर तब लगेगी जब विभागों के लक्ष्य इन्हीं के दायित्व में पूरे होंगे। सुशासन की पहचान के लिए मंच से उतर कर फील्ड को देखना पड़ेगा ताकि पता चले कि लोक निर्माण विभाग के कार्यों की गुणवत्ता क्या है। जलशक्ति विभाग की परियोजनाओं का मुआयना करके ही पता चलेगा कि जलापूर्ति कितनी दोषपूर्ण है। बस में जब मंत्री चलेंगे तो एचआरटीसी की दिक्कतें पता चलेंगी। जनमंच केवल शिकायतों को मौका देता है, जबकि प्रशासन के भीतर बहुत सारे कर्मचारी-अधिकारी वर्षों से अपने दायित्व की मिसाल हैं, तो उनको श्रेय देने के लिए क्या कोई पद्धति बनी।

## कुछ अलग

# लगा पोस्टर, निकली सियासत

**राजधानी** दिल्ली की दीवारों पर अचानक कुछ पोस्टर चिपका दिए गए-'मोदी हटाओ, देश बचाओ।' यह कोई देश-विरोध का नारा नहीं है और न ही चुनावी मौसम में अप्रत्याशित माना जा सकता है। भारतीय लोकतंत्र में ऐसे नारों और पोस्टरों की परंपरा नेहरू-कालखंड से रही है। 1962 में भारत-चीन युद्ध जारी था, लेकिन तब विपक्षी जनसंघ ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के खिलाफ नारों और पोस्टरों का अभियान छेड़ा था। आपातकाल के दौरान जयप्रकाश नारायण ने यह भी नारा दिया था-'इंदिरा हटाओ, देश बचाओ।' उस दौर में पोस्टर ही नहीं छापे गए, बल्कि काली स्याही से दीवारों पर भी नारे लिखे गए। भारतीय राजनीति में और भी उदाहरण होंगे, लेकिन दिल्ली में प्रधानमंत्री-विरोधी पोस्टर नजर आए, तो पुलिस ने करीब 140 प्राथमिकियां दर्ज कर लीं और 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार भी किया। यह सिलसिला अभी जारी है। यकीनन प्राथमिकी के संदर्भ में ये आंकड़े अभूतपूर्व हैं, क्योंकि पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराना टेढ़ी खीर है। पहले और अब की राजनीति में फर्क इतना ही है कि 2009 में एक कानून बनाया गया था। उसके मुताबिक, किसी भी पोस्टर पर प्रिंटिंग प्रेस और प्रकाशक का नाम छापना अनिवार्य है और पोस्टरों की संख्या सार्वजनिक करना भी लाजिमी है। ऐसा नहीं करना 'अपराध' माना जाता है। कुछ घंटों तक यह रहस्य बना रहा कि प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ पोस्टर-अभियान किसने छेड़ा है? लेकिन 'आम आदमी पार्टी' (आप) के दफ्तर से पोस्टरों से भरी एक वैन निकल रही थी, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। बाद में 'आप' के कुछ मंत्रीनुमा नेताओं ने भी कबूल किया कि पोस्टर 'आप' ने ही छपवाए हैं। यह प्रधानमंत्री का विरोध-अभियान है, क्योंकि उन्होंने देश को ठगा है और अपने वायदे पूरे नहीं किए हैं। 'आप' ने यह मौका जानबूझ कर चुना है, क्योंकि पोस्टर कांड के अगले ही दिन 23 मार्च को भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव सरीखे क्रांतिकारियों का 'शहीदी दिवस' था। इस मौके पर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान समेत 'आप' के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 'जंतर-मंतर' पर विरोध-प्रदर्शन भी किया। बहरहाल पोस्टरकांड से दो बुनियादी सवाल उभरते हैं कि क्या प्रधानमंत्री मोदी वाकई तानाशाह, कायर, मनोरोगी हैं, जैसा कि 'आप' के नेता बयान दे रहे हैं? दूसरे, क्या पोस्टरबाजी के जरिए चुनाव जीता जा सकता है और 2024 का आम चुनाव 'मोदी बनाम केजरीवाल' होगा? दरअसल हम 'आप' की राजनीति से सहमत नहीं हैं, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री के लिए इस्तेमाल की गई भाषा 'लोकतांत्रिक' नहीं है। दूसरे, 'मोदी बनाम केजरीवाल' का चुनावी समीकरण भी 'हास्यास्पद' है। लोकसभा में 'आप' का एक भी सांसद नहीं है। 2019 के आम चुनाव में 'आप' ने कुल 35 उम्मीदवार उतारे थे। उनमें से सिर्फ एक सीट पर भगवंत मान जीत पाए थे। उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद उस सीट पर उपचुनाव हुआ, जिसमें 'आप' हार गई।

## जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई

# भारत की प्राचीन जल संस्कृति को जीवंत करें

ललित गर्ग

पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है।

**जल** प्रदूषण एवं पीने के स्वच्छ जल की निरन्तर घटती मात्रा को लेकर बड़े खतरे खड़े हैं। धरती पर जीवन के लिये जल सबसे जरूरी वस्तु है, जल है तो जीवन है। जल ही किसी भी प्रकार के जीवन और उसके अस्तित्व को संभव बनाता है। जीव मंडल में पारिस्थितिकी संतुलन को यह बनाये रखता है। पीने, नहाने, ऊर्जा उत्पादन, फसलों की सिंचाई, सीवेज के निपटान, उत्पादन प्रक्रिया आदि बहुत उद्देश्यों को पूरा करने के लिये स्वच्छ जल बहुत जरूरी है। जिन पाँच तत्वों को जीवन का आधार माना गया है, उनमें से एक तत्व जल है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। मानव एवं जीव-जन्तुओं के अलावा जल कृषि के सभी रूपों और अधिकांश औद्योगिक उत्पादन प्रक्रियाओं के लिये भी बेहद आवश्यक है। परंतु आज पूरी दुनिया जल-संकट के साए में खड़ी है। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े जल संकट की ओर ले जा रही है। इसका उद्देश्य विश्व के सभी देशों में स्वच्छ एवं सुरक्षित जल की उपलब्धता सुनिश्चित करवाना है साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित करना है। आप सोच सकते हैं कि एक मनुष्य अपने जीवन काल में कितने पानी का उपयोग करता है, किंतु क्या वह इतने पानी को बचाने का प्रयास करता है? दुनिया की आबादी आठ अरब से अधिक हो चुकी है। इसमें से लगभग आधे लोगों को साल में कम से कम एक महीने पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन के कारण 2000 से बाढ़ की घटनाओं में 134 प्रतिशत वृद्धि हुई है और सूखे की अवधि में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पानी के संरक्षण और समुचित उपलब्धता को सुनिश्चित कर हम पर्यावरण को भी बेहतर कर सकते हैं तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या का भी समाधान निकाल सकते हैं। पैकेट और बोतल बन्द पानी आज विकास के प्रतीकचिह्न बनते जा रहे हैं और अपने संसाधनों के प्रति हमारी लापरवाही अपनी मूलभूत आवश्यकता को बाजारवाद के हवाले कर देने की राह आसान कर रही है। विशेषज्ञों ने जल को उन प्रमुख संसाधनों में शामिल किया है, जिन्हें



भविष्य में प्रबंधित करना सबसे चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। सदियों से निर्मल जल का स्त्रोत बनी रहीं नदियाँ प्रदूषित हो रही हैं, जल संचयन तंत्र बिगड़ रहा है, और भू-जल स्तर लगातार घट रहा है। धरती पर सुरक्षित और पीने के पानी के बहुत कम प्रतिशत के आंकलन के द्वारा जल संरक्षण या जल बचाओ अभियान हम सभी के लिये बहुत जरूरी हो चुका है। औद्योगिक कचरे की वजह से रोजाना पानी के बड़े स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। जल को बचाने में अधिक कार्यक्षमता लाने के लिये सभी औद्योगिक बिल्डिंगें, अपार्टमेंट्स, स्कूल, अस्पतालों आदि में बिल्डरों के द्वारा उचित जल प्रबंधन व्यवस्था को बढ़ावा देना चाहिये। पीने के पानी या साधारण पानी की कमी के द्वारा होने वाली संभावित समस्या के बारे में आम लोगों को जानने के लिये जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना चाहिये। जल की बर्बादी के बारे में लोगों के व्यवहार को मिटाने के लिये इसकी त्वरित जरूरत है। इसी सप्ताह संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में जल सम्मेलन आयोजित हो रहा है, जिसमें सभी के लिए जल और स्वच्छता उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण चर्चा होगी। पानी धरती पर जीवन के अस्तित्व के लिए आधारभूत आवश्यकता है। आबादी में वृद्धि के साथ पानी की खपत बेतहाशा बढ़ी है, लेकिन पृथ्वी पर साफ पानी की मात्रा कम हो रही है। जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान ने इस समस्या को गंभीर संकट बना दिया है। इस सम्मेलन में सरकार, उद्योग जगत और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के लिए लक्ष्य तो निर्धारित किये ही जायेगे, साथ ही आम लोगों को पानी बचाने के मुहिम से जोड़ने के लिए भी कारगर कार्ययोजना बनाने पर विचार होगा। दुनिया के कई हिस्सों की तरह भारत भी जल संकट का सामना कर रहा है। वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत हिस्सा भारत में निवास करता है, लेकिन चार प्रतिशत जल संसाधन ही हमें उपलब्ध है। भारत में जल-संकट की समस्या से निपटने के लिये प्राचीन समय से जो प्रयत्न किये गये है, वे दुनिया के लिये मार्गदर्शक हैं। देश के सात राज्यों के 8220 ग्राम पंचायतों में भूजल प्रबंधनों के लिए अटल भूजल योजना चल रही है। स्थानीय समुदायों के नेतृत्व में चलने वाला यह दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। साथ ही, नल से जल, नदियों की सफाई, अतिक्रमण हटाने जैसे प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे हैं। जल संरक्षण की दिशा में बड़ी पहल करते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने इस वर्ष जनवरी में राज्यों के जल मंत्रियों का सम्मेलन आयोजित किया था। अब यह सम्मेलन हर साल आयोजित किया जाएगा। इसके उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही रेखांकित किया कि सभी राज्यों को मिलकर काम करना होगा तथा जल संरक्षण एवं उपयोग किये गये पानी को फिर से इस्तेमान में लाने के उपाय करने होंगे। हमारे यहां जल बचाने के मुख्य साधन है नदी, ताल एवं कूप। इन्हें अपनाओं, रक्षा करो, अभय दो, इन्हें मरुस्थल के हवाले न करो। अन्तिम समय यही तुम्हारे जीवन और जीवनी को बचायेंगे। ख्यात पर्यावरणविद अनुपम मिश्र तो 'अब भी खरे है तालाब' कहते कहते स्वर्गस्थ हो गये। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व जल दिवस की मूल भावना को अपने दैनिक जीवन में उतारकर हर व्यक्ति, हर दिन जल संरक्षण का यथासंभव प्रयास करे। गाँव के स्तर पर लोगों के द्वारा बरसात के पानी को इकट्ठा करने की शुरुआत करनी चाहिये। उचित रख-रखाव के साथ छोटे या बड़े तालाबों को बनाने के द्वारा बरसात के पानी को बचाया जा सकता है। धरती के क्षेत्रफल का लगभग 70 प्रतिशत भाग जल से भरा हुआ है। परंतु, पीने योग्य जल मात्र तीन प्रतिशत है। इसमें से भी मात्र एक प्रतिशत मीठे जल का ही वास्तव में हम उपयोग कर पाते हैं। पानी का इस्तेमाल करते हुए हम पानी की बचत के बारे में जरा भी नहीं सोचते, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश जगहों पर जल संकट की स्थिति पैदा हो चुकी है। जल का संकट एवं विकट स्थितियां अति प्राचीन समय से बनी हुई है।

# देश को क्षति पहुंचाने वाले ढोंगी और दल

भारत में धार्मिक आस्थाओं से खिलवाड़ करके देशद्रोह का काम करने वाले द्रोहियों की सूची काफी लंबी है। इसी खला में देश की सुरक्षा एजेंसियों को अभी तक इस्लाम के कथित उपदेशक जाकिर नाइक की तलाश है। जाकिर नाइक पर भारत में भडक़ाऊ भाषण देने, मनी लॉनड्रिंग करने और आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप है। मई 2019 में ईडी ने जाकिर नाइक के खिलाफ टेरर फंडिंग मामले में चार्जशीट दायर की थी। नाईक 2016 से भारत से बाहर है। उसके खिलाफ भारतीय एजेंसियो ने नोटिस जारी किया है। इसी तरह ईसाई धर्म की आड़ में धार्मिक आस्थाओं को भुना कर अपने नापाक मंसूबे पूरे करने के प्रयास के मामले में तमिलनाडु के कन्याकुमारी में एक रोमन कैथोलिक पादरी जॉर्ज पोन्नैया को गिरफ्तार किया गया था। पादरी पोन्नैया पर धार्मिक समूहों के बीच नफरत और दुश्मनी फैलाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, डीएमके नेता एवं अन्य के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने के आरोप लगे थे।

यह पहला मौका नहीं है जब धर्म की आड़ में हथियार जमा करके खालिस्तान समर्थक अमृतपाल जैसे स्वयंभू धार्मिक प्रचारक ने देश की एकता-अखंडता को चुनौती दी है। दरअसल ऐसे कथित बाबा और स्वयंभू पंथ प्रवर्तक जब तक राज्य और देश के लिए खतरा नहीं बन जाते तब तक पुलिस और अन्य एजेंसियां तमाशबीन बनी रहती हैं। धर्म के नाम पर होने वाले इस तरह के कारनामों से भारत की छवि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खराब हुई है। राजनीतिक दल ऐसे मुद्दों पर वोट खिसकने के भय से मौन साधे रहते हैं। ऐसे ढोंगियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में तभी लाई जाती है, जब राजनीतिक दलों को इनसे खतरा सताने लगता है। इससे पहले इनकी सारी आपराधिक हरकतों पर सरकारें वोट बैंक खिसकने के भय से चुप्पी साधे रहती हैं। ऐसा ही खालिस्तान समर्थक और संगठन 'वारिस पंजाब दे' के प्रमुख अमृतपाल के मामले में हुआ। यह मुद्दा सिरदर्द बनने के बाद सरकारें बगलें झांकने लगी। धर्म की आड़ लेकर समानांतर सरकार चलाने का ख्वाब पालने वाले ऐसे कथित ढोंगियों को राजनीतिक दल शह देते आए हैं। जब पानी सिर से गुजरने लगता है, तब कारवाई की नौबत आती है। अमृतपाल ने जब सरेआम हथियारों के साथ प्रदर्शन किया, तब तक पुलिस कार्रवाई के लिए पंजाब सरकार का मुंह ताकती रही। केंद्र सरकार के चेतावनी देने पर खतरे की गंभीरता के मद्देनजर कानूनी कार्रवाई की पहल की गई। अमृतपाल से पहले भी दूसरे ऐसे दूसरे ढोंगी बाबाओं के मामलों में पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियां और राजनीतिक दल तब तक कार्रवाई करने से कतराते रहे जब तक वे देश या राज्य के लिए खतरा नहीं बन गए। अमृतपाल के अलावा चर्चित मामला ढोंग विद्या में माहिर नित्यानंद स्वामी का है। नित्यानंद की धोखाधड़ी की गूंज



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुई। समय रहते हुए कार्रवाई नहीं करने से इससे भारत की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ा है। नित्यानंद ने नागरिकों के अलावा अमरीकी सरकार को अपने फरेब के जाल में फांस लिया और यह विश्वास दिला दिया कि वह एक देश कैलाशा का सर्वेसर्वा है। इस आधार पर उसने 30 अमरीकी शहरों को ठग लिया। फर्जीवाड़े की इंतहा यह रही कि नित्यानंद संयुक्त राष्ट्रसंघ तक पहुंचने में कामयाब हो गया। इस दौरान भारत और अमरीका की सुरक्षा एजेंसियां सोती रही। शातिर नित्यानंद के हथकंडों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कागजी देश कैलाशा का प्रतिनिधित्व करते हुए उसकी एक महिला प्रतिनिधि सबकी आंखों में धूल झोंकते हुए संयुक्त राष्ट्रसंघ में ऑनलाइन भारत के खिलाफ भाषण तक दे आई। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र की नींद खुली। भारत में धार्मिक आस्थाओं से खिलवाड़ करके देशद्रोह का काम करने वाले द्रोहियों की सूची काफी लंबी है। इसी खला में देश की सुरक्षा एजेंसियों को अभी तक इस्लाम के कथित उपदेशक जाकिर नाइक की तलाश है। जाकिर नाइक पर भारत में भडक़ाऊ भाषण देने, मनी लॉनड्रिंग करने और आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप है। मई 2019 में ईडी ने जाकिर नाइक के खिलाफ टेरर फंडिंग मामले में चार्जशीट दायर की थी। नाईक 2016 से भारत से बाहर है। उसके खिलाफ भारतीय एजेंसियो ने नोटिस जारी किया है। इसी तरह ईसाई धर्म की आड़ में धार्मिक आस्थाओं को भुना कर अपने नापाक मंसूबे पूरे करने के प्रयास के मामले में तमिलनाडु के कन्याकुमारी में एक रोमन कैथोलिक पादरी जॉर्ज पोन्नैया को गिरफ्तार किया गया था। पादरी पोन्नैया पर धार्मिक समूहों के बीच नफरत और दुश्मनी फैलाने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, डीएमके नेता एवं अन्य के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने के आरोप लगे थे। ऐसा ही एक मामले में खुद को ईसा मसीह का पैगंबर बताकर भविष्य में होने वाली घटनाओं की भविष्यवाणी करने का दावा करने वाले ठग पादरी बजिंदर सिंह को 2017 में अपनी ही फॉलोवर लडक़ी से दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बजिंदर हत्या के मामले में जेल भी गया। कथित धर्म गुरुओं ने कई बार लोगों की जान खतरे में डाली है। मध्यप्रदेश के रतलाम जिले के नयापुरा इलाके में कोरोना को चूम कर भगाने का दावा करने वाले मौलवी या इस्लामिक धर्मगुरु असलम कोरोना से संक्रमित पाया गया था, जिसके कुछ दिन बाद उसकी मृत्यु हो गई। उसकी मृत्यु के पश्चात उसके सम्पर्क में आए 19 लोगों में से 4 की मौत हो गई। रेप और मर्डर के संगीन मामले में सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम का प्रकरण पुराना नहीं है। डेरा प्रमुख 2017 से हरियाणा की सुनारिया जेल में बंद है, जहां वह सिरसा में अपने आश्रम के मुख्यालय में दो महिला शिष्यों से बलात्कार के आरोप में 20 साल की सजा काट रहा है। उसकी गिरफ्तारी पर पंचकूला और सिरसा में दंगे हुए और 38 लोगों की मौत हो गई। डेरा प्रमुख को राजनीतिक कारणों से पैरोल पर रिहा किए जाने के आरोप लगे। गुजरात निवासी आसाराम बापू की गिरफ्तारी पर भी राजनीतिक दलों ने खूब शोर मचाया। आसाराम पर छेडख़ानी, हत्या, जान से मारने की धमकी और दुष्कर्म करने का आरोप है। कुटिया में छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में आसाराम जोधपुर जेल में बंद है। देश और समाज विरोधी कार्रवाई में लिप्त रहे इन पाखंडी बाबाओं और धर्म के ठेकेदारों को अंदाजा होता है कि राजनीतिक दल और सरकार वोट बैंक खिसकने के डर से आसानी से उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करेंगे। यदि सरकार ने ऐसा कोई प्रयास किया तो उनके समर्थक बवाल मचा देंगे। इसी आड़ में वे न केवल समर्थकों की फौज खड़ी कर लेते हैं, बल्कि यहां तक कि हथियारों का जखीरा भी जमा करने से नहीं हिचकिचाते। यही कारण है कि ऐसे ढोंगियों को कानून की परवाह नहीं होती। ऐसा नहीं है कि पुलिस और खुफिया एजेंसियों को इनकी करतूतों की जानकारी नहीं होती। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के हाथ बंधे होते हैं। सत्तारूढ़ दल की स्वीकृति के बगैर कोई कानूनी कार्रवाई सम्भव नहीं होती। अमृतपाल सहित दूसरे ऐसे सरगना सरकारों की ऐसी कमजोरियों का फायदा उठाते हुए सिर उठाते रहे हैं। जब तक राजनीतिक दल और सरकारें देश को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसे अपराधियों के मामले में वोट बैंक की राजनीति से परे जाकर कार्रवाई नहीं करेंगी, तब तक लोगों की धार्मिक आस्था की आड़ में देशविरोधी कृत्य करने वालों को मौका मिलता रहेगा। ऐसे दलों और सरकार को अब समय रहते सचेत हो जाना चाहिए।

## देश दुनीया से

# आत्मनिर्भर अस्तित्व के लिए

**आत्मनिर्भर** पर्वतीय राज्य को अपने प्राकृतिक संसाधनों के लिए लडऩा और राष्ट्रीय अनुपात पर जमी बर्फ को अपने पक्ष में हटाने को संघर्ष करना ही पड़ेगा। हिमाचल ने वाटर सेस के जरिए अपनी आर्थिकी के आत्मबल को जिस पटरी पर रखा है, वहां पंजाब व हरियाणा की मूंछें तनी हुई नजर आ रही हैं। आश्चर्य यह कि जो पंजाब कल तक हिमाचल की नदियों से निकले पानी की बूंदों पर हरियाणा के अधिकार पर ताला लगाने की हर मुमकिन कोशिश करता रहा है, उसे भी हिमाचल के आत्मनिर्भर अस्तित्व पर एतराज है। यह जलविवाद नहीं है और न ही पंजाब पुनर्गठन की आत्मा से कोई धोखा। सबसे पहले तो यही कि किसी सरकार ने पानी में बहती आर्थिकी को निचोडऩे की हिम्मत दिखाई है। अगर गौर से देखें तो पर्वतीय राज्यों को समझने में केंद्रीय नीतियों का भी दोष रहा है। आज तक न तो पानी को कच्चा माल स्वीकार करके रायल्टी तय हुई और न ही पर्वतीय जिम्मेदारियों व लेनदारियों के एवज में केंद्र सरकारों ने न्याय किया। हिमाचली अधिकारों की बात सर्वप्रथम शांता कुमार ने दिल्ली मार्च के माध्यम से उठाई थी, तो प्रेम कुमार धूमल के समय में आया औद्योगिक पैकेज एक खूबसूरत पैगाम रहा। विद्युत उत्पादन में मिलने वाली मुफ्त बिजली जरूर एक सांचे की तरह हिमाचल को आश्रय देती है, लेकिन आगे बढऩे के लिए इनसाफ की डगर पानी से निकलेगी या जंगल के बदले वित्तीय भरपाई का कोई फार्मूला ढूंढना पड़ेगा। आश्चर्य यह कि हिमाचल वाटर सेस उन विद्युत इकाइयों से हासिल करना चाहता है जो प्रदेश की धरती पर स्थापित होने के बदले पहले ही हजारों लोगों को उजाड़ चुकी हैं। यह कैसे संभव हो सकता है कि उजड़े तो हिमाचल, लेकिन मालामाल केवल पड़ोसी राज्य ही होते रहें। पौंग डैम का ही उदाहरण लें, तो इससे एक यूनिट बिजली भी हिमाचल को नहीं मिली। यह कैसा दस्तूर कि सतलुज, ब्यास या रावी में बाढ़ आए तो हमारी, लेकिन इसके बदले पड़ोसी राज्यों के अधिकार बरकरार रहेंगे। आज भी पंजाब पुनर्गठन की लकीरों में फंसे हिमाचल का 7.19 प्रतिशत हिस्सा इसलिए गुम है क्योंकि न तो प्रदेश सरकारों ने संघर्ष को अंजाम तक पहुंचाया है और न ही केंद्र ने ईमानदारी से प्रदेश के साथ इनसाफ किया। अब तो पर्वतीय राज्यों की वित्तीय मदद से पूरी तरह 90:10 की औसत से योजनाओं-परियोजनाओं के पोषण से भी केंद्र न-नुकर करने लगा है। स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में वित्तीय पोषण की 50:50 प्रतिशत की शर्त से हिमाचल का शहरी विकास अवरुद्ध हुआ है। पड़ोसी राज्यों से जमीन जैसे मसले अगर नहीं सुलझे तो इसलिए भी कि केंद्र ने हमें महत्त्व ही नहीं दिया या हमारा प्रतिनिधित्व संसद में सोया रहा। देश के लिए कुर्बानियों का इतिहास रचने वाले हिमाचल को न तो सैन्य संस्थान मिले और न ही आज तक राष्ट्रीय निर्माण योजनाओं में पूर्ण अधिकार मिले। सिर्फ एक बार जब अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने राज्य को औद्योगिक पैकेज दिया था, तब लगने लगा था कि इसके मार्फत प्रदेश आर्थिक आधार पर खड़ा हो पाएगा, लेकिन बड़े राज्यों के विरोध के कारण यह भी अधूरे संकल्प के साथ समाप्त हो गया। हमारा मानना है कि प्रदेश को आर्थिक तौर पर आगे बढऩे के लिए सबसे पहले उस ताक-झांक को छोडऩा होगा, जो केवल केंद्रीय रहमोकर्म पर पल्लवित होती रही है। दूसरी ओर वित्तीय संरचना के आर्थिक संचार के लिए कठिन विकल्प चुनने होंगे और तीसरे युवा पीढ़ी को गैर सरकारी सोच व स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनने का माहौल व प्रोत्साहन देना होगा। एक पानी पर सेस लगा कर हिमाचल को पता चल गया कि उसे 'पप्पू' बना कर रखने वाली प्रवृत्तियां किस तरह व्यवहार करती हैं। हमें आत्मनिर्भर होने के लिए एक नई जमीन व वातावरण चाहिए और यह केवल जंगलों की मिलकीयत से मिलेगा। हम प्रदेश की 70 फीसदी जमीन जंगलों को देकर हासिल क्या कर रहे हैं। सिर्फ यही कि चारे की कमी ने पशुओं को आवारा बना दिया या बंदरों ने जंगल से बाहर निकल कर हमारा जीवन उजाड़ दिया। जो पंजाब-हरियाणा जंगल के लिए मात्र चार फीसदी जमीन ही दे रहे हैं, उनका आर्थिक आधार हमसे बेहतर होगा, लेकिन मात्र तीस फीसदी जमीन की पात्रता में हिमाचल के हाथ क्यों बंधे रहे।

वित्तीय संरचना के आर्थिक संचार के लिए कठिन विकल्प चुनने होंगे और तीसरे युवा पीढ़ी को गैर सरकारी सोच व स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनने का माहौल व प्रोत्साहन देना होगा। एक पानी पर सेस लगा कर हिमाचल को पता चल गया कि उसे 'पप्पू' बना कर रखने वाली प्रवृत्तियां किस तरह व्यवहार करती हैं। हमें आत्मनिर्भर होने के लिए एक नई जमीन व वातावरण चाहिए और यह केवल जंगलों की मिलकीयत से मिलेगा। हम प्रदेश की 70 फीसदी जमीन जंगलों को देकर हासिल क्या कर रहे हैं।

## नागरिक बोध

# बेमौसम बारिश से कई राज्यो में किसानों को तैयार फसलों का नुकसान

**बेमौसम** बारिश से देश मे अनेक राज्यो में तैयार फसलों पर बारिश और ओलावृष्टि के कारण करोड़ो का नुकसान हुआ है।कुदरत ने निवाला छीन लिया है।किसानों की फसलों को सही कीमत नही मिलने से फसलों को बर्बाद कर रहे है। उपर से मौसम की मार से किसानों की कमर टूटती जा रही है। पिछले दिनों साथ राज्यो में बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है।किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों की माली हालत ठीक नही है। कर्ज में डूबे किसानों पर बेमौसम बारिश की मार से तैयार फसल सड़ गल गई है। तमाम राज्यो में लगभग 21 लाख हेक्टेयर भूमि पर फसल खराब हुई है। किसानों को मुआवजा नही मिलता है तो उनको आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है। कुदरत के समक्ष लाचार हरकोई फसलों के नुकसान को लेकर चिंतित है।ओलावर्ष्टि और बारिश से जनजीवन भी प्रभावित हुआ है वही राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, छतीसगढ़, बिहार, उत्तरप्रदेश और महारास्ट्र में फसल नष्ठ हुई है। कई राज्यो में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी आगामी दिनों में दी गई है। मौसम विभाग ने यूपी में तीन दिन अलर्ट रहने की चेतावनी दी है। बरेली और आसपास के क्षेत्रों में बारिश के कारण मौसम में ठंड पसर गई है। अनेक राज्यो में आगामी 26 तक ओले और बारिश के साथ आंधी आने की चेतावनी मौसम विभाग के द्वारा दी गई है। किसानों के नुकसान का मुआवजा किसी राज्य ने अभी तक नही दिया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी तीन दिनों में किसानों के नुकसान का मुआवजा देने का आदेश जारी किया है। किसान पहले से आर्थिक संकट झेल रहे है। उसके ऊपर बेमौसम बारिश से किसानों का जीना दुस्वार कर दिया है। बारिश से नष्ट हुई फसलों के लिए सरकार किसानों की मदद कर मुआवजा राशि अदा की जाए।

# मंत्री सत्यानंद भोगता कौशल मेला में हुए शामिल, मेले का किया विधिवत उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानंद भोगता नगर परिषद क्षेत्र के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा आयोजित एक दिवसीय कौशल मेला में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए एवं मेले का दीप प्रज्वलित कर विधिवत उदघाटन किया। इसके उपरांत मंत्री श्री भोगता ने कौशल विकास विभाग के द्वारा जारी एक पुस्तक का विमोचन किया। कार्यक्रम में मंत्री श्री भोगता ने मौके पर कई युवा युवतियों को कई निजी संस्थानों का ऑफर लेटर प्रदान किया। इसके मौके पर श्री भोगता ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार मेलों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि युवाओं को उनके नजदीकी स्थान पर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना है। हेमंत सरकार युवाओं



को रोजगार से जोड़ने हरेक कारगर कदम उठा रही है। सरकार हरेक जिलों में युवाओं को प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बना रही है। जिससे युवा आत्मनिर्भर बन रहे हैं। रोजगार के दिशा में सरकार ने बहुत बड़ा निर्णय लिया है। इस कड़ी में सरकार ने निजी क्षेत्र के संस्थानों में स्थानीय लोगों को 75त्न नियोजित करने के लिए झारखंड राज्य में निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 को विधानसभा से पारित किया है। इसका सख्ती से अनुपालन किया जा रहा है। झारखंड सरकार ने निर्णय लिया है कि राज्य के हरेक प्रखंड में भी प्रशिक्षण केंद्र खोला जाएगा। यह सरकार बेहद संवेदनशील सरकार है। युवाओं के सुविधा के लिए अब प्रखंडों में भी रोजगार मेला लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम में उपायुक्त अबू इमरान, उपविकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन मंडल, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, श्रम अधीक्षक अरबिंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी मनु कुमार, राष्ट्रीय जनता दल जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, 20सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, राष्ट्रीय जनता दल महिला मोर्चा शारदा देवी, जिला परिषद मौजूद थे।

# रामनवमी में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड प्रशासन ने लातेहार पुलिस अधिक्षक अंजनी अंजन और उपायुक्त भोर सिंह के निर्देश पर एस. आई .राहुल कुमार मेहता ने बरवाडीह, छेचा, गुलजारबाग बेतला पोखरीकला ,सरईडीह कुटमू इन सभी जगहो पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला और ग्रामीण व प्रबुद्ध नागरिकों से मिलकर अपील किया है कि आपसी शौहार्द के साथ रामनवमी पर्व मनाए सहयोग के लिए बरवाडीह पुलिस तैयार है किसी तरह की परेशानी होने पर पुलिस प्रशासन को सूचना दें।

# पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**बारियातु (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातु पुलिस ने कांड संख्या 181/21 व 180/18 के प्राथमिकी अभियुक्त लावालौंग निवासी आक्रमण जी के घर शनिवार को विधिवत इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुकेश कुमार चौधरी ने बताया कि बालूमाथ (वर्तमान बारियातू) थाना कांड संख्या 181/21 व 180/18 के प्राथमिकी अभियुक्त आक्रमण जी उर्फ राम विनायक सिंह भोक्ता उर्फ रविंद्र गंझू, पिता जुगेश्वर गंझू, साकिन लावालौंग चौक, बगरा रोड, थाना लावालौंग, जिला चतरा के घर माननीय न्यायालय के द्वारा उक्त अभियुक्त का इश्तेहार निर्गत गया था।जिस के आलोक में शनिवार को सबइंस्पेक्टर रवी कुमार द्वारा सदलबल लावालौंग पहुँच कर स्थानिय थाना के सहयोग से प्राथमिकी अभियुक्त आक्रमन जी के घर विधिवत इश्तेहार चिपकाया गया।

# रामनवमी पूजा हर्षोल्लास से मनाने को लेकर मेला महासमिति का हुआ गठन : शशि पाठक



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के किसुनपुर में रामनवमी पूजा भव्य तरीके से मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उत्तम प्रसाद साहु व संचालन वार्ड सदस्य महेंद्र महतो ने किया। वहीं जुलूस प्रदर्शन व महावीरी झंड़ा के साथ मेलाटांड में भाग लेने वाले सेरनदाग, नावाडीह, कसियाडीह,पोकला, घाघरा, खैल्हा व कटाही गांव के धर्मावलंबी बैठक में शामिल हुए ।इस दौरान मेलाटांड में विभिन्न गांवों से आने वाले दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो इसका विशेष ख्याल रखने को लेकर गहन विचार- विमर्श किया गया। लोगों ने महापर्व को शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास से मनाने हेतु एक समिति का गठन किया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष संतोष प्रजापति, सचिव मनोज पाठक व कोषाध्यक्ष महेंद्र महतो बनाए गए। वहीं संरक्षक टीम में निर्वाचित जनप्रतिनिधि कबरा मुखिया निलेश ज्ञासेन, पंचायत समिति सदस्या शशिबाला देवी व राणा नितेश अंबानी को रखा गया है। इस टीम में कार्यकारिणी समिति के सदस्यों समेत कई वालिंटियरों का भी चयन किया गया। इस मौके पर जितेन्द्र महतो, मनोज साहु, रफुल अंसारी, राजेश चौधरी, बिनोद महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

अज्ञात हाइवा के चपेट में आने से मोती गंझू की मौत

# मुआवजा की मांग को लेकर सड़क पर आए ग्रामीण, किया सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के जबड़ा मुख्य सड़क पर बीते शाम शुक्रवार को जबड़ा गाँव निवासी मोती गंझू को अज्ञात हाइवा के चपेट में आने से ईलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक परिजनों को मुआवजे को लेकर सड़क जाम कर दिया है। इधर सिमरिया पुलिस शांति व्यवस्था को लेकर घटना स्थल पर पहुंच गयी। और जाम हटाने का प्रयास जारी है। जानकारी के अनुशार बीते शुक्रवार को शाम 7:30 बजे हाईवा परिचालन के दौरान जबड़ा गाँव निवासी सुधु गंझू के पुत्र मोती गंझू को अज्ञात हाइवा ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे घायल हो गया आनन फानन में परिजनों ने सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के



बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया । ईलाज के दौरान घायल मोती गंझू की मौत तड़के रविवार को हो गयी। ग्रामीणों ने शव के साथ मुख्य सड़क को जाम कर दिया और मृतक के आश्रित को नोकरी व मुआवजे की मांग कर रहें हैं। बता दें कि सड़क दुर्घटना में हाइवा के आतंक में मारे गए मृतको के आश्रितों के लिए कई बार सड़क दुर्घटना मुआवजा नीति बनाने की कवायद जारी था। किंतु आज तक यह सड़क दुर्घटना मुआवजा नीति सीसीएल के तरफ से नहीं बन पाई है। इधर सीसीएल का कोयला टंडवा थाना से होकर सिमरिया थाना क्षेत्र के सभी मुख्य सड़क पर भारी वाहनों से कोयले की ढुलाई की जाती है। इसी क्रम में लापरवाह चालकों द्वारा इस तरह की घटनाएं आम हो गयी है। परंतु मुआवजा नीति पर किसी की ध्यान अभी तक नहीं गयी है । अब आगे देखना यह है कि मोती गंझू को सड़क दुर्घटना में हुए मौत का मुआवजा दी जाती है या केवल आश्वासन पर हीं काम तमाम कर दिया जाएगा।

# बालूमाथ थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना परिसर में रावनवमि एव रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक लातेहार एसडीएम शेखर कूमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी बैठक में रामनवमी के दौरान विधि व्यवस्था को बनाये रखने के लिए कड़ी व्यवस्था रखने सहित अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया इस दौरान पंचायत से आये अखाडा के लोगों ने रामनवमी धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया वही लातेहार एसडीएम शेखर कुमार ने कहा की सरकार द्वारा निर्देशित गाईड लाइन का पालन करते हुवे त्यौहार को मनाये हर धर्म और संप्रदाय के त्यौहारों को मिलजुल कर शांतिपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए. उन्होंने बालूमाथ वासियों से संयमित तरीके से जुलूस निकालने और सांउड सिस्टम को नियंत्रित रखने की अपील की वही बालूमाथ एस डीपीओ अजित कुमार ने कहा की सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी



पूजा के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जायेगी. सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों को चिन्हित कर वैसे लोगों पर कार्रवाई की जायेगी.जुलुस के दौरान कोई भी सदस्य नशे में पकड़े गये तो उन पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जायेगी.वही पुलिस निरीक्षक शशि रंजन ने कहा की असामाजिक तत्वों पर बालूमाथ पुलिस की पैनी नजर रहेगी रहेगी वाही बालूमाथ थाना प्रभारी प्रसांत प्रसाद ने कहा की सोसल मिडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले लोगो पर आईटी एक्ट के तहत क़ानूनी कार्यवाही की जायेगी वही महाबीर मंडल सह सद्भावना कमिटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद साहू ने कहा की बालूमाथ में रामभक्तो दवारा शांति पूर्ण तरीके से मनाया जाता है और आगे भी मनाया जायेगा वही सभी अखाडा के कमिटियों दवारा विजय दसमी को जुलुस निकालने को लेकर अवगत कराया गया।मौके पर संजीव सिन्हा, श्याम सुन्दर यादव, मनान कुरैशी, अरुण साव, प्रयाग साव, बिनोद बिहारी गुप्ता, रंजीत गुप्ता,मो0 इमरान, मो0 जुबैर, ओरंगजेब खान, राजेन्द चावल, कबीर मिया, दिवाकर प्रसाद, नौसाद आलम, अर्जुन साव, राम कुमार गुप्ता, अख्तर अंसारी, जमाल मिया, उपेन्दर रंगीला, रंजीत कुमार गुप्ता, समेत कई लोग मौजूद रहे।

# जेएमएम ने किया सदस्यता बनाने को लेकर बैठक



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत के खलारी में झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जेएमएम अध्यक्ष मनोज वर्मा ने किया। संचालन उपेंद्र कुमार ने किया। इस बैठक में यह प्रस्ताव आया कि अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जाना है। जिससे आगामी आने वाला लोक सभा विधानसभा में पार्टी को समर्थन और मजबूती मिल सके। सभी महिलाएं पुरुषों को सदस्य बनाने का निर्णय लिया गया है। उपस्थित सदस्य अनिल मुंडा इलियास मुंडा जयसिंनता नाग तरेसा बेदरा थोमाश मुंडा पिटर विक्रम देवदीप कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

# रामनवमी पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त लातेहार भोर सिंह यादव के अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी द्य बैठक में उपायुक्त ने कहा आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ रामनवमी पर्व मनायें द्य उन्होंने कहा रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी एवं पुलिस बलः प्रतिनियुक्त किये जायेंगे द्य एवं मद्देनज़र विधि व्यवस्था बिगाड़ने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 के तहत कारवाई करने का निर्देश दिया द्यउपायुक्त लातेहार ने प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि विधि व्यवस्था संधारण का कार्य पूरी मुस्तैदी एवं तत्परता के साथ करें द्य उन्होंने निर्देशित किया कि विधि व्यवस्था से सम्बंधित छोटी-बड़ी सभी घटनाओं के बारे जिला नियंत्रण कक्ष एवं वरीय पदाधिकारियों को अविलम्ब सूचना दें द्य उपायुक्त लातेहार ने कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को रामनवमी जुलुस निकाले जाने के दौरान बिजली से सम्बंधित दुर्घटना के रोकथाम हेतु बिजली काटने का निर्देश दिया द्य इसके साथ ही उन्होंने अखाड़ा संचालकों को जुलुस के साथ जेनेरेटर एवं लाइट की व्यवस्था रखने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने कहा की अंचल अधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी रामनवमी के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूर्व में ही जुलुस के रूट मुआयना कर लें।

# दिवंगत सुरेश गंझु के परिवार को दिया आर्थिक सहयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** बारियातू प्रखण्ड के खरवार भोक्ता समाज विकास संघ के गोनिया पंचायत अध्यक्ष विनोद गंझु, युवा प्रखंड अध्यक्ष राजेश्वर गंझू बिरबीर ग्राम अध्यक्ष तुला गंझू ने संयुक्त रूप से गोनिया पंचायत के नवाडीह ग्राम स्थित डकबंदी टोला निवासी सुरेश गंझू पिता बरियात गंझु के परिजनों को ढाढस बंधाते हुवे दशकर्म के लिए एक बोरा चावल दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंचायत अध्यक्ष गंझू ने बताया कि सुरेश गंझू टीबी बीमारी से ग्रसित था। जिसका बीते 22 मार्च को मौत हो गई सुरेश घर का अकेला कमाऊ सदस्य था वह अपने पीछे दो पुत्र संतोष गंझू 15 वर्ष बबलू गंझू 12 वर्ष एक पुत्री सोनी कुमारी 10वर्ष व पत्नी सुकरी मसोमात को छोड़ गया। मृतक परिवार अत्यंत गरीब व बेसहारा परिवार है। जिसे देखते हुए खरवा भोगता विकास संघ के द्वारा आज एक बोरा चावल मुहय्या कराया गया है। मौके पर समाजसेवी जीतन गंझु, सुकर गंझु, कुलेश्वर गंझु, जमुना गंझु, रूप लाल गंझु, भुनेश्वर गंझु, विशुन्देव गंझु, पुनम देवी, किरण देवी, मालती मसोमात, दिनेश गंझु, विदेशी गंझु सहित कई लोग मौजूद थे।

# पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के आगमन को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** बारियातु भाजपा मंडल कार्यालय में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का संचालन ओबीसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद ने किया व बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में लवकुश सिंह की गरिमा पुर्ण उपस्थिति रही। इस संबंध में जानकारी देते हुए युवा मोर्चा प्रखण्ड अध्यक्ष संदीप केसरी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का आगमन जन चौपाल को लेकर तीन अप्रैल को बालूमाथ प्रखंड के बालू ग्राम में होना है जिसकी तैयारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत करने का निर्णय लिया साथ ही चौपाल कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाजपा कार्यकर्ता को जोड़ने के लिए सहमती बनी। जिसे लेकर प्रखंड प्रभारी व सभी नौ पंचायतों का प्रभारी बनाया गया है। मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, महेश्वरी सिंह, विनोद यादव, धनेश्वर उरांव, दुलारचंद पासवान, पिंटू केसरी, यादव, सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# प्रखण्ड क्षेत्र में लगाए जा रहे जलमीनार में किया जा रहा है अनियमित्ता

➲दिशा की बैठक में घोटाले की जांच कराने की मांग किया जाएगा : महेंद्र सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र में लगाये जा रहे जलनल योजना में ठीकेदारों द्वारा की जारही है गड़बड़ घोटाला। जिसे लेकर सासंद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह ने कहा कि सिमरिया प्रखण्ड क्षेत्र में लगाए जा रहे जलनल योजना में महाघोटा किया जा रहा है। जलनल योजना के स्टिमीट से बाहर वारे न्यारे कर रूपये का बंदर बाट किया जा रहा है। किए जा रहे घोटाले को दिशा की बैठक में मामला उठाया जाएगा । आगे कहा कि डाड़ी, बानासाड़ी, हुरनाली, चौपे के अलावे अन्य पंचायतो में जलनल योजना के तहत जैसे तैसे कार्य कर रूपये की घोटाला किया जा रहा है । ठीकेदार द्वारा 3 फिट के जगह महज एक से डेढ़ फिट गहराई कर घटिया



पाइप लगाया जा रहा है। साथ हीं बोरिंग नहीं कर पुराने चापानल में हीं मोटर लगा रूपये की बंदरबाट किया जा रहा है। ठीकेदारों द्वारा स्टिमीट मांग करने पर स्टिमीट नहीं दिखा इधर उधर की बाते बना टालने का प्रयास किया जा रहा है इसकी जांच के लिए उपायुक्त से मांग किया जाएगा।

चतरा पुलिस की जिले वासियों से अपील

# रामनवमी का पर्व झारखंड के कई क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के लिए प्रसिद्ध है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा पुलिस जिले वासियों से अपील किया है कि छठ, रामनवमी त्यौहार एवं रमजान के माह को आपसी भाईचारे, शांति और सद्भाव के साथ मनायें एवं सामाजिक समरस्ता तथा सौहार्द के साथ शांति पूर्ण मनावें।किसी भी समुदाय व्यक्ति विशेष धर्म समाज को ठेस पहुँचाने वाले संगीत गाने का प्रयोग न करें, जिससे की सामाजिक सौहार्द बिगड़े। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना फोटो विडियो एवं धर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणी सोशल मिडिया पर शेयर करने से बचें। अन्यथा आपके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। अपने एवं कम उम्र के बच्चों को सोशल मिडिया के दुष्प्रभावों से




बचायें ताकि उनका भविष्य सुरक्षित एवं उज्वल रहे । धार्मिक त्योहारों में नशा का सेवन करना हमारे धार्मिक एवं सास्कृतिक परंपरा के विरूद्ध है। रामनवमी जैसे पवित्र त्योहार में नशा का सेवन ना करें। तय समय सीमा एवं निर्धारित मार्ग से ही जुलूस का आवागमन करें। सामाजिक समरसता ना विगड़े इसके लिए शहर में सभी जगह सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है जिसे कंट्रौल रूम चतरा द्वारा चतरा पुलिस 24 घण्टे आप पर निगरानी रखी जाएगी है। किसी भी अप्रिय घटना, या प्रयास या असामाजिक गतिविधि से सम्बंधित सूचना को कंट्रोल रूम के व्हाट्सएप नंबर 6207273658 पर दें अथवा डायल 100 पर संपर्क करें। चतरा पुलिस के ट्विटर हैंडल @chatrapolice पर भी सूचना साझा किया जा सकता हैं। समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए चतरा पुलिस आपसे सहयोग की अपेक्षा रखती है। इसके लिए थाना प्रभारी, सदर, चतरा 9431706364 अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, चतरा 9431706362 पुलिस अधीक्षक, चतरा 9431706359 चतरा पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहेंगे।क्षेत्र में अमन चैन और शांति बहाल की भागीदारी समाज में रहने वाले सभी बुद्दिजीवी सज्जनों की है।मानव सेवा ही पुलिस का सबसे बड़ा धर्म व कर्तव्य है। यदि जिला क्षेत्र में किसी तरह का समस्या उत्पन्न होता हैं तो कानून हाथ अपने हाथ में ना ले अपने नजदीकी पुलिस,प्रशासन को सूचित करें। इसके लिए उपायुक्त अब्बू इमरान, आरक्षी अधीक्षक राकेश रंजन, एसडीपीओ शम्भू सिंह, अविनाश कुमार, अशोक प्रियदर्शी, केदार राम जैसे वरीय पदाधिकारी एलर्ट मोड़ में हमेशा तत्तपर हैं।

# जिप अध्यक्ष पूनम देवी ने खिलाड़ियों को पुष्प गुच्छ देकर किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला खेल स्टेडियम में रविवार को स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें लातेहार क्रिकेट सीनियर टीम ने रंधीर वर्मा ट्राफी में फाइनल मुकाबले में धनबाद को हराकर चैंपियन बना।जिसे स्वागत के लिए लातेहार जिला क्रिकेट संघ तथा लातेहार के समाज सेवियों एवं जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, लातेहार टीम के लिए स्वागत समारोह का आयोजन कर टीम के सभी खिलाड़ियों को स्वागत किया।लातेहार टीम के खिलाड़ी रविवार को लातेहार समाहरणालय गेट के पास पहुंची। जहां टीम के सभी खिलाड़ियों को संघ के पदाधिकारियों तथा समाज सेवियों ने माला पहनाकर स्वागत किया । स्वागत के पश्चात टीम के सभी खिलाड़ियों को ढोल तथा बैंड के



साथ पैदल मार्च करते हुए लातेहार मुख्य शहर होते समाहरणालय गेट से स्टेडियम लाया गया। वहीं स्टेडियम में स्वागत समारोह का आयोजन कर खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि जीप अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि लातेहार जिला के लिए यह खुशी का पल है।लातेहार के खिलाड़ियों ने पहली बार रंधीर वर्मा ट्राफी जीतकर जिला का नाम रौशन किया है। एवं उन्होंने खिलाड़ियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।वहीं दिशा सदस्य रामदेव सिंह ने कहा कि लातेहार क्रिकेट संघ बेहतर कार्य कर रही है। जिसका परिणाम है, कि लातेहार क्रिकेट में चैंपियन बना है।किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष जय कुमार सिंह ने कहा कि सीनियर टीम यह ट्राफी जीतकर लातेहार का गौरव बढ़ाया है।भाजपा नेता राजन तिवारी ने कहा कि लातेहार में क्रिकेट को इतना ऊंचाई तक ले जाने में क्रिकेट संघ का ही योगदान है।तथा खिलाड़ियों का मेहनत का परिणाम है।कि लातेहार आज यहां तक पहुंचा है। संघ के अध्यक्ष ने खिलाड़ियों के मेहनत तथा संघ के कार्य की सराहना करते हुए सभी को बधाई दिया तथा विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को ड्रेस तथा कैप देने की घोषणा की । कार्यक्रम में संघ के वरीय उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह, सुभाष चंद्र बोस क्लब के सचिव अनूप कुमार ने अपने अपने विचारो को रखा तथा खिलाड़ियों के हौसला अफजाई किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया। तथा धन्यवाद ज्ञापन संघ के उपाध्यक्ष विष्णु देव प्रसाद गुप्ता ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### भुईयां समाज ने गिददी में माता शबरी पूजा पर एकजुटता का दिया परिचय



**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के सामुदायिक भवन गिद्दी ए के प्रांगण में रविवार को अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति जिला रामगढ़ इकाई के द्वारा माता शबरी की पूजा और मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व मंत्री झारखंड सरकार सह अखिल भारतीय भुईया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दुलाल भुईयां, विशिष्टे में सुदर्शन भुईयां, अनीता देवी, रघु भुईयां उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जबकि सभी का स्वागत पुष्पगुच्छ और माला बनाकर भुईयां समाज के सदस्यों ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति जिला रामगढ़ अध्यक्ष दिलीप भुईयां ने किया। जबकि संचालन नरेश भुईयां, मोहन भुईयां ने एक साथ की। अवसर पर मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री दुलाल भुईयां ने कहां कि माता शबरी से समाज की पहचान और आस्था जुड़ी हुई हैं। इन्हीं के त्याग, बलिदान और तप के कारण प्रभु श्री राम ने अपनी कृपा बरसाई थी। तब से भुईयां समाज माता शबरी के गुण गाता नहीं थकता हैं। इनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत हैं। कहां कि समाज को एकजुट करने के लिए हम सभी को शिक्षित होकर अच्छा समाजसेवी, अधिकारी, शिक्षक, प्रतिनिधि बनना होगा। तभी वर्तमान सामाजिक संतुलन से जुड़ते हुए निरंतर आगे बढ़ पाएंगे। समाज को नशापान और दहेज प्रथा के कुर्तियों से बचना होगा। जिससे समाज मजबूती से आगे बढ़ पाएगा। आज के दौर में समाज संगठित और उत्थान के लिए भुईयां समाज संगठन लगातार प्रयासरत हैं। हमें अपने नौनिहालों के भविष्य को लेकर चिंतन मंथन करते हुए इनके कल का स्वर्णिम समय का निर्माण करना बेहद ही जरूरी हैं। इसके लिए सबसे पहले अपने परिवार और खुद से शुरुआत करना होगा। तब समाज में तेजी से बदलाव, विकास संभव हो पाएगा। वही भुईया समाज जिला अध्यक्ष रामगढ़ दिलीप भुईयां ने सभी समाज के लोगों से कहां कि आप सभी के योगदान से ही समाज में बदलाव आएगा। जिसके लिए हम सभी को मिलजुल कर समाज को अंधविश्वास और भेदभाव को भुलाकर समाज गढ़ना पड़ेगा। बच्चों, युवतियों, महिलाओं के द्वारा माता शबरी के रोल और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिन्हें पुरस्कृत भी किया गया। समारोह में संतोष कुमार रिकी, मिलू भुईयां, गंगा भुईयां, झरमू भुईयां, किरण देवी, धनेश्वरी देवी, उमेश भुईयां, प्रभु भुईयां, कुलेश्वर भुईयां, रतन भुईयां, अरुण भुईयां, छोटेलाल भुईयां समेत दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव की जयंती मनाने का निर्णय

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुंबा लुकैया के अंबेडकर भवन में रविवार को रविदास समाज की अहम बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता महेंद्र कुमार दास और संचालन आलम अंसारी ने किया। बैठक



 में एसटी/ एससी/ ओबीसी समाज के कई प्रतिनिधि, समाजसेवी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ गांव में मनाई जाएगी। कार्यक्रम सफलता के लिए 51 सदस्य कार्यकारिणी कमेटी बनी हैं। मौके पर रविदास समाज के संरक्षक राजेंद्र कुमार रवि, उपाध्यक्ष जयलाल रविदास, कोषाध्यक्ष सकलदेव राम, सदर अंजुमन कमेटी चांदनी चौक आलम अंसारी, सेक्रेटरी आजाद मोहल्ला सदीक, सरपरस्त चुंबा हासीम मियां, सदर बरवाडी मुस्लिम मियां, सेक्रेटरी लुकैया जुनेद अंसारी, कलाम, महमूद मियां, इकबाल अंसारी, कयूम अंसारी, खातिर अंसारी, दिनेश कुमार गुप्ता, सहदेव साव, सुरेश राम, जितेंद्र कुमार दास, प्रकाश राम, महानंद राम, शशि कुमार रवि, दशरथ राम, सत्येंद्र कुमार दास, योगेंद्र रविदास, रामसेवक कुमार दास, अमित कुमार, पंकज कुमार दास, ललित कुमार दास, ललन कुमार दास, इंद्र कुमार, शिवा कुमार, अजय कुमार, बादल कुमार, प्रवीण कुमार, करण कुमार, सागर कुमार, राजू कुमार आशीष कुमार, नितेश कुमार, रामसकल रविदास, बाबा सिकंदर दास, अमित कुमार दास, आरके दास, कुर्बान अंसारी, अरमान, नसीम, नौशाद, गुलाम रब्बानी, इम्तियाज अंसारी, वसीम अंसारी, अब्दुल वाहिद, सफीक अंसारी, अजीत मुंडा छोटान मुंडा, दिवाकर साव, गोपाल साव, मुकेश महतो, गणेश महतो, मुस्लिम अंसारी, महमूद अंसारी, कमाल अंसारी, रईस अंसारी, महमूद अंसारी, बीरन कुमार दास, रूदन राम समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।



# राहुल गांधी को सजा सुनाए जाने के विरोध में कांग्रेस ने सत्याग्रह का आयोजन किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार रविवार को रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में गांधी चौक रामगढ़ गांधी जी के प्रतिमा के समक्ष सुबह 10ः00 बजे से लेकर शाम 5ः00 बजे तक सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ राहुल गांधी के संसद सदस्यता षड्यंत्र कर समाप्त किए जाने से आक्रोशित कांग्रेसियों के द्वारा रामगढ़ जिला में गांधी जी के प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह कार्यक्रम किया गया ! झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि सदन में राहुल गांधी की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया सत्ताधारी भाजपा सरकार द्वारा सदन में हो हंगामा कर सदन को करवाई को बाधित किया गया विगत 24 मार्च 2023 को मोदी सरकार द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए राहुल गांधी के संसद सदस्य समाप्त कर दी गई है।

मोदी सरकार द्वारा साजिश करके संसद सदस्य समाप्त करने के बाद राहुल गांधी के देश की जनता को स्पष्टता कहा है कि मैं देश की जनता की आवाज के लिए लड़ रहा हूं मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूं देश की जनता की आवाज को दबाने का षड्यंत्र देश में हो रहा है राहुल गांधी विपक्ष के एकमात्र नेता है जो निर्भीक होकर के केंद्र सरकार की कार्यशैली पर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडानी व अंबानी के मामले में मुखर होकर बोलते हैं आवाज को दबाने के लिए षड्यंत्र करके राहुल गांधी जी की 2 साल की सजा निर्धारित की गई और राहुल गांधी जी की सदस्यता को आनन-फानन में समाप्त किया गया न्यायालय का सम्मान करते हैं लेकिन न्यायालय का जो निर्णय है उस पर पूरी तरह से सहमत नहीं है !कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की लड़ाई को अंतिम तक राहुल गांधी जी के कार्यकर्ताओं का नेतृत्व करेंगे ! साथ ही रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक नफरत महंगाई बेरोजगारी के खिलाफ जनता का अपार समर्थन के साथ राहुल गांधी के द्वारा तय की गई लगभग 4000 किलोमीटर की लंबी भारत जोड़ों यात्रा तथा संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अडानी के रिश्ते पर सवाल खड़ा करने के बाद मोदी सरकार पूरी तरह से बौखला गई है।

## बोलेरो व बाइक में टक्कर, बाल बाल बचा बाइक चालक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** थाना क्षेत्र अंतर्गत रसोईया धमना मोड़ पर रविवार को एक बोलेरे व बाइक में टक्कर हो गई। जिसमें बाइक चालक बाल बाल बच गए। दोनों में टक्कर ऐसी हुई कि मोटरसाइकिल बोलोरो गाड़ी के सामने जा घुसा, लेकिन भगवान का शुक्र था कि मोटरसाइकिल पर सवार तीनो लोग बच गए। घटना की सूचना पाकर देखते ही देखते दर्जनों की संख्या में लोग जुट गए। लगभग 10 मिनट तक सड़क बाधित भी रही। घटना की सूचना पाकर बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे एवं भीड़ को हटाते हुए लगे जाम को हटाया। वही बोलरो एवं बाइक को अपने अंदर लेते हुए बरही थाना ले आए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बोलेरो में मादक पदार्थ लोड था। इधर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार व सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो से पूछे जाने पर बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# सांसद जयंत सिन्हा हुए संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हज़ारीबाग :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा को संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्वक्षेष्ठ समिति के रूप में चुना गया है। श्री सिन्हा को यह सम्मान शुक्रवार को नई दिल्ली में हरियाणा के राज्यपाल बण्डारू दत्तारेय के हाथों दिया गया।आपको बताते चले की उन्होंने सदन में देशहित से जुड़े कई प्राइवेट मेंबर बिल प्रस्तुत किये हैं। साथ ही उनकी उपस्थिति लगभग 100 प्रतिशत रही है। उनकी अध्यक्षता वाली समिति देश के विकास में



महत्वपूर्ण योगदान भी दे रही है। पुरस्कार समारोह में हरियाणा के राज्यपाल, केंद्रीय संसदीय मामले व संस्कृति राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व कांग्रेस के वरिष्ठ व लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने श्री जयंत सिन्हा की भरपूर प्रशंसा की।सम्मान पाने के बाद श्री सिन्हा ने कहा कि आज मैं जो दायित्व निभा रहा हूँ, वो मेरे क्षेत्रवासियों के सहयोग व समर्थन के कारण है। मेरे क्षेत्र की जनता ने मुझे चुनाव में दो बार ऐतिहासिक जीत दिलाकर अपना आशीष दिया है। इसलिए मैं यह सम्मान अपने हज़ारीबाग व रामगढ़ के परिवार को समर्पित करता हूँ। श्री जयंत सिन्हा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों की सेवा करना मेरा परम सौभाग्य है।उत्साहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि जयंत सिन्हा को इस पुरस्कार के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हैं। हमें यह विश्वास है कि श्री सिन्हा का मार्गदर्शन निरंतर मिलता रहेगा और उनके नेतृत्व में हम क्षेत्र के विकास व जनता की सेवा में जुटे रहेंगे।

# रांची मैराथन दौड़ में बड़कागांव के मो हसनैन ने रोजा रख कर जीता सिल्वर मेडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** रांची में आयोजित मैराथन दौड़ में बड़कागाँव प्रखंड के छवनियां निवासी मो हसनैन उर्फ बाबू ने 23 मिनट में 5 किलोमीटर दौड़ पूरा किया। मो हसनेन उर्फ बाबू को मैराथन की टीम के द्वारा सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। मो हसनेन से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मैं हमेशा से ही खेल के प्रति अपनी रुचि रखता हूँ। रमजान का पवित्र महीना होने के कारण मैं रोजे से था फिर भी मैं ने 23 मिनट में 5 किलोमीटर का दौड़ आसानी से पूरा किया। इस मैराथन दौड़ में सैंकड़ों युवायों ने भाग लिया था सब को पछाड़ कर सिल्वर मेडल जीतना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आगे भी मैं कड़ी मेहनत करता रहूंगा ताकि राष्टीय और



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश और राज्य का नाम रौशन कर सकूं।

# पंचमुखी हनुमतलला प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल हुए आजसू नेता रौशन लाल चौधरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** महायज्ञ समिति सिन्दवारी नगड़ी गांव में श्री श्री 1008 की पंचमुखी हनुमतलला प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रौशनलाल चौधरी शामिल होकर बड़कागांव क्षेत्र की सुख शांति की कामना किया। आगे उन्होंने कहा कि यज्ञ होने से क्षेत्र में सुख शांति के अलावा पर्यावरण पर भी लाभदायक होती है क्योंकि हवन होने से दूर-दूर तक इसकी धुआ जहां तक जाती है वातावरण शुद्ध एवं पवित्र होता है,सुख शांति धन ध्यान की वृद्धि होती है। मौके पर आजसू के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, कामेश्वर महतो, भोला महतो, समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार, तपेश्वर कुमार तापस, महादेव साव, भीखम साव,



महावीर साव, रामनाथ साव, सुरेश राणा, देवनन्द साव, अशोक दास, हीरालाल महतो, तुलेश्वर वर्मा, शिव दयाल महतो, शिबू साव, धनेश्वर महतो, विकास वर्मा, महादेव महतो, महादेव साव, राजेश राम, अशोक प्रसाद, सुरेश साव, रीतलाल प्रजापति, बसंत वर्मा, लेलून वर्मा, चक्रधारी महतो, महेश साव, भोला साव, नागेश्वर राव, राजेश प्रसाद, केदार साव, प्रदीप महतो इसके अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# नौ दिवसीय श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत खेरौन मंदिर प्रांगण से रविवार को श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ की शुरूआत भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा में 501 महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, पूर्व जिप सदस्य अर्जुन साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष गोपाल सिंह, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, दुलार प्रसाद यादव, आईसीआर के डायरेक्टर विशाल प्रसाद नाथ, केदारूत मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, आचार्य



अमित उपाध्याय आदि अतिथियों के हाथों महिला श्रद्धालुओं को कलश दिया गया। कलश यात्रा खेरौन मंदिर प्रांगण से निकलकर गांव होते हुए त्रिवेणी नदी पहुंचा, जहां विधि विधान के साथ कलश में जल उठाकर पुरा गांव भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने कलश स्थापित किया। मौके पर अतिथियों ने कहा की यज्ञ के आयोजन से क्षेत्र का ही नहीं बल्कि आस- पास के क्षेत्र का शुद्धि होती है। इसके साथ-साथ लोगों का मनोभाव में भी शुद्धता आती है। पूर्व मुखिया शिबल सिंह ने कहा की सनातन धर्मलंवबियों के द्वारा इस तरह का आयोजन हर जगह किया जाना चाहिए। मौके पर पूर्व मुखिया शिबल सिंह, अध्यक्ष अशोक सिंह प्रद्युम्न सिंह सचिव, भोला सिंह कोषाध्यक्ष, गोपाल साव, उमेश सिंह, मनोज सिंह, रामाधीन यादव, प्रदीप सिंह, दिनेश सिंह, राधेश्याम सिंह उपाध्यक्ष, लोकेस सिंह, बीरबल सिंह, रंजीत सिंह, पवन सिंह, बिरेन्द्र गुप्ता को उपसचिव, शैलेन्द्र सिंह, अवधेश सिंह को उपकोषाध्यक्ष, देवेन्द्र सिंह, शम्भु सिंह, जय प्रकाश नारायण सिंह, विजय सिंह, सतेंद्र कुमार सिंह, देवनंदन सिंह, सरवन सिंह, राजेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र सिंह, अवध सिंह, सुरेंद्र सिंह को संगठन मंत्री, मनोज सिंह, आनंद सिंह उपेंद्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह गुड्डू, चंदन सिंह, बहादुर राणा, दिलीप साव, राकेश सिंह, महाराणा प्रताप सिंह, दीपक साव, वासुदेव यादव, अमन सिंह, छोटू सिंह (अमन), तापेश्वर सिंह, राजेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## जीटी रोड पर गैस टैंकर वाहन दुर्घटनाग्रस्त

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोरहर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 02 स्थित गोरहर पुल के पास बीते रात्री गैस टैंकर वाहन संख्या हर01त्त 2134 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से स्थानीय लोगों के साथ-साथ जीटी



रोड पर आवागमन कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया।जीटी रोड कई घंटे बाधित रहा।सुचना मिलते ही गोरहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य में जुट गए।साथ ही लीकेज हो रहे गैस को विशेष टीम बुलाकर बंद किया गया।गैस टैंकर पलटने की खबर सुनकर आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गया। स्थानीय थाना प्रभारी के सूझबूझ से देर रात को फिर से जीटी रोड पर वाहनों का आवागमन शुरू करवाया गया।स्थिति को देखते हुए अग्निशमन वाहन भी मौके पर रखा गया है।थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा ने बताया कि इसमें किसी भी प्रकार कि जान माल की क्षति नहीं हुई है।गैस का रिसाव पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है क्षेत्र खतरे से बाहर है।क्रेन मंगवाया गया है।जल्द ही दुर्घटनाग्रस्त गैस टैंकर वाहन को उठा लिया जाएगा।

## रामनवमी को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आज

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड में रामनवमी त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की विशेष बैठक सोमवार 27 मार्च को 2ः00 बजे दिन बुलाई गई है। बैठक में प्रखंड के सभी रामनवमी पूजा समिति के अखाड़े के अध्यक्ष, सचिव, प्रखंड के तमाम जनप्रतिनिधि एवं डीजे साउंड के प्रोपराइटर विशेष रूप से आमंत्रित हैं। सभी आमंत्रित लोगों की उपस्थिति अति आवश्यक है। उक्त आशय की जानकारी थाना प्रभारी विनोद तिर्की के द्वारा दिया गया।

## रामगढ़ चेंबर चुनाव को ले विनय कुमार अग्रवाल गुट ने चलाया जोरदार जनसंपर्क अभियान

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का सत्र 2023-25 का द्विवार्षिक चुनाव को लेकर विनय कुमार अग्रवाल के गुट के सभी सदस्यों ने सांडी, रामा नगर, वीआरएल गेट, टोटी झरना रोड थाना चौक का दौरा कर लोगो से मिलकर विनय कुमार अग्रवाल के गुट के पक्ष में वोट करने की अपील किया। जन संपर्क के दौरान सदस्यों ने व्यापारियों से कहा कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री का सत्र 2023-25 वार्षिक चुनाव में इस टीम के सभी सदस्यों को अपना वोट देकर जिताए और सेवा का मौका दें। कहा गया कि जिला के व्यवसायियों एवं उद्योगपतियों के हितों की रक्षा के लिए हमारी टीम पूरी तरह से काम करेगी ! उद्योगपतियों एवं व्यापारियों को पूरी सुरक्षा मिले जिससे कि वह निर्भीक होकर अपना व्यवसाय चला सके इसके लिए हम संबंधित पदाधिकारी से मिलकर बात करेंगे ! हम लोग रियाडा से मिलकर रामगढ़ जिले में उद्योग लगाने के लिए नए क्षेत्र बनाने की मांग भी करेंगे। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, मनजी सिंह, पंकज प्रसाद तिवारी विनय कुमार अग्रवाल, अमरेश गणक, गोपाल शर्मा,मनोज चतुर्वेदी उर्फ मानू, भूपेंद्र सिंह उर्फ पप्पू, दिनेश पोद्दार विनय कुमार सिंह,मुरारी लाल अग्रवाल, संतोष तिवारी,मनजीत सहानी,सरोज कुमार सिंह,जयप्रकाश सिंह उर्फ जेपी सिंह उपस्थित थे।

# माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के सभागार भवन में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन बात कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की उपस्थिति में सुना गया। मन की बात कार्यक्रम में विष्णुगढ़ भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल एवं लगभग सभी पदाधिकारियो के अलावे आमजनों ने भी मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसके अलावा पार्टी के निर्देशानुसार भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के 69 बूथों में करीब-करीब सभी बूथों पर भी मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात माण्डू विधायक जयप्रकाश



भाई पटेल ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि आज की मन की मुख्य बातों को आमजनों के बीच जरूर साझा करें और सरकार की उपलब्धियों को लोगो को बताएं । केंद्र की भाजपा सरकार भारत को हरेक क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम कर रही है । इस मौके पर मुख्य रूप से भाजयुमों प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार महतो,भाजयुमों जिलाउपाध्यक्ष हिरामन महतो,साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,उपाध्यक्ष महादेव मंडल,महामंत्री गुरु प्रसाद साव,मंत्री राजेश सोनी,संजू देवी,हरि यादव,भाजयुमों मंडल महामंत्री महेंद्र कुमार महतो,महिला मोर्चा अध्यक्षा अंजू देवी, उपाध्यक्ष सीमा देवी सुरेश राम,राजेश साव,अशोक भाई पटेल,बालेश्वर महतो समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजनों की उपस्थिति रही ।

# महासमिति के अध्यक्ष बने वरुण कुमार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के तमाम अखाड़ों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बाजार टांड स्थित राम मंदिर परिसर में महासमिति का गठन किया गया।

महासमिति गठन के बैठक की अध्यक्षता पूर्व महासमिति अध्यक्ष बिनोद सिंह ने की तथा संचालन पूर्व अध्यक्ष लखन प्रसाद ने किया।

बैठक में सर्वसम्मति से वरुण कुमार को महासमिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया ।

इसके उपरांत महासमिति विभिन्न पदों के लिए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया जिसमें, संरक्षक ओमकार नाथ शर्मा , उपाध्यक्ष सोबरन भगत, उपाध्यक्ष अनुराग बर्मन, उपाध्यक्ष महेश पाण्डेय, सचिव निर्मल कुमार,सह सचिव विनय कुमार दास कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार(दीपू




भाई)सह कोषाध्यक्ष शशी लाह्कार,मिडिया प्रभारी पवन प्रताप सिंह,कार्यकारिणी सदस्य अशोक सिंह,राजू रवानी,अनूप कसेरा,सुमित कुमार,पवन कुमार , राहुल गुप्ता,अजित कुमार ,गणेश कुमार,कैलाश कुमार,मुकेश विश्वकर्मा,संजय कसेरा,आशीष वर्णवाल,शंकर गोस्वामी,अशोक गुप्ता,रवि पाण्डेय,पवन राय , राजेश सोनी, विकास पासवान , प्रभाकर मिश्रा,सुजीत कसेरा का मनोनयन किया गया ।

इस मौके पर महासमिति अध्यक्ष वरुण कुमार ने संदेश देते हुए कहा कि आप सबो ने मुझे जो जिम्मेदारी दी उसका निर्वहन करने की भरपूर कोशिश करूँगा । सभी अखाड़ों से अपील है,सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने त्योहार को पूरे हर्षोल्लास से मनाए ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, सोमवार, 27 मार्च 2023 | पेज 9

## जवाहर नगर बजरंग बलि चबुतरा पर 24 घंटे के अखंड-हरिकीर्तन की शुरूआत

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जवाहर नगर बजरंग बलि मंदिर चबुतर पर आशा देवी एवं जवाहर कॉलोनीवासियों के सहयोग से चौती दुर्गा पूजा और लोक आस्था का महापर्व छठ के पावन अवसर पर रविवार को 24 घंटे के अखंड-हरिकीर्त्तन की शुरूआत की गई। इसके पूर्व पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा मंदिर में हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत ज्योत जलाकर अखंड-हरिकीर्त्तन की शुरूआत की गई। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर बिनोद सिंह रूपू व्यास मंडली रिवर साइड व जवाहर नगर मंडली के श्रद्धालुओं के हरे राम हरे कृष्ण के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान होता रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी श्रीनिवास अग्रवाल, उपेंद्र शर्मा, सुनील कुमार, शंभु साव, लाल मोहन कुमार, राजन साव, कृष्णा यादव, ललन यादव, विजय यादव, दिनेश मेहता, विनय यादव आदि ने योगदान दिया।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष व सह सचिव ने कोलपाड़ा में पीड़ित परिवार से की मुलाकात

**कुंडहित(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को कुंडहित चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद दास एवं सह सचिव नकुल मंडल ने संयुक्त रूप से नगरी पंचायत अंतर्गत कोल पाड़ा पहुंचकर अगलगी पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान कुंडहित चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद दास ने अपने हाथों से पीड़िता मालती कोल को आर्थिक मदद के साथ साथ खाद्य सामग्री भी दिया। उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को नगरी पंचायत अंतर्गत कोलपाड़ा निवासी विधवा मालती कोल घर में अचानक आग लग गई थी जिससे मालती के घर में रखें अनाज नगदी सहित सारा सामान जलकर खाक हो गया था। जिसको लेकर कुंडहित चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद दास एवं सह सचिव नकुल मंडल उनके घर पहुंच कर आर्थिक मदद के साथ साथ खाद्य सामग्री भी दिया। साथ ही पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि अगर किसी तरह की कोई समस्या हो तो बेहिचक उनसे मिले। इस दौरान कुंडहित चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद दास ने बताया कि अखबार के माध्यम से खबर मिली थी कि कोलपाड़ा निवासी विधवा महिला का एकमात्र घर सहित घर में रखे सारा सामान जलकर खाक हो गया था इसी के मद्देनजर रविवार को उनके घर पहुंच कर आर्थिक मदद के साथ साथ खाद्य सामग्री भी दिया गया। वही स्थानीय वार्ड सदस्य मोहन मंडल ने कुंडहित चेंबर ऑफ कॉमर्स के इस कार्य को देखकर काफी प्रशंसा एवं सराहना किया। साथ ही चेंबर ऑफ कॉमर्स कुंडहित इकाई को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## कमलमित्र कार्यक्रम में धनबाद महिला मोर्चा की संयोजक बनी बॉबी पांडेय

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद महानगर भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री बॉबी पांडेय को भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय कार्यक्रम कमलमित्र के धनबाद महिला मोर्चा संयोजक बनाया गया। इस विषय पर बॉबी पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। वहीं मीडिया से बात चीत करते हुए बताया की भाजपा महिला झारखण्ड प्रदेश कमलमित्र कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक अमिता रक्षित जी एवं सहसंयोजक सुचिता जी के नेतृत्व में पूरे झारखण्ड के हर जिला से कमलमित्र कार्यक्रम को लेकर जिला संयोजक एवं सहसंयोजक दो बहनों को बनाया गया है। कमल मित्र कार्यक्रम के राष्ट्रीय प्रभारी उषा वाजपेई ने हर राज्य में जिला संयोजक एवं सहसंयोजक की घोषणा कर चुकी है। मैं आभार प्रकट करती हूं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर जी का एवं कमलमित्र कार्यक्रम के प्रदेश सयोजक अमिता रक्षित एवं सहसंयोजक सुचिता जी सहित महिला मोर्चा धनबाद महानगर जिला अध्यक्ष रीता प्रसाद जी का जिन्होंने मेरा नाम कमलमित्र कार्यक्रम मे जिला सयोजक के लिए एवं जिला सहसंयोजक के लिये नीतू चौधरी जी का नाम चयनित किया। आगे बॉबी पांडेय ने कहा की इस कार्यक्रम के आधार से हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा 15 योजनाओं के लिए कमलमित्र कार्यक्रम बनाया गयाहै। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी महिलाओं के पास प्रधानमंत्री योजना को लेकर पहुंचने एवं योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताने तथा योजना का लाभ दिलाने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर लगातार कमलमित्र कार्यक्रम प्रदेश संयोजक अमिता रक्षित जी एवं सहसंयोजक सुचिता जी के द्वारा ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि मैं पूरी जिमेदारी से अपना कार्य का निर्वहन करूंगी।



## मानवाधिकार सहायता संघ ने एक महिला को दिलाया न्याय

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोमिया की रहने वाली रोलीता देवी ने दूरभाष से मानवाधिकार सहायता संघ प्रदेश अध्यक्ष गौरव शर्मा एवं महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शिल्पी शर्मा से संपर्क कर अपने पर हो रहे उत्पीड़न की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेरा विवाह 1992 में हिंदू रीति रिवाज से गोमिया के रहने वाले राजेश प्रसाद से हुई थी। विवाह के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक-ठाक रहा लेकिन मेरे पति द्वारा गोमिया बाजार मैं चल रही दुकान बंद कर घर में बैठ गए। उनके काम ना करने के कारण घर की आर्थिक स्थिति बद से बदतर होने लगी और बच्चों की पढ़ाई लिखाई और भरण पोषण में भी दिक्कत आने लगी। स्थिति को गंभीर होता देख मैं खुद काम करने लगी और बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देने के लिए दिन रात मेहनत करने लगी। कुछ दिन बाद मेरे पति मुझे छोड़ विशाखापट्टनम में काम करने लगे और मुझसे और मेरे बच्चों से सारा रिश्ता तोड़ दिया। इस बात को अब 20 साल हो गए हैं लेकिन उनके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। आज मैंने अपने मेहनत के दम पर सिलाई की दुकान महिलाओं के लिए खोल रखी है जिससे मुझे अपना और अपने बच्चों का ख्याल रखने का जरिया बन गया। मैंने अपनी पुत्री का विवाह किया उसमें भी किसी तरह का सहयोग ना मेरे पति और ना ही मेरे किसी रिश्तेदार ने मेरी सहायता की।



## जमीन विवाद को लेकर अमलादही में दो पक्षों में हुई मारपीट

**कुंडहित(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुंडहित थाना क्षेत्र अंतर्गत अमलादही गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। जहां रविवार को जमीन विवाद को लेकर विकास मंडल एवं उनके छोटे भाई प्रकाश मंडल के बीच कहासुनी होते होते अचानक से मारपीट की नौबत आ गई। जहां दोनों एक दूसरे से भिड़ गए। वही इस मारपीट में प्रकाश मंडल एवं उनकी पत्नी चंदना मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को कुंडहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां डॉ अंकिता सिंह द्वारा दोनों घायलों प्राथमिक उपचार किया जा रहा है इस दौरान डॉ अंकिता सिंह ने बताया कि दोनों घायलों को गंभीर चोट आई है। बताया कि पत्नी चंदना मंडल के सिर पर चोट लगने की वजह से काफी ब्लड निकल रहा है। इस दौरान घायल प्रकाश मंडल ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर मेरे दो भाई विकास मंडल एवं परिमल मंडल तथा दामाद पवन मंडल ने मिलकर मुझसे और मेरी पत्नी चंदना मंडल से मारपीट किया। वही हम दोनों को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

# ट्रैक्टर के नीचे दबकर मजदूर की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पाकुड़ :** नगर थाना क्षेत्र के गोकुलपुर में रविवार सुबह करीब 10:00 बजे ईंट लदा ट्रैक्टर के नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक मजदूर की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंजना गांव के पार्थो सरकार के रूप में हुई है। घटना के बाद पुलिस ने पार्थो के शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनाजोड़ी सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक जिस ट्रैक्टर में दबकर मजदूर पार्थो सरकार की मौत हुई है, वह उसी ट्रैक्टर में काम करता था। ईंट लदा उसी ट्रैक्टर में वह बैठा था। गोकुलपुर में चालक ने उसे उतारने को कहा। पार्थो सरकार के उतरने के बाद चालक ट्रैक्टर को साइड कर रहा था। इसी दौरान घटनास्थल पर ट्रैक्टर फंस गया। जिस जगह ट्रैक्टर फंसा, वहां की मिट्टी धंसने लगा। जब तक मजदूर पार्थो सरकार को कुछ समझ में आता, तब तक वह ट्रैक्टर के नीचे दब चुका था। जिससे मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। तभी ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस पहुंची। पुलिस ने पार्थो का शव और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। परिजनों को सूचना मिलने पर सदर अस्पताल पहुंचे।

## 1008 कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ, हजारों महिलाओं ने भाग लिया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** श्री श्री प्राचीन महावीर मंदिर कोयरी टोला के परिसर से 1008 कलश के साथ महिला कलश यात्रा में शामिल हुई,गाजे-बाजे जयकारे लगाते दामोदर नदी के तट में गंगा आरती कर मंत्र उच्चरण संकल्प के साथ जल लेकर यज्ञ स्थल में पहुँचकर कलश स्थापना के साथ 5 दिवसीय भव्य धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन यज्ञ स्थल में मंडप प्रवेश एवं वेदी पूजन शुभारंभ किया गया। श्री श्री प्राचीन महावीर मंदिर कोयरी टोला रामगढ़ का 100 वर्ष पूरे होने पर, शताब्दी वर्ष समारोह अंतर्गत मंदिर जीर्णोद्धार किया गया है, हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिये तीन दिवसीय यज्ञ एवं रामनवमी पूजन कार्यक्रम (भव्य पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान ) धूमधाम किया जा रहा है।जगह जगह पर स्थायी झांकी भी बनाया गया है। 26 मार्च 2023 जलयात्रा (कलश यात्रा),27 मार्च 2023 मूर्ति नगर भ्रमण ,28 मार्च 2023 को हनुमंत प्राण प्रतिष्ठातत्पश्चात 29 मार्च 2023 को महावीर ध्वजारोहण एवं रात्रि जागरण। 30 मार्च 2023 प्रवचन एवं रामनवमी पूजन, अटूट भंडारा।

## किसान कृषि के नए तकनीकी से उन्नत खेती को बढ़ावा दे ओर आमदनी में वृद्धि करें : सुधीर मंगलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड कुल्ही पंचायत के ब्यांग स्कूल परिसर में किसान मेला सह कृषि प्रादर्श प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश विशिष्ट अतिथि मुखिया चुडगी देवी आत्मा उपनिदेशक दिनेश रजवार रामगढ़ बीटीएम चंद्रमोली जी ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा रामगढ़ द्वारा किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी का आयोजन आत्मा रामगढ़ के सौजन्य से किया गया। मेले में विभिन्न सामग्री के लिए अलग अलग स्टॉल लगा हुआ था। सभी किसान बंधुओं ने अपने-अपने फसल प्रादर्श (उत्पाद) के साथ कृषि मेला में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किए।

# चोरी व लूट की गई एलईडी टीवी व लैपटॉप के साथ दो गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**साहिबगंज :** पुलिस ने राधानगर एवं बरहरवा थाना क्षेत्र में चोरी व लूट किए गए एलईडी टीवी व लैपटॉप के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को एसपी के कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान साहिबगंज एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने बताया कि बीते 10 फरवरी को रीना देवी पति पवन कुमार साह उर्फ बबलू ग्राम-उधवा, थाना राधानगर, जिला साहेबगंज के लिखित आवेदन के आधार पर राधानगर थाना कांड सं0-15/ 23 धारा-457/380 भा.द.वि. के अन्तर्गत अज्ञात के विरुद्ध काण्ड दर्ज किया गया था तथा पुष्पकांत पिता स्व0 धीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, सा0 महददीपुर थाना कासिम बाजार, जिला मुंगेर (बिहार) के लिखित आवेदन के आधार पर अज्ञात तीन अपराधकर्मी के विरुद्ध बड़हरवा थाना कांड सं0-47 / 23 , 15 फरवरी को धारा 392 भादवि के अन्तर्गत दर्ज किया गया था।काण्ड का सफल उदभेदन हेतु क्रमशः राधानगर थाना कांड सं0-15/ 23 के लिए राजीव रंजन, पुलिस निरीक्षक, राजमहल प्रभाग एवं बड़हरवा थाना कांड सं0-47 / 3 के लिए कुलदीप कुमार, प्रभाग निरीक्षक, बड़हरवा के नेतृत्व में एक-एक टीम का गठन किया गया था। गठित टीम के सदस्यों ने संयुक्त तौर पर पेशेवर एवं तकनीकी अनुसंधान / छापामारी करते हुए 1. पिंटू सरकार उम्र करीब 19 वर्ष पिता स्व. निरंजन सरकार, सा0 उधवा बुधन मंडल टोला, एवं 2. कंचन कुमार मंडल पिता राम निरंजन मंडल, सा0उधवा भुदेव टोला, दोनो थाना राधानगर, जिला साहेबगंज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर रीना देवी के घर से चोरी गए। एक सेमसंग कम्पनी का काला रंग का 80 सें.मी. का एल.ई.डी. टी.वी. के अलावा बड़हरवा थाना कांड सं0-47/ 23 धारा-392 भादवि में लूटे गए,ऐह्ह कम्पनी का एक लैपटॉप की बरादमगी हुई। घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफतारी हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी है।

## भाजपा नेता ऋषिकेश सिंह ने सुनी पीएम के मन की बात

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की 99 वा मन की बात कार्यक्रम को मोबाइल के माध्यम से बूथ नंबर 34 एवं 33 के जनता के बीच में कार्यक्रम को सुना गया और देखा गया प्रधानमंत्री जी की मन की बात सचमुच प्रेरणादायक है उनके विचार उनका भावनात्मक उनके क्रियाकलाप सभी जनमानस के अंतरात्मा में उनके द्वारा किए गए कार्य को जितना भी प्रशंसा करें यह कम होगा गत 8 सालों से मोदी जी के द्वारा अनेक योजना जो जनजीवन को लाभान्वित करता है एकात्म मानववाद अंतिम व्यक्ति की सोच रखता हूं ऐसे हैं हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री की दुर्गा में सोचने भारत को विश्व के नजर में एक मजबूत प्रधानमंत्री के रूप में उभरा है भारत देश का महान मजबूत प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी आज विश्व की सभी देशों ने उनकी अध्यक्षता स्वीकार की है हमें गर्व है अपने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर और हम सब गर्व करते हैं मन की बात सुनते हुए मेरे बूथ के कार्यकर्ता गण बूथ के अध्यक्ष ऋषिकेश सिंह बूथ के अध्यक्ष अविनाश कुमार अमर सिंह केवी सिंह पंचम सिंह भारत भूषण कन्हैया टिंकू सिंह शंभू सिंह प्रदीप पोद्दार आशा देवी रोहित अग्रवाल तथा कई कार्यकर्ता मन की बात सुन रहे थे देख रहे थे।

## लोको पायलट, सेना व वायुसेना में महिलाओं की भागीदारी देश में महिला सशक्तिकरण का उदाहरण

### सोलर एनर्जी में भारत की तकनीक ऊर्जा क्षेत्र में नई क्रांति का सूचक

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 99वां संस्करण प्रसारित हुआ जिसको भाजपाइयों ने प्रत्येक बूथ पर सुना।इसी क्रम में बुथ नंबर 50 के अध्यक्ष सह भाजपा के जिला मिडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी ने इस कार्यक्रम को अपने बूथ के अंतर्गत निवास करने वाले भाजपा के पूर्व रामगढ़ विधानसभा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय में सुना।प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में महिला सशक्तिकरण के संबंध में बताया की महिलाएं ट्रेन लोको पायलट,वायुसेना पायलट से लेकर भारतीय सेना में शामिल होकर सियाचिन जैसे दुर्गम क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देते हुए भारत में महिला शक्ति के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक बन चुकी हैं।साथ हीं उन्होंने अपने कार्यक्रम में बताया की अंगदान हेतु 65 वर्षों की उम्र सीमा समाप्त होना एक अच्छा कदम है।

## क्लीनिक लैब के समीप झोपड़ी में लगी भीषण आग, हजारों की संपत्ति जलकर हुई राख



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शनिवार की देर रात बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के क्लीनिक लैब के समीप एक झोपड़ी में भीषण आग लगने की घटना घटी जिसमे हजारों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि क्लीनिक लैब के समीप एक झोपड़ी है जिसमें पान के पत्ते आदि रखे हुए थे। झोपड़ी में अचानक आग लगने से पूरी झोपड़ी जलकर राख हो गई और उसमें रखे हजारों रुपए के सामान भी जलकर राख हो गए। वही उस झोपड़ी से सटे मिठाई गोडाउन में सो रहे मिठाई बनाने वाले मजदूरों ने जब आग देखा तो किसी तरह जान बचाकर वहां से बाहर भागें। आग की लपटों को देख अफरा तफरी का माहौल हो गया। वहां के आस पास के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया अन्यथा ये आग और भी विकराल रूप ले सकती थी।

सत्र 2023–25 रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव में विमल बुधिया ग्रुप ने किया जनसंपर्क

# जिले के व्यवसायियों से मिलकर विमल बुधिया गुट को अपना मत देने का किया अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** रविवार को रामगढ़ चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का सत्र 2023-25 चुनाव को लेकर विमल बुधिया गुट के प्रत्याशियों ने जन संपर्क अभियान चलाया। बताते चले कि रामगढ़ चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का सत्र 2023-25 चुनाव 02 अप्रैल 2023 को चेंबर भवन में होने जा रहा है। इसी को लेकर सशक्त समृद्ध एवं प्रभावशाली चेंबर के निर्माण हेतु रविवार को विमल बुधिया गुट ने रांची रोड, रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान में अमित कुमार सिन्हा, अमरेश कुमार सिंह, अरुण कुमार राय, विमल बुधिया, जितेंद्र कुमार अग्रवाल (जीतू) जितेंद्र प्रसाद (डब्लू) जितेंद्र सिंह पवार, मनोज कुमार मंडल, नंद किशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू, नीरज सिंह, निलेश कुमार गुप्ता, रवि शंकर चोराशिया, विजय कुमार मेवाड़, विकास सेठी (जैन) विनोद कुमार पंकज ने व्यापारियों से नम्र निवेदन करते हुए कहा कि रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री का सत्र 2023-25 वार्षिक चुनाव में हमारी टीम के सभी सदस्यों को अपना बहुमूल्य वोट देकर विजय बनाएं और सेवा करने का अवसर दें। हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि हम सभी आपकी सेवा में समर्पित रहेंगे।

# फुलसराय में हर्षोल्लास के साथ मना सरहुल पूजा व मिलन समारोह

### प्राकृतिक संतुलन के लिए सभी ने अपनी जिम्मेवारियो का लिया संकल्प

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** फुलसराय उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप रविवार को आदिवासी समाज द्वारा सरहुल मिलन समारोह मनाया गया। इससे पूर्व सरहुल पूजा सखुआ वृक्ष के समीप पुजारी चरण मुंडा, कृष्णा मुंडा, सूरज मुंडा, शिवनारायण ओहदार, राजेंद्र गोड़ाईत ललन बेदिया, टेपा बेदिया ने एक साथ विधिवत किया। 18 मुर्गा की बली दी गई। गांव फुलसराय में बढ़िया बारिश, खुशहाली, हरियाली की घोषणा हुई। समारोह के मुख्य अतिथि बेदिया विकास परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष शंकर बेदिया, विशिष्टे में नप अध्यक्ष योगेश बेदिया, झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, पार्षद 10 इंदरनाथ बेदिया, आदिवासी जन परिषद केंद्रीय अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा, बेदिया विकास परिषद केन्द्रीय सचिव रामफल बेदिया, संचेतक देवकीनंदन बेदिया, केन्द्रीय कोषाध्यक्ष बालगोविंद बेदिया, हाईकोर्ट अधिवक्ता बिरसा हांसदा, आदिवासी छात्र संघ सचिव रामगढ़ जगनारायण बेदिया, आजसू के तिवारी महतो आदि उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, बैच लगाकर किया गया। वक्ताओं ने कहां कि आदिवासी समाज राज्य व देश को लगातार सीचने में लगा हुआ। अपने त्याग और बलिदान से जल, जंगल, जमीन की रक्षा की हैं। आदिवासी समाज के भगवान बिरसा मुंडा, स्वतंत्रता सेनानी जीतराम बेदिया, सिद्धू कानू, चांद भैरव समेत कई महापुरुषों ने समाज के लिए आहुति देकर आगे बढ़ने का मार्ग संघर्ष के रास्ते दिखाया हैं।

## रामनवमी को लेकर मुखिया ने कोरियाडीह व धनवार अखाड़ा को सहयोग राशि दिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** सांप्रदायिक सौहार्द के साथ व्यवस्थित तरीके से गरिमा माहौल में विख्यात रामनवमी के आयोजन के लिए धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने कोरिया डी अखाड़े को 21000 एवं धनवार के अखाड़े को 5100 का सहयोग राशि दिया। मुख्य राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की तरह हम सभी राम भक्तों को मर्यादित होकर भव्य तरीके से राम जन्म उत्सव मनाएंगे। उन्होंने धनवार वह कोरियाड़ीह वासियों को रामनवमी पर विधि व्यवस्था बनाने में महासमिति एवं जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। इसके लिए समाज के हर वर्ग की सहयोग का आवश्यक है प्रशासन की प्राथमिकता है शोभायात्रा एवं पर्व के दौरान नागरिकों को निरंतर मूलभूत सुविधाएं एवं सेवा मिल सके इसके लिए प्रशासन संबंधित विभाग को अलर्ट पर रखें। पुलिस प्रशासन सभी पर्व त्योहारों को निष्पक्ष शांतिपूर्ण तरीके से सभी समुदाय की भावना नागरिक सुविधाओं को दिलाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन नजर रखें, इसके अलावा भी जो बिजली कटौती में सुधार अवैध रूप से शराब नशा कारोबार करने वालों,पर कार्रवाई की मांग अस्पताल में सुविधा दुरुस्त रखने एंबुलेंस की व्यवस्था बाहर से आने वाले कोई कोई दिक्कत ना हो।

## किशोरी राधिका उपासना के साथ जमकर झूमे ग्रामीण



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के चोंगाखार पंचायत के ग्राम गुरहा में रामनवमी के अवसर पर हो रहे नव दिवसीय प्रवचन कार्यक्रम में 12 वर्षीय कथा वाचिका सुश्री किशोरी राधिका उपासना ने अपने सरल और सुरली आवाज में बडे हीं मनमोहक ढंग से ग्रामिणों को श्री मद् भागवत कथा को सुनाई. इस बीच राधिका ने महाभारत युद्ध के उपरांत पांडवों के राज्याभिषेक से राजा परिक्षित के मृत्यु तक की कथा को बडे हीं मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया. आपको बता दें कि उक्त कथा वाचिका बिरनी प्रखंड के करमाटांड की रहने वाली है जो कक्षा आठवीं की छात्रा है. वह वृंदावन में रहकर गुरु के सानिध्य में अध्ययन कर रही है. इस बीच स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राम लखन वर्मा ने कहा कि विलक्षण स्वभाव के इस कन्या की बोलने की शैली से मंत्रमुग्ध हुं, जिस प्रकार की इनकी बोलने की शैली है निश्चय हीं इनका भविष्य उज्जवल होगा. मौके पर स्थानीय मुखिया देवकी देवी, भवानी प्रसाद वर्मा, सरयु प्रसाद वर्मा, दशरथ प्रसाद वर्मा, पुर्व पंचायत समिति राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, रामधनी वर्मा, प्रवीण वर्मा, सुनील वर्मा, बाबुलाल महतो, बलराम प्रसाद वर्मा, समेत हजारों लोग उपस्थित थे।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी बनियाहीर के प्रांगण मे डीएवी



अभिक्षामता संवर्धन कार्यक्रम के तहत एक दिवासीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक डीएवी कुसुंडा के वरिष्ठ शिक्षक डॉ रास बिहारी राय ने प्रशिक्षण विषय स्वास्थ्य और स्वच्छता' पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया। डॉ राय ने अपने व्याख्यान मे बच्चों का शिक्षकों तथा पारिवारिक सदस्यों के साथ भावनात्मक और सहयोगात्मक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। दोनों के सहयोग के बिना बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव नहीं।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य एस मोदक के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने उपस्थित शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से शिक्षक लाभान्वित होकर अपने शिक्षण कार्य में इसका उपयोग करें। कार्यशाला में डीएवी जामाडोबा के वरिष्ठ शिक्षक संजीव श्रीवास्तव सहित डीएवी कुसुंडा के शिक्षक शिक्षिकाएँ भी सम्मिलित हुए। इस कार्यशाला से लगभग 60 शिक्षक शिक्षिकाएं लाभान्वित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सर्वेश्वर मिश्रा, उज्जवल मुखर्जी, डी के पाणिनि, शुभांकर सरकार और वरिष्ठ शिक्षिका सोमा बनर्जी आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला के सफलता पूर्वक संपन्न होने पर प्राचार्य ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

## एकदिवसीय संगोष्ठी व कार्यशाला का हुआ आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ST हस्तशिल्पियों के लिए एकदिवसीय



संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन धनबाद के सोनोटेल होटल में हुआ। वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम के तहत अनुसन्धान और विकास योजना के अंतर्गत ST हस्तशिल्पियों के लिए इस कार्यक्रम का उद्घाटन धनबाद विधायक राज सिन्हा ने किया।

## अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का आठवां दो वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का आठवां दो वार्षिक अधिवेशन भूदेव सिंह चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में सचिव पद के लिए कमलेश्वर सिंह, अध्यक्ष पद के लिए भाव देव सिंह चौधरी, कोषाध्यक्ष के लिये मोबिन अंसारी एवं विनोद प्रमाणिक सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने गए। कमलेश्वर सिंह सचिव पद के लिए लगातार पांचवी बार सर्वसम्मति से चुने गए। सिंह ने ग्रामीण डाक सेवकों को आश्वस्त किया की जिस विश्वास से आप लोगों ने मुझे चुना उस पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करूंगा। इस अधिवेशन में रांची सर्किल से रामेश्वर गोप, पुरंजय कुमार, प्रभात रंजन, रवि रंजन सिंह, अशोक सिंह के अलावे 350 ग्रामीण डाक सेवक ने भाग लिया। इस अधिवेशन को सफल बनाने में प्रकाश कुमार हेमरम, मोबीन अंसारी, सिनोद प्रमाणिक की मुख्य भुमिका रही।

## कंप्यूटर रेवुलशन पॉइंट इंस्टीटूट का उद्घाटन

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कसमार प्रखंड के खैराचतार मैन रोड में कंप्यूटर रेवुलशन पॉइंट इंस्टीटूट का उद्घाटन कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति डे ने फीता काटकर किया है। इस दौरान प्रमुख श्रीमति डे ने कहा कि तकनीति शिक्षा के लिए यह संस्थान ग्रामीण छात्रों को विशेष अवसर पैदा करेगी। उन्होंने कहा कि साधारण शिक्षा के साथ साथ तकनीकी शिक्षा से रोजगार मिलना आसान हो जाता है।

## कोडरमा-तिलैया नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत कोडरमा-झरही रेलखंड पर दिनांक 27.03.2023 को किया जायेगा सीआरएस निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** 65 किमी लंबे कोडरमा-तिलैया नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत नवनिर्मित 17 किमी लंबे कोडरमा-झरही रेलखंड पर दिनांक 27.03.2023 को संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जायेगा तथा निरीक्षण के उपरांत विषेष ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल किया जायेगा। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त निरीक्षण के दौरान रेलवे लाईन से दूर रहें । इसकी अवहेलना करने पर यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए रेल प्रषासन जिम्मेवार नहीं होगा। विदित हो कि 65 किमी लंबे कोडरमा-तिलैया नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत 24 किमी लंबे तिलैया से खरौंध तक निर्माण कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है तथा 17 किमी लंबे कोडरमा से झरही तक का निर्माण कार्य पूरा होने के पष्चात दिनांक 27.03.2023 को सीआरएस निरीक्षण किया जायेगा । शेष बचे झरही से खरौंध तक का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है ।

# अजूबा : हवाई जहाज से भी महंगी है एलेप्पी एक्सप्रेस की फर्स्ट एसी की टिकट, खाली रहती है सीटें

## बोगी घटने बाद से जनरल बोगियों में तो पैर रखने तक की जगह नहीं, इसलिए दूर हो रहे यात्री

- 2535 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली एलेप्पी एक्सप्रेस के हैं 75 स्टॉपेज
- ट्रेन में 80 प्रतिशत सीट काटपाड़ी (सीएमसी वेल्लोर) के लिए होती है बुक
- काटपाड़ी स्टेशन पर मात्र पांच मिनट रुकती है यह ट्रेन आधी रात 1.35 बजे काटपाड़ी पहुंचती है एलेप्पी, रात में मरीज को लेकर स्टेशन पर भटकते हैं लोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद से रोजाना खुलने वाली एलेप्पी एक्सप्रेस को एंबुलेंस ट्रेन माना जाता है। इस ट्रेन में 75 से 80 प्रतिशत यात्री इलाज के कारणों से ही बुकिंग कराते हैं। ऐसे तो एलेप्पी एक्सप्रेस नन सुपरफास्ट ट्रेन है लेकिन इसका किराया हवाई जहाज से भी अधिक है। सुनने में अटपटा भले लग रही हो, पर बात 16 आना सही है। रांची से करीब चार हजार रुपए में फ्लाइट से लोग चेन्नई पहुंच जाते हैं जबकि धनबाद से काटपाड़ी का एलेप्पी एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी का किराया 4835 रुपए है। एलेप्पी एक्सप्रेस का भारी भरकम किराया होने के कारण सालों भर व्यस्त रहने वाली इस ट्रेन में हर दिन फर्स्ट एसी की सीट खाली रह जाती है। यदि हम रांची से भी काटपाड़ी की बात करें तो वहां से भी एलेप्पी एक्सप्रेस में फर्स्ट एसी का किराया 4515 रुपए है। जबकि रांची से चार पांच हजार रुपए में चेन्नई जाने के लिए कई फ्लाइट मौजूद हैं। दुर्गापुर (अंडाल) से भी चेन्नई की फ्लाइट का किराया पांच हजार रुपए के आसपास है। एलेप्पी एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी की खाली सीटों पर अनधिकृत यात्री सफर कर रहे हैं जबकि स्लीपर, थर्ड एसी और सेकंड एसी में 100 प्रतिशत सीट बुक रहती है।

## सांसद ने जरिडीह कांड में सरकार से न्यायिक जांच की मांग की



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोडरमा लोकसभा सांसद सह शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी प्रखंड क्षेत्र के बहुचर्चित जरीडीह कांड में बिरनी पुलिस की कार्रवाई के दौरान पीड़ित ग्रामीणों से मिलने जरीडीह पहुंची, और झारखंड सरकार से उक्त कांड की न्यायिक जांच की मांग दोहराते हुए दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग किया साथ हीं फर्जी तरीके से ग्रामिणों पर किये गये मुकदमे को वापस लेने की मांग किया गया. मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, सांसद प्रतिनिधि जिला प्रशासन देवनाथ राणा, मुखिया संघ जिला महामंत्री मुकेश यादव, बिरनी सांसद प्रतिनिधि महेंद्र कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, मुखिया संघ प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव, मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, सांसद प्रतिनिधि विद्युत विभाग मनोज चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि अंचल कैलाश पासवान, सांसद प्रतिनिधि पेजल आपूर्ति विभाग सूरज मोदी, भरकट्टा महामंत्री सुरेंद्र , मुखिया कुंवर नारायण समेत सैंकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## डीआईजी ने तोपचांची थाना का किया वार्षिक निरीक्षण



**गोमो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीआईजी मयूर पटेल ने रविवार को तोपचांची थाना की वार्षिक निरीक्षण की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तोपचांची इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जय शंकर प्रसाद को कई अति आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं उन्होंने हरिहरपुर, तोपचांची तथा बाघमारा थाना के फाइलों की जांच करते हुए संबंधित थाना प्रभारियों को कई दिशा निर्देश दी तथा कई मामलों की जानकारी ली। इसके पूर्व उनके आगमन पर जवानों द्वारा सलामी दी गई। तत्पश्चात डीआईजी द्वारा जवानों का परिचय प्राप्त किया गया। मौके पर बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू भी मौजूद रही।

# कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अपने खून से लिखा, राहुल गांधी हम आपके साथ हैं

प्रभात मंत्र संवाददाता

**आसनसोल :** पश्चिम बर्दवान जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता निरस्त करने के विरुद्ध सभी स्तर के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने खून से राहुल गांधी हम आपके साथ हैं, लिखकर अपना समर्थन जताया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस के सदस्य विश्वनाथ यादव ने कहा केंद्र की सरकार जनता और कांग्रेसी पर दमन के तरीके चला रही है। लहूलुहान व्यवस्था ने पूरे भारत में अराजकता का माहौल कायम कर



दिया है। नीरव मोदी, मेहुल चोकसी, ललित मोदी, विजय माल्या जैसे भगोड़ों को चोर बोलने पर संसद के पीठासीन अधिकारी ने राहुल की लोकसभा की सदस्यता निरस्त कर दी, परंतु राहुल गांधी एक योद्धा का नाम है। राहुल गांधी का मतलब मोहब्बत, भाईचारा, हर इंसाफ पसंद की आवाज, तरूणायी, मजलूमों की आवाज है। पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस के सचिव प्रसनजीत कोई ठंडी ने कहा हम कांग्रेस जन अपने खून की आखिरी बूंद तक इस लड़ाई को जारी रखेंगे। आसनसोल साउथ कांग्रेस के अध्यक्ष शाह आलम ने कहा कि अब सड़क ही संसद होगा। पश्चिम बर्दवान जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मोहम्मद शाकिर ने कहा केंद्र की सरकार के द्वारा नाजायज तरीके से हमारे नेता राहुल गांधी को फंसाया जा रहा है। समय इसका जवाब देगा। इस अवसर पर अधिवक्ता एजाज तनवीर, मनीष बरनवाल, राहुल रंजन, परस नाथ प्रसाद, अशोक राय, मोहम्मद शोएब, रशीद खान, अशफाक खान, बप्पा मजूमदार एवं अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड नवोदय विद्यालय में 7वां स्थान प्राप्त कर इलाके का नाम किया रौशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया के नावाडीह के रहने वाले सुरेंद्र साव के पुत्र आर्यन साव ने झारखण्ड नवोदय विद्यालय गिरीडीह के द्वारा आयोजित परीक्षा में 7 वां स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं इलांके का नाम रौशन किया है। गिरीडीह नवोदय विद्यालय ने नौंवी क्लास में प्रवेश के लिए कुल 11 सीटों के लिए परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें हजारों की संख्या में छात्र शामिल हुए थे। इसको लेकर निमाटांड़ में संचालित आरवी डिजिटल क्लासेस में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम भी किया गया जहां छात्र को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर लोगों ने बधाई दी और बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस बाबत कोचिंग के संचालक रमेश शर्मा ने बताया कि आर्यन मेधावी छात्र है और हमलोगों ने उसे निखारने में अपना शत प्रतिशत दिया है, हमारी और छात्र आर्यन के लगातार मेहनत का नतीजा है कि 20 हजार से भी अधिक छात्रों में सिर्फ 11 छात्रों का चयन हुआ जिसमें से एक हमारा छात्र आर्यन भी शामिल है। इस मौके पर शशिकांत रजक सहित दर्जनों छात्र छात्राएं मौजूद थे ।

### 113 वीं अंतरराष्ट्रीय श्रमजीवी नारी दिवस का छत्रुटांड़ में हुआ आयोजन

# नारी अपने आप में सर्वशक्तिमान है बस इसे एहसास करने की जरूरत है : शिखा त्रिपाठी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को मौके पर धनबाद के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत, छत्रुटांड़ पंचायत सचिवालय में श्रमजीवी नारी मंच के द्वारा नारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता उषा महतो एवं संचालन हलिमा एजाज ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक कार्यकर्ता व कवि नईम एजाज की नारी देवियों के समान शीर्षक कविता से कि गई तत्पश्चात राधु राय ने कार्यक्रम में उपस्थित नारियों को संबोधित करते हुए दरिया की कसम मौजों की कसम ये ताना बाना बदलेगा,पहले खुद को बदल पहले खुद को बदल तभी तो जमाना बदलेगा गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चक्रधरपुर से आई हुई श्रमजीवी नारी मंच की वरिष्ठ कार्यकर्ता शिखा त्रिपाठी ने कहा कि आज श्रमजीवी नारियों की



स्थिति किसी से छुपी नहीं है। नारी आज भी स्वतंत्र महसूस नहीं कर पा रही है। नारी आज भी पितृसत्तात्मक समाज की गुलाम है ।नारी अपने आप में सर्वशक्तिमान है बस इसे एहसास करने की जरूरत है।

## गोल्फ ग्राउंड में दस दिवसीय गांधी शिल्प बाजार 28 मार्च तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** 17 से 28 मार्च तक धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आयोजित 10 दिवसीय गांधी शिल्प बाजार महिला सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है। देश के लगभग 20 राज्यों के शिल्पकार सफलता की राह पर है।

सम्पूर्ण भारतवर्ष के हस्तशिल्प के अनोखे संगम को धनबाद जिले के शिल्प के कद्रदान मेले के स्टॉल के कलात्मक एवं रचनात्मक उत्पादों का अवलोकन करते हुए उत्पादों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार इसके प्रायोजक तथा ऑल इंडिया परिवर्तन सेवा समिति बाजार के द्वारा आयोजित इस शानदार गांधी शिल्प बाजार में हस्तशिल्पियों को बाजार उपलब्ध कराया गया है। शिल्प बाजार में शिल्पकार और ग्राहक के बीच बिचौलिए नहीं रहने के कारण शिल्पकारों को उनके उत्पादन का सही मूल्य मिल रहा है।

# कांग्रेसियों ने किया सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान, जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपाई षड्यंत्र के द्वारा देश के लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त करने के विरोध में जिला मुख्यालय सीटी सेंटर चौक स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के आदमकद प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष व पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, एआईसीसी सदस्य सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, एआईसीसी सदस्य सह प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र की तानाशाह मोदी सरकार द्वारा हम सभी के लोकप्रिय नेता आदरणीय राहुल गांधी जी की संसद की सदस्यता रद्द किए जाने के बाद यह तय हो गया कि लोकतंत्र खतरे में है। बाबा साहब अंबेडकर जी के द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकार खतरे में है। देश में अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म




करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में हम सभी को दायित्व है कि लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर एक लंबी लड़ाई लड़ने के लिए हम सभी को तैयार रहने की जरूरत है। वहीं मौके पर उपस्थित कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी की संसद सदस्यता पर की गई कार्रवाई तानाशाहीपूर्ण है। केंद्र सरकार ने इस कुकृत्य कार्य कर लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया है।

# बिजली दर बढ़ाने को लेकर 12 अप्रैल को झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) द्वारा झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग (जेएसइआरसी) को दी गयी बिजली दर में वृद्धि करने संबंधित प्रस्ताव पर धनबाद में 12 अप्रैल को जनसुनवाई होगी। न्यू टाउन हॉल में आयोग जनसुनवाई करेगा। इसमें जिले के तमाम चेंबर, व्यवसायिक संगठन समेत आम लोगों को आमंत्रित किया जायेगा। इस दौरान जेबीवीएनएल, बिजली दर बढ़ाने से संबंधित अपना पक्ष आयोग के समक्ष रखेगा। व्यावसायिक संगठन व अन्य लोग जेबीवीएनएल द्वारा दी जा रही सुविधाओं व बिल से आयोग को अवगत करायेंगे। जेएसइआरसी इस संबंध में राज्य के अलग-अलग जिलों में तीन से 13 अप्रैल तक जनसुनवाई करेगा। इसके बाद ही बिजली दर बढ़ाने के प्रस्ताव पर निर्णय लेगा। जेबीवीएनएल ने अगले वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए 20 प्रतिशत तक बिजली दर बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है।



**ग्रामीण क्षेत्र में 75 पैसे, शहरी में 50 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव :-** जेबीवीएनएल की ओर से इस बार ग्रामीण (घरेलू) उपभोक्ताओं के बिल में सबसे ज्यादा 75 पैसे प्रति यूनिट के दर से बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया गया है। वहीं शहरी व एचटी (घरेलू) में 50 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिल बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा है। अभी ग्रामीण (घरेलू) उपभोक्ताओं से 5.75 रुपये, शहरी (घरेलू) से 6.25 रुपये व एचटी (घरेलू) से छह रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से बिल वसूला जाता है।

**हर माह का फिक्स चार्ज भी बढ़ेगा :-** प्रस्ताव में हर माह बिल के रूप में लिए जाने वाले फिक्स चार्ज को भी बढ़ाने का जिक्र है। ग्रामीण (घरेलू) का फिक्स चार्ज 20 रुपये से बढ़ाकर 50 रुपये प्रति माह करने, शहरी (घरेलू) को 75 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये व एचटी (घरेलू) का 100 रुपये को बढ़ाकर 200 रुपये करने का प्रस्ताव है।

## गरीबों के टैक्स से अमीरों की सेवा कर रही है सरकार, ग्रामीण इलाके बुनियादी सुविधाओं से वंचित : राजेश यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** सरकार आम जनता से टैक्स लेकर अमीरों की सेवा करने में लगी है, जबकि गांवों में बसने वाली देश की अधिकांश आबादी आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए मोहताज है। लोगों को शासक वर्ग की इस साजिश को समझकर अपने अधिकारों की लड़ाई तेज करनी होगी। उक्त बातें भाकपा माले नेता राजेश यादव ने आज सदर प्रखंड के शादी गवारो में आयोजित स्थानीय लोगों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में मोजूद लोगों ने इलाके की समस्याओं से माले नेता को अवगत कराते हुए इसे लेकर संबंधित प्रतिनिधियों शासन



और सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। वहीं उनकी बातें सुन कर यादव ने कहा कि, सदर प्रखंड के इस इलाके की कोई भी सड़क चलने लायक नहीं, स्कूलों का हाल बुरा है, चिकित्सा की कोई सुविधा नहीं, रोजगार का अभाव है, लोग काम के लिए पलायन करते हैं, लेकिन इलाके में मिट्टी के बड़े बड़े कार्य भी मशीनों से कराए जाते हैं, मनरेगा में भी लूट मची है। उन्होंने प्रशासन तथा सरकार से जनता की समस्याएं हल करने की मांग की जबकि लोगों से भी संगठित होकर अधिकारों की लड़ाई तेज करने की अपील की। माले नेता की अपील पर आसपास के सभी गांव/टोलों में मेहनतकशों का संगठन निर्माण करने का निर्णय लिया गया जिसके लिए एक कमिटी बनाई गई।

कांग्रेस अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में संकल्प सत्याग्रह कार्यक्रम का हुआ आयोजन कहा,

# राहुल की सदस्यता रद्द करवाना इससे सत्य साबित हो रहा है कि लोकतंत्र खतरे में है

➲केंद्र की मोदी सरकार राहुल गांधी के लोकप्रियता से घबराये एवं डरे हुए हैं




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज दिनांक 26 मार्च 2023 को लोहरदगा नगर परिषद स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष संकल्प सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के नेतृत्व में किया गया जिसमें जिले से आए सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने कहा कि केंद्र की तानाशाह मोदी सरकार द्वारा हम सभी के लोकप्रिय नेता आदरणीय राहुल गांधी जी की संसद की सदस्यता रद्द करवा दी गई है इससे यह बात सत्य साबित हो रहा है कि आज देश का लोकतंत्र खतरे में है। बाबासाहेब अंबेडकर जी के द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकार खतरे में है। अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म किया जा रहा है जो देश के लिए दुर्भाग्य है। ऐसे में हम सभी कांग्रेसियों का दायित्व बनता है कि लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर के एक लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहना होगा। जिस तत्परता के साथ आदरणीय राहुल जी के संसद सदस्यता को रद्द किया गया इससे साफ जाहिर होता है केंद्र की मोदी सरकार राहुल गांधी के लोकप्रियता से घबराये एवं डरे हुए हैं। विगत दिनों अडानी के मुद्दे को लेकर राहुल जी ने जिस तरह से संसद में अपनी बातों को रखा और सरकार को बेनकाब करने का काम किया और अडानी मुद्दे को लेकर संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग को मुखर होकर उठाया इन्हीं बातों से बौखला कर राहुल जी के खिलाफ इन्होंने साजिश रचने का काम किया है। इस बात को आज देश की जनता तक पहुंचाने का काम हम कांग्रेसी करेंगे। राहुल जी की सत्य की लड़ाई और संघर्षों को हम कांग्रेसी आगे लेकर जाएंगे वर्तमान समय में देश के अंदर बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है आमजन के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए मोदी सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को सीबीआई और ईडी जैसे संस्थाओं का भय दिखाकर परेशान करना चाहते हैं और उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं दूसरी ओर अपने मित्र अदानी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना चाहते हैं इसी सच्चाई को देश के सामने लाने के लिए राहुल जी ने संकल्प लिया है। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष शकील अहमद, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल मोहन दुबे, प्रभात भगत, समूल अंसारी, सदरुल अंसारी, ठाकुर प्रसाद, वारिस कुरैशी, तनवीर गौहर, युनूस अंसारी, विनोद खैरवार, अनीस अहमद, अनिल उरांव, सत्यदेव भगत, अमृता उराव, हाजी सिकंदर अंसारी, विशाल डुंगडुंग, विनय उरांव, शंभू प्रजापति, शेखर भगत, सुशीला देवी, सुखी उरांव, बबीता देवी, पुनीता उरांव, राजमणि उरांव, सरस्वती कचछप, सविता उरांव, सैफ अहमद, कुणाल अभिषेक, महेंद्र भगत, नंदकिशोर शुक्ला, मुस्ताक अहमद, दिनेश प्रसाद, अनमोल तिर्की, जमील अंसारी, राजू कुरैशी, मंजन उरांव, मुनीम अंसारी, रफीक अंसारी, आजाद खान, संतोष महतो,इमरान आजाद,जयवंत कुजुर, सुनील लकड़ा, जीवन लकड़ा, शिव चंद्र भगत, नीरज टोप्पो, विजय भगत, प्रदीप महली, अफरोज अंसारी, विनोद उरांव, अभय कुमार, कमरुल इस्लाम, सूरज मुंडा, प्रकाश भगत, राजेश लाल, असलम खान, मुजाहिद अंसारी, महेश कुमार, बेदिया कबीर अंसारी, जफर इमाम, तौसीफ आलम, मुशर्रफ राजा, शुभम सहदेव, रशीद अंसारी, सोहेल अख्तर, कैस आलम, एतवा उरांव, अवधेश उरांव,रवि कुमार साहू, जैनुल अंसारी, अवधेश पाठक, रमेश उरांव, शेख सादिक, अबू रेहान, परमेश्वर उरांव समेत सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित थे।

## तेजस्विनी परियोजना अंतर्गत मनाया गया पोषण पखवाड़ा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तेजस्विनी परियोजना सेन्हा प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत सचिवालय तोड़ार पर पोषण पखवाडा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किरण पण्डित ज़िला महिला पुलिस थाना पदाधिकारी द्वारा सही पोषण-देश रोशन के साथ पोषण कि आवश्यकता एवं स्वास्थ्य को महिला सुरक्षा से जोड़ते हुए इस विषय पर प्रकाश डाला। देशभर में 20 मार्च से 3 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से मनाए जा रहे इस पखवाड़ा का उद्देश्य, जन आंदोलन और जन भागीदारी के माध्यम से किशोरियों एवं युवतियों को पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और खान-पान की स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना है। पोषण पखवाड़ा 2023 की थीम है- ÷सभी के लिए पोषण÷ एक साथ, स्वस्थ भारत की ओर। वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष के रूप में घोषित होने के साथ, इस वर्ष पोषण पखवाड़ा का केंद्र-बिंदु, कुपोषण को दूर करने के लिए एक मूल्यवान संपत्ति के रूप में 'श्री अन्न' को लोकप्रिय बनाने पर होगा। कार्यक्रम के थीम से सम्बंधित कार्यक्रम मे प्रथम स्थान सोनम कुमारी, द्वितीय नाटक ग्रुप एवं तृतीय स्थान ग्रुप डान्स रहा। जिनको अतिथियों द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पंचायत समिति सदस्य मो.सैफुद्दीन अंसारी, तेजस्विनी जोनल ट्रेनिंग स्पेशलिस्ट कृष्ण यादव, महेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय तेली महासंगठन युवा जिला अध्यक्ष आदित्य कुमार साहू, गवेल, गजाला प्रवीण, रिचा इन्द, सुषमा साहू, खुशबु साहू, आंगनवाडी सेविका शालू, तेजस्विनी क्लब कि सभी किशोरियां एवं उनके अभिभावक सम्मलित हुए। कार्यक्रम का संचालन रिचा इन्द ने किया।

## समाज को आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले राहुल गांधी की सजा स्वागत योग्य : अजय पंकज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** तेली समाज संरक्षक अजय पंकज ने विज्ञप्ति जारी करते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी ने चार साल पहले हमारे समाज के खिलाफ सार्वजनिक रूप से जो अपमानजनक बातें की थी, उस संदर्भ में अदालत ने आज उन्हें जो सजा सुनाई है, हम उसका स्वागत करते हैं। अदालत का फैसला यह दर्शाता है कि देश का कानून और देश का संविधान सबसे ऊपर है और उसकी नजर में देश के सभी नागरिक समान हैं। अदालत का निर्णय यह भी सिद्ध करता है कि चाहे कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो, यदि उसने अपराध किया है तो उसे सजा जरूर मिलेगी। राहुल गाँधी ने हमारे समाज के बारे में जो अनर्गल और आपत्तिजनक बातें की थी, उसकी हम सब ने तब भी निंदा की थी, आज भी निंदा कर रहे हैं। लेकिन, अदालत द्वारा सजा सुनाने के बावजूद जिस तरह से राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी के नेता उन अपमानजनक बातों को सही ठहरा रहे हैं, वह बताने के लिए काफी है कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं की मंशा क्या है और तेली समाज सहित सभी ओबीसी समाज के बारे में उनकी सोच क्या है। राहुल गाँधी अभी भी राजशाही सोच से बाहर नहीं निकले हैं। क्या हमारे समाज के खिलाफ देश के एक बड़े नेता का ऐसा निंदनीय बोलना उन्हें शोभा देता है। क्या यह देश के संविधान का अपमान नहीं है। क्या यह आत्मसम्मान के साथ जीने वाले हम सभी लोगों का अपमान नहीं है। क्या राहुल गाँधी देश से और देश के संविधान से इतने बड़े हो गए हैं कि हमें गाली देने का उन्हें अधिकार मिल गया है। माफी मांगना तो दूर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कांग्रेस के तमाम नेता जिस तरह से इसे सही ठहराने में जुटे हुए हैं, इससे यह सिद्ध होता है कि वे हमारा अपमान ही अपना नैतिक धर्म समझते हैं। राहुल गाँधी ये मानना छोड़ दें कि वह और उनका परिवार देश से ऊपर है। यदि राहुल गाँधी और देश की जनता को लगता है कि वे देश के संविधान और देश के क़ानून से ऊपर हैं तो ये उनकी भूल है। राहुल गाँधी जी और कांग्रेस के नेता यदि मानते हैं कि वे अपने ही देश के नागरिक को अपशब्द कह सकते हैं तो हमें भी देश के संविधान ने आपके खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का अधिकार दिया है।

## युवाओं के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए सरकार अग्रसर : मोजम्मिल अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति की बैठक जिला अध्यक्ष मुजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में जिला कार्यालय लोहरदगा में रखी गई। जिसमें मुख्य रुप से संगठन को लेकर चर्चा की गई एवं बुद्धिजीवी मोर्चा कमिटी गठन किया गया। आए हुए नामों को केंद्रीय समिति को भेजने का निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड वासियों के लिए नए-नए योजना लाकर जनता को सुविधा पहुंचाने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन चुनाव के समय जो वादा किए थे वह वादा पूरा करने का काम कर रहे है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक-एक कार्यकर्ता ने संगठन को मजबूत करने का काम कर रहे हैं और प्रखंड एवं पंचायत के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिया गया है कि राज्य सरकार के लाए हुए योजनाओं को एक व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें। कहा कि श्री हेमन्त सोरेन के सरकार में सभी वर्गों का विकास हो रहा है,आज सरकार राज्य के युवाओं को फ्री में विदेशों में पढ़ने भेज रही है, जिससे कि राज्य के युवा देश ही नही विदेशों में भी राज्य का नाम रौशन करने का काम कर रहे है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले पंद्रह दिनों के अंदर सभी मोर्चा का गठन कर केंद्रीय समिति को भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में झामुमो का सदस्यता अभियान चलाकर झामुमो से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ा जाएगा।

## विद्या कुमारी 97.6 प्रतिशत अंक लाकर बनी विद्यालय टॉपर : एस के झा



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में 26 मार्च को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सत्र 2022 -23 का विद्यालय का रिजल्ट काफी सराहनीय रहा है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के बाद छात्रों ने खूब परिश्रम किया, जिसका सुखद परिणाम है कि इस सत्र का रिजल्ट हर वर्ष की भांति सराहनीय रहा है। एस के झा ने बताया कि पूरे विद्यालय में वर्ग 8 ए की छात्रा विद्या कुमारी 97.6 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। जबकि 97.3 प्रतिशत लाकर सप्तम ए की निष्ठा मानसी ने दूसरा और वर्ग 9 बी की आस्था जयसवाल ने 92.2त्न अंक लाकर पूरे विद्यालय के उच्च सेक्शन में तीसरा स्थान प्राप्त की। इसी प्रकार 11 वीं कक्षा में पीसीएम में सूरज कुमार,पीसीबी में सुनिधि सहदेव, कॉमर्स में एनी उरांव तथा ह्यूमैनिटी में गुनगुन कुमारी अपनी संकाय में टॉपर रही। प्राचार्य एसके झा ने बताया कि प्राइमरी सेक्शन में नर्सरी में दीपांश राज, एलकेजी में अनुभव उरांव,यूकेजी में आदित्य यादव, प्रथम कक्षा में राही उराव, द्वितीय कक्षा में फूल कुमारी,तृतीय कक्षा में प्रिया कुमारी, चतुर्थ कक्षा में उत्कर्ष राज और पंचम कक्षा में प्रिंस उरांव टॉपर बने। उन्होंने बताया कि कक्षा पंचम के प्रिंस उरांव 96.13 प्रतिशत अंक लाकर प्राइमरी सेक्शन में टॉपर बने। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि के लिए प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाया गया छापामारी अभियान



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के किस्को प्रखंड के बगड़ू थाना के थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा के अगुवाई में पुलिस बल के द्वारा अवैध महुआ शराब की विक्री करने वालो के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमे छापेमारी के क्रम में करीब 30 लीटर से अधिक फुला हुआ महुआ बरामद कर मौके पर ही नष्ट किया गया। हालांकि महुआ शराब कम मात्रा में बरामद हुआ था। जिसके कारण किसी की गिरफ्तारी नही हुई। वहीं शराब विक्रेताओं को छापामारी की जानकारी मिलते ही शराब छोड़कर भाग निकलें। इस दौरान चरहु गांव के विभिन्न जगहों में छापेमारी किया गया। मौके पर थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि शराब बनाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी कोई भी शराब विक्री करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि पर्व के दौरान शराब पीकर हुड़दंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सौहार्द एवं शांति पूर्वक रामनवमी मनाने को लेकर हुआ कमिटी गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** आगामी रामनवमी मेला सफल संचालन हेतु चितरी सप्ताहिक बाजार में मेला कमिटी गठन को लेकर मुखिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के डांडु पंचायत स्थित चितरी सप्ताहिक बाजार प्रांगण में आगामी रामनवमी मेला आयोजन को लेकर पंचायत क्षेत्र के राम भक्तों के साथ मुखिया दिलीप उराँव की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित किया गया। आयोजित बैठक के दौरान क्षेत्र में सौहार्द एवं शांति पूर्वक पर्व मनाने एवं मेला आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही पूर्व रामनवमी मेला कमिटी को भंग करते हुए नए कमिटी का गठन किया गया।आयोजित बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लेते हुए राजेंद्र साहू को अध्यक्ष धर्मदेव मुंडा को सचिव मुन्नी उरांव को कोषाध्यक्ष सुबोध राम को उपाध्यक्ष जगत पाल उरांव को सहसचिव विकास साहू को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि दुर्गा राम, सधनु लोहरा, रोहित उरांव, उदय सिंह गंदुर महतो सहित 10 व्यक्तियों को मुख्य संरक्षक का जिम्मेबारी सौपा गया। इसके अलावे महाबीर साहू, सचिन उरांव, धीरज पाठक, सहित 10 युवाओं को व्यवस्थापक का जिम्मेवारी दिया गया है। कमिटी गठन के पश्चात रामनवमी जुलूस को लेकर भी रणनीति बनाई गई और चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 31 लोग अपना इलाज कराकर हुए लाभान्वित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 40 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं सहसचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 31 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद अग्रवाल को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया। जिला अध्यक्ष एवं डॉ अग्रवाल ने कहा कि जीव सेवा करने से बड़ा कोई भी पुण्य का कार्य नहीं है,इनकी जितनी भी सेवा की जाए कम है और कहा कि यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में अब तक काफी लोगों ने चेकअप करा कर लाभान्वित हुए हैं,इस बीच कई बीमारियों के चिकित्सक शिविर में आकर अपना सेवा देते आए हैं,जिला अध्यक्ष व उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए,लोगों ने डॉ कुमुद अग्रवाल से बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द एवं हाइड्रोसील आदि का चेकप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे।

## भीखाराम उरांव की अध्यक्षता में आंदोलनकारियों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के भड़गाँव पंचायत ग्राम स्थित बाजार टांड़ में झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा का बैठक भीखराम उराँव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। रविवार को सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के झारखण्ड आंदोलनकारियों का आयोजित बैठक में मुख्यरूप से झारखण्ड आंदोलनकारी मोर्चा के जिला सह संयोजक जहेरा बेगम उपस्थित थी। बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए रूप रेखा तैयार किया गया। मौके पर मौजूद जिला सह संयोजक जहेरा बेगम और भीखराम उराँव ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजू महतो और अश्विनी कुजूर के इशारे पर झारखण्ड आंदोलनकरी मोर्चा के जिला संयोजक रामनन्दन साहु पर सीता उराईन द्वारा आंदोलनकरियो से पैसा मांगने की बात कही गई है। जो यह आरोप बेबुनियाद और निराधार है। साजिश के तहत रामनन्दन साहु को बदनाम करने का राजनीतिक षड्यंत्र है। साथ ही कहा कि कोई भी आंदोलन कारी पैसा देने या मांगने की बात को नही स्वीकारा है।

## बाजार में लगे होटल के ऊपर गिरा सालो पुराना आम का पेड़, बाल-बाल बचे ग्रामीण



**ठेठईटाँगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटाँगर थाना क्षेत्र के ठेठईटाँगर बाज़ार टाँड में स्थित सालो पुराना आम का पेड़ अचानक मौसम के बदलते ही जोरो से आँधी तूफ़ान आने से रविवार बाज़ार में लगाये हुए होटल के ऊपर गिरा। अचानक इतने विशाल पेड़ के गिरने से लोगों को संभलने का मौक़ा नहीं मिला। हालाँकि किसी को कोई हानि नहीं हुई है। सालों पुराना आम का पेड़ गिर जाने से बाज़ार में व्यवसाईयो पर भय व्याप्त हो गया है। कुछ ग्रामीणों और बाज़ार आए हुए लोगो से बातचीत करने पर यह पता चला है कि ठेठईटाँगर थाना क्षेत्र के इस बाज़ार टाँड में जो कि यहाँ का बहुत पुराना बाज़ार है और सप्ताह में तीन दिन बाज़ार लगता है।

## पीएम ने आर्गन डोनेशन करने वाली महिला की कार्यो का प्रशंसा कर झारखंड का बढ़ाया मान : सुरज मोहन साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 26 मार्च महिने के अंतिम रविवार को पीएम मन की बात कार्यक्रम 99 एपिसोड का लाईव प्रखंड भाजपाईयों ने टी0वी0, रेडियो,व स्मार्ट फोन पर सुना। प्रखंड के बूथ संख्या 168 पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, राजेश सोनी व अन्य भाजपायी के साथ सुनते हुए सूरज मोहन साहू ने कहा कि पीएम ने झारखंड की सरायकेला की महिला स्नेहलता चौधरी की आर्गन डोनेशन (अंग दान) के कार्यो की प्रशंशा करते हुए झारखंड की नारी शक्ति का मान बढ़ाया है, 63 वर्षीय सरायकेला निवासी स्नेह लता चौधरी अपनी शरीर त्यागने से पूर्व अपनी हार्ट, किडनी, लीवर, आँत को दान कर समाजिक जीवन में एक मिशाल कायम की है। पीएम ने स्नेहलता चौधरी के पुत्र अभिजित् चौधरी से दूरभाष पर बात कर परिवार के इस समाजहित फैसले पर पीएम ने अभिजित् चौधरी को देश की और से हृदय से बधाई दी। पीएम ने नारी शक्ति की ऊर्जा को विकसित भारत का प्राण वायू बताया। उन्हौंने कहा कि 75 वर्षो मे नगालैंड में पहली बार दो महिला विधायक चुन कर शासन सत्ता की भागीदारी संभाल रही है, देश की बेटियाँ लोकोपायलाट बनकर शौर्य की झंडा बुलंद कर रही है। उन्हौंने कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की चर्चा करते हुए कश्मीर के डल झील मे कमल पुष्प उत्पादन कर कमल के तने का (नादरू का खेती कर) विदेशों में व्यापार करने वाले किसान के कृषि तकनीक कार्यो की प्रशंशा की। वही पीएम ने दमन एवं दीव मे सोलर ऊर्जा के क्षेत्र मे 52 करोड़ रुपये की विद्युत बचत करने वाले लोगों के कार्यो को भी पीएम ने मन की बात कार्यक्रम में बहुत बहुत प्रशंशा करते हुए लोगो प्रेरणा लेकर बिजली बचत के क्षेत्र में कार्य करने पर बल दिया। साहू ने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम से समाजिक जीवन पर देशहित मे लोगो को नई-नई तकनिक से कार्य करने प्रेरणा मिलती है। हर आम व खास लोगों को महिने के अंतिम रविवार को कार्यक्रम का लाईव अवश्य सूनना चाहिए।

# सिमडेगा जिला कांग्रेस कमिटी ने लिया सत्याग्रह कर लोकतान्त्रिक मूल्यों को बचाने का संकल्प




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की के नेतृत्व में सिमडेगा गांधी मैदान स्थित महात्मा गांधी जी के प्रतिमा के पास जिला कांग्रेस कमिटी ने संकल्प सत्याग्रह कर लोकतान्त्रिक मूल्यों को बचाने का संकल्प लिया ।जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने अलोकतांत्रिक तरीके से सांसद राहुल गांधी जी की सदस्यता छीन लेने पर मोदी सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल पे निशाना है, अडानी को बचाना है एक शहीद के बेटे पर बार बार ये हमला क्यों? जिस इंदिरा गांधी जी ने देश के लिए जान दे दी, उसके पोते पर इतने वार क्यों क्योंकि उन्होंने आपके भ्रष्टाचार और मिलीभगत पर आवाज उठा दी। क्योंकि उन्होंने गौतम अडानी को 20,000 करोड़ रुपये कहाँ से मिले? क्योंकि उन्होंने ये पूछ लिया कि नीरव मोदी और मेहुल चौकसी देश के 14,000 करोड़ लेकर कैसे भाग गया? किसने उसकी मदद की? भ्रष्टाचार के आवाज उठा रहे व्यक्ति पर पूरी सत्ता के द्वारा हमला किया जा रहा है । विपक्ष के नेता का क्या काम है? जनता की आवाज उठाना। जनता की आवाज महात्मा गांधी, पं नेहरू, सुभाष बोस, सरदार पटेल, मौलाना आजाद ने उठाई। अंग्रेज उन्हें इसकी सजा देते थे। आज वही काम मोदी जी कर रहे हैं। जनता की आवाज उठाने पर, भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए राहुल गांधी को सजा दे रहे हैं। राहुल जी जब से राजनीति में हैं किसानों की आवाज उठाते हैं, भूमि अधिग्रहण कानून लाए। किसान की रक्षा हुई। जब मोदी जी ने भूमि अधिग्रहण कानून खत्म करने की कोशिश की उसके खिलाफ राहुल गांधी जी खड़े हो गए और ऐसा करने से रोका। कौन है इस देश का किसान ? वह ओबीसी है, दलित है, सवर्ण समाज का है- राहुल जी उनके लिए लड़े। अब मोदी इसकी सजा देंगे? मोदी जी किसानों के खिलाफ तीन काले कानून लाए - राहुल जी संसद में , सड़क पर किसानों के साथ खड़े हुए। अब मोदी इसकी सजा देंगे? आदिवासियों की जमीन, उनके जंगल और पानी के लिए राहुल जी खड़े हुए। उड़ीसा का और देश का एक एक आदिवासी जानता है कि राहुल जी ने उनके जल जंगल जमीन के अधिकार की रक्षा की। अब मोदी इसकी सजा देंगे? भारत का नौजवान जो बेरोजगारी की मार झेल रहा है। ऐसा एक दिन नहीं जाता जब नौजवानों के रोजगार और भविष्य की बात राहुल जी नहीं उठाते। राजनीति के अंदर उनकी सबसे बड़ी चिंता देश के युवा की है। उनकी आवाज वो हर मंच से उठाते हैं। अब मोदी इसकी सजा देंगे? नोटबंदी के घोटाले ने गरीब को, छोटे व्यापारी को भयंकर नुकसान किया। मोदी की गलत त्नस्न्न ने लाखों दुकानदारों का, करोड़ों छोटे छोटे व्यापारियों का धंधा चौपट कर दिया। आम जनता के लिए कितनी महंगाई कर दी। आटा, नमक, दूध, तेल, खाने पीने का सामान, घर की चीजें, गैस, पेट्रोल, डीजल महंगा कर दिया। राहुल जी रोज इसके खिलाफ बोलते हैं। रोज छोटे व्यापारियों, छोटे दुकानदारों का दर्द उठाते हैं। गलत को गलत कहते हैं। अब मोदी इसकी सजा देंगे? देश में कहीं भी दलितों पर अत्याचार होता है, गरीब के साथ अन्याय होता है, स्ष्ट-स्ञ्ज ऐक्ट को खत्म करने की कोशिश मोदी जी करते हैं। राहुल जी दलितों के लिए, गरीबों के लिए ढाल बनकर खड़े हो जाते हैं। जैसा गुरु गोविंद सिंह जी ने कहा था ÷सूरा से पहचानिए जो लड़े दीन के हेत, पुर्जा पुर्जा कट मरे कबहू न छाड़े खेत÷। अब मोदी इसकी सजा देंगे? चाहे महिला आरक्षण का मामला हो, महिलाओं के अधिकार की बात हो, कहीं पर भी देश की महिलाओं के साथ अन्याय अत्याचार होता है - राहुल गांधी उनके लिए न्याय के लिए, देश की बेटी की गरिमा के लिए एक सगे भाई की तरह खड़े हो जाते हैं।

## चलते चलते एक नजर

### विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का रेल मंत्री ने किया निरीक्षण


**जम्मू।** रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना के अंतर्गत चिनाब दरिया पर बन रहे विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज का निरीक्षण किया। इस दौरान रेल मंत्री ने पुल पर बिछाई गई पटरी पर ट्रॉली ट्रायल रन का भी रियासी में सफल परीक्षण किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि दिसंबर-जनवरी तक इन पटरियों पर ट्रेनें दौड़ना शुरू हो जाएंगी।उन्होंने कहा कि रेल के माध्यम से देश के अन्य हिस्सों को कश्मीर घाटी के साथ जोडने में पुल अहम भूमिका अदा करेगा। इस दौरान केंद्रीय रेल मंत्री ने चिनाब ब्रिज पर भूमि पूजन भी किया। पुल के निरीक्षण दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ बातचीत भी की। उन्होंने कहा कि आज एक महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि चिनाब पुल पर ट्रॉली चलाई गई और कई सुरंगों का भी निरीक्षण किया जा रहा है। 2014 से पहले ऐसी परियोजनाओं के लिए 700-800 करोड़ रुपये आवंटित किए जाते थे, लेकिन आज इस परियोजना के लिए 6,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।उधमपुर-श्रीनगर बारामुला रेल लिंक कुल 272 किलोमीटर लम्बा है। कटडा से बनिहाल की दूरी 111 किलोमीटर है। पुल बनाने का काम वर्ष 2004 में शुरू हुआ था। पुल की ऊंचाई दरिया चिनाब से कुल 359 मीटर है, जो एफिल टॉवर से 35 मीटर ज्यादा है। पुल की कुल लंबाई 1.3 किलोमीटर है, जिस पर ट्रेन गुजरेगी। अधिकारियों के अनुसार पुल का निर्माण सभी प्रकार की भौगोलिक और तकनीकी परिस्थितियों को ध्यान में रख कर किया जा रहा है। इस पर चलने वाली तेज हवाएं भी असर नहीं करेगी। अत्यधिक तापमान और भूकंप से भी इस पर कोई असर नहीं होगा। रेल मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में परियोजना को प्राथमिकता दी गई है। वर्ष 2014 से इसे बनाने के लिए बजट को छह गुना बढ़ाया गया है। आने वाले वर्ष में रेल के जरिये घाटी को जम्मू के साथ जोडा जाएगा। इसका लाभ जम्मू-कश्मीर में आने वाले सभी सैलानियों को होगा। सैलानी अन्य स्थानों की खूबसूरती को भी निहार सकेंगे।

### प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री पर हमला बोला, कहा मोदी कायर हैं

**नई दिल्ली :** राजधानी दिल्ली में राजघाट पर राहुल गांधी के समर्थन में आयोजित प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। रविवार को राजघाट पर अपने भाषण के दौरान अपने पिता और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की अंतिम यात्रा को याद करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे याद है वर्ष 1991 में मेरे पिता की शव यात्रा तीन मूर्ति भवन से निकली। मैं अपनी मां और भाई के साथ एक गाड़ी में थी।उन्होंने कहा कि सामने फूलों से लदा हुआ भारतीय सेना का ट्रक चल रहा था। जिसमें मेरे पिताजी का शव था। काफिला थोड़ी दूर चला तो राहुल कहने लगे कि मुझे उतरना है। मेरी मां ने मना किया। क्योंकि उस समय सुरक्षा एक बड़ा मुद्दा था, लेकिन राहुल जिद करने लगे। तब मैंने मां से कहा कि जाने दो। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी उतरे और सेना के पीछे चलने लगे। उन्होंने कहा कि कड़ी धूप में अपने पिता के शव यात्रा के पीछे पैदल राहुल चलते-चलते यहां पहुंचा।

# बेतला महोत्सव शुरू कराने का होगा प्रयास : सुनिल सिंह

## सासंद ने की व्यास सिंह के परिजनों से मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** शनिवार को चतरा सासंद सुनिल कुमार सिंह ने पूर्व आइएएफस अधिकारी दिवंगत व्यास सिंह के मेदिनीनगर स्थित आवास पर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की.इस दौरान उनके परिजनों ने दिवंगत व्यास सिंह द्वारा रचित पुस्तक बाघ बायलिन और बंदूक की प्रति भेंट की .मौके पर चतरा सासंद श्री सिंह ने कहा कि दिवंगत व्यास सिंह ने अपने सेवाकाल में पलामू व्याघ्र परियोजना के बेतला को सजाने संवारने में सक्रिय भूमिका निभायी थी.बेतला सहित उसके आसपास इलाके में पर्यटन विकास की असीम संभावना है.पर्यटन का विकास हो इसके लिए केंद्र सरकार के पहल पर काम भी हो रहा ,जिससे इस इलाके में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है .उन्होने कहा चतरा सासंद का दायित्व मिलने के बाद उनकी यह कोशिश रही है न सिर्फ बेतला बल्कि धार्मिक पर्यटन को भी बढावा मिले इसे ध्यान में रखकर चतरा इटखोरी में स्थापित भद्र काली मंदिर महोसत्व की भी शुरूआत करायी गयी है.इसी तर्ज पर आने वाले दिनों में वह बेतला महोत्सव की शुरूआत कराने का प्रयास करेगें .यही दिवंगत व्यास सिंह के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी.उन्होने कहा व्यास सिंह भाजपा किसान मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह के पिता थें.इस परिवार से उनका आत्मीय लगाव रहा है.सत्र होने की वजह से वह श्राद्ध कार्यक्रम में भाग नही ले सके .मौके पर अनूसूचित आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम, ओमप्रकाश सिंह,पूर्व जिप सदस्य सत्या सिंह,श्याम बाबू ,भाजयुमों के पलामू जिलाध्यक्ष ज्योति पांडेय,अमरनाथ जायसवाल आदि मौजूद थें.

# सीएम ने दिउड़ी मंदिर में की पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर रविवार को सपरिवार माँ दिउड़ी के दरबार में पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति,सुख,समृद्धि,शांति और सद्भाव की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक मंदिर के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है। यहां मां के दर्शन और आशीर्वाद के लिए देशभर से श्रद्धालु आते हैं। सरकार ने मंदिर परिसर को विकसित करने की कार्य योजना बनाई है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द पूरा हो जाएगा और श्रद्धालु भव्य मंदिर का दर्शन करेंगे।

## नौसेना के अग्निवीरों का पहला बैच तैयार, 28 को होगी पासिंग आउट परेड

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** नौसेना के अग्निवीरों का पहला बैच तैयार हो गया है, जिसकी पासिंग आउट परेड (पीओपी) 28 मार्च को आईएनएस चिल्का पर होगी। पहले बैच के 2600 अग्निवीरों में 273 महिलाएं भी हैं। प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक पीओपी के मुख्य अतिथि और समीक्षा अधिकारी नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार होंगे। सफल प्रशिक्षुओं को समुद्री प्रशिक्षण देने के लिए सीमावर्ती युद्धपोतों पर तैनात किया जाएगा। दक्षिणी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल एमए हम्पी होली ने बताया कि नौसेना ने 273 महिलाओं सहित करीब 2600 अग्निवीरों का चयन करके उनका प्रशिक्षण नवंबर, 2022 में आईएनएस चिल्का में शुरू किया था। समुद्री योद्धा के रूप में अग्निवीरों ने भारतीय नौसेना के नाविकों के प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आईएनएस चिल्का में प्रारंभिक प्रशिक्षण के 16 सप्ताह पूरे किए। आईएनएस चिल्का के प्रशिक्षण में कर्तव्य, सम्मान और साहस के मूल नौसेना मूल्यों के आधार पर शैक्षणिक, सेवा और बाहरी प्रशिक्षण शामिल है। इस बैच में शामिल अग्निवीर 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर भारतीय नौसेना की गणतंत्र दिवस परेड टुकड़ी के हिस्सा थे। उन्होंने बताया कि यह पासिंग आउट परेड प्रशिक्षुओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर और उनके परिवारों के लिए गर्व का क्षण है। नौसेना के अग्निवीरों का यह पहला पासिंग आउट बैच है, जो सशस्त्र बलों और राष्ट्र के लिए नई शुरुआत की दिशा में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# महापौर और फिल्म स्टार प्रियांशु ने किया गोपा बाबू पार्क का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर नगर निगम की मेयर अरुणा शंकर और बॉलीवुड सीने स्टार प्रियांशु चटर्जी ने गोपा बाबू स्मृति पार्क का शिलान्यास किया. गोपा बाबू का पूरा नाम अमिय कुमार घोष था जो पलामू के पहले विधायक होने के साथ साथ संविधान सभा के सदस्य भी थे. शिलान्यास के मौके पर मेयर अरुणा शंकर ने कहा की गोपा बाबू जैसे शख्स किसी भी शहर के लिए धरोहर समान है, उन्हे याद करना शहर की जिम्मेवारी है. निगम यह प्रयास कर रही है की गोपा बाबू सहित शहर के सभी विभूतियों के नाम अमर हो इसलिए उनके स्मृति में सड़क, चौक, पार्क आदि बनाए जाए. उप मेयर मंगल सिंह ने कहा की शहर को हर हाल में खूबसूरत बनाना निगम की पहली प्राथमिकता है.इस अवसर पर एक हिंदी फिल्म की शूटिंग के सिलसिले में पलामू आए सीने स्टार राहुल चटर्जी को बंगाली समिति ने सम्मानित किया. बंगाली समिति के तरफ से मेयर अरुणा शंकर, वरीय सदस्य देवेश मोइत्रा, मुनमुन चक्रवर्ती आदि ने उन्हें सम्मानित किया. तुम बिन, जुली आदि फिल्मों के हित अभिनेता ने कहा की समिति के द्वारा जिस तरह से उन्हे सम्मानित किया गया वो यादगार है, ये लम्हा उन्हे हमेशा याद रहेगा. इस अवसर पर उप मेयर मंगल सिंह,वार्ड पार्षद जयश्री गुप्ता, फिल्म निर्माता निर्देशक राहुल शुक्ला,बंगाली समिति के अध्यक्ष प्रभाष रंजन दशगुप्ता, देवेश मोइत्रा, गौतम घोष,आशीष दाशगुप्ता, देवाशीष सेनगुप्ता, डॉ कौशिक मल्लिक, गौतम बोस, जया चक्रवर्ती, अर्पिता दाशगुप्त, मुनमुन चक्रवर्ती, अमर कुमार भांजा, उज्ज्वल सिन्हा, गिरिंद्र यादव, संजीत प्रजापति, मुकेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे.

**जानिए, कौन थे गोपा बाबू:** अमिय कुमार घोष जो गोपा बाबू के नाम से जाने जाते थे वे स्वतंत्रता सेनानी भी थे. जब नेताजी सुभाषचंद्र बोस पलामू आए थे तो नवाहाता स्थित उनके ही आवास पर रुके थे. स्वर्गीय घोष का वो आवास वर्तमान में प्रकाश चंद्र जैन सेवा सदन है. स्वर्गीय घोष स्वतंत्रता की लड़ाई में नरम व गरम दोनो मत के साथ रहे. पर उनका झुकाव सुभाष बाबू के नेतृत्व वाली गरम दल के तरफ ही था.

# रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट खिलाड़ियों का तय करेगा भविष्य : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अपने विधानसभा क्षेत्र डाल्टेनगंज भंडरिया अंतर्गत चैनपुर प्रखण्ड के सुदूर लिधकि पतरिया ग्राम में रंजीत सिंह मेमोरियल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। बतौर मुख्यातिथि फीता काटकर मैच का उद्घाटन किये। खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर बल्ला उछाल खेल का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों ने मंच तक ले गये आसन ग्रहण करवाये। पुष्पगुच्छ व फूल माला से स्वागत किये। खिलाड़ियों दर्शकों को संबोधित करते हमने कहा आज गांव के नौजवान रात्रिकालीन दूधिया रौशनी में ग्रामीण मैदान में खेल रहा है, वह दिन दूर नहीं जब गांव का युवा दिन के उजाले में महानगर के स्टेडियम में खेलेगा और दुनिया देखेगा। खेलेगा इंडिया तो खिलेगा इंडिया। हम सरकार व जनप्रतिनिधियों से दरख्वास्त लगाना चाहते हैं कि हर पंचायत व घनी आबादी वाला गांव में खेल के मैदान एवं पंचायत स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराया जाय।उभरते खिलाडियों को प्रतिभा निखारने के लिए कोच की ब्यवस्था किया जाए। निश्चित ही गावँ का परचम दुनिया में लहराएगा।

हम खिलाड़ियों को आश्वस्त कर देना चाहते हैं कि जब भी आपको अभाव खटके आप अपने भाई अविनाश देव को एक बार जरूर याद करेंगे।

हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष मुरली सिंह, सचिव मुकेश सिंह,कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, सहित चंदन सिंह, ठाकुर दयाल सिंह,राजमुनि सिंह,चंद्रशेखर सिंह,लाम लगन सिंह,प्रमा शंकर सिंह का पहल बहुत ही सराहनीय रहा,हम उम्मीद करते हैं इसी तरह आप सभी प्रतिभा निखारने का काम करते रहेंगे हम आपके साथ हैं। बहुत बहुत शुक्रिया।

## दीपक प्रकाश ने कांग्रेस के सत्याग्रह को बताया नाटक

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने रविवार को राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त होने के बाद कांग्रेस पार्टी के सत्याग्रह को पूरी तरह नाटक बताया। उन्होंने कहा कि देश की जनता समझ नहीं पा रही कि आखिर कांग्रेस पार्टी किस लिए सत्याग्रह कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता को ऐसा लगने लगा है कि कांग्रेस पार्टी को भारत की न्यायपालिका, कानून व्यवस्था और संसद पर भरोसा नहीं है। इसलिए इन्हें अब अलग न्यायालय, अलग कानून और अलग संसद चाहिए। क्योंकि, ये परिवार विशेष से आते हैं। उन्होंने कहा कि कहीं कल को कांग्रेस के लोग राहुल के समर्थन में अलग देश की मांग न कर बैठें। साथ ही कहा कि दरअसल कांग्रेस को जैसे-जैसे देश की जनता नकार रही है वैसे-वैसे कांग्रेस की बौखलाहट बढ़ती जा रही है।प्रकाश ने कहा कि अबतक कानून के तहत 32 सांसदों की सदस्यता समाप्त हो चुकी है, जिसमें छह भाजपा से जुड़े सांसद भी हैं।

# इंजीनियर कृष्णा बिहारी पांडेय नहीं रहे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** श्री कृष्णा बिहारी पांडेय अब नहीं रहे। बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी रहे कृष्णा बिहारी पांडेय जी का जन्म सन 1943 में हुआ था। समयानुसार इनके स्वभाव में परिवर्तन होता रहा परंतु इनमें एक स्वभाव निरंतर रहा जोकि है सेवा भावना। विद्यार्थी जीवन में भी इन्होंने अपने साथियों को काफी मदद की। इन्होंने अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई बीआईटी मेसरा से की। राजनीति से भी इनका अच्छा तालुकात रहा। अपने इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रथम वर्ष में ही यह अपने कॉलेज के प्रेसिडेंट बन गए थे। कॉलेज की पढ़ाई के बाद भी राजनीति में सक्रिय रहना चाहते थे परंतु सामाजिक परिस्थितियों के कारण इन्होंने इंजीनियर का पदभार संभाला एवं बिहार झारखंड में अपने कार्यों को लेकर खूब सराहना इन्होंने प्राप्त की। इनकी छवि एक ईमानदार इंजीनियर की रही है। 2001 में मुख्य अभियंता के पद से इन्होंने रिटायरमेंट लिया। उसके बाद अपने बच्चों की आध्यात्मिक रूचि को देखते हुए इन्होंने हरे कृष्णा आंदोलन ज्वाइन किया। यह एक अच्छे कृष्ण भक्त बने एवं इन्हीं की वजह से पिछले 20 वर्षो से डाल्टनगंज में इनके निवास पर जो कि अब हरे कृष्ण निवास के नाम से जाना जाता है। यहां पर कृष्ण भक्ति हो रही है। 23 मार्च 2023 को इन्होंने अपने ग्रेटर नोएडा के आवास पर शरीर का त्याग किया। उनकी आत्मा की प्रगति के लिए रविवार को हरे कृष्ण निवास डाल्टनगंज में भजन कीर्तन भव्य आरती तथा सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। 30 मार्च को रामनवमी के दिन इनका जन्म हुआ था। इसलिए इनके ग्रेटर नोएडा के आवास पर 30 मार्च को भजन कीर्तन भव्य आरती एवं भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण भव्य तरीके से किया जाएगा। श्री कृष्णा बिहारी पांडे जी की अंत्येष्टि क्रिया यमुना के तट पर वृंदावन में की गई। शरीर त्याग करने के उपरांत के सारे कार्यक्रम गाड़ियां वैष्णव संप्रदाय के अनुसार किया जा रहा है।

## हेमंत सोरेन आईने में देखें अपनी करतूत बाबूलाल मरांडी

**रांची :** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने रविवार को ट्वीट करके कहा कि विपक्षियों पर जांच एजेंसियों की कार्रवाई को जुल्म बता न्यायालय की शरण में जाने वाले विपक्षी दलों में झामुमो भी शामिल है। राजनैतिक कंपनी के मालिक एवं एक्सीडेंटल उत्तराधिकारी हेमंत सोरेन अपने दिल पर हाथ रखें। यह बताएं कि उनके महा लूट का विरोध करने वालों के साथ सत्ता के दम पर पुलिस का दुरुपयोग और जुल्म करने में उन्होंने क्या कसर उठा रखी है। उन्होंने कहा कि सिर्फ सोशल मीडिया टिप्पणी को लेकर 160 से भी ज़्यादा भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों पर मुकदमा करवा दिया गया। जेल भिजवाने, धारा 107 में लोगों को जेल में बंद कराने का भी काम राज्य में हुआ है। यहां तक कि विरोध में आवाज उठाने वाले आदिवासी युवाओं, सांसदों, विधायकों के सहयोगियों, परिवार वालों तक पर झूठे मुकदमे कर जेल भिजवाने का रिकॉर्ड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बनाया है।

# विश्व रंगमंच दिवस पर विशेष: संघर्ष के दौर से गुजर रहें हैं रंगमंच कर्मी

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** हर साल 27 मार्च को अंतरराष्ट्रीय रंगमंच दिवस मनाया जाता है। आज के इस अवसर पर आज हम सब जानेंगे कि झारखंड में रंगमंच का उदय कब और कैसे हुआ था। किस तरह से यह रंगमंच सक्रिय है , इसमें कुछ विलुप्त भी हो गया है। सर्वप्रथम तो यह बता दें कि अविभाजित बिहार के समय झारखंड जब बिहार में सम्मिलित था तब रंगमंच मुख्य रूप से बिहार के कई नाट्य संस्थाएं थी। लेकिन इस बीच इप्टा सबसे अधिक लोकप्रिय नाट्य संस्थाओं में हुआ करता था।

**झारखंड में रंगशाला**

रांची में इप्टा भारतीय जन नाट्य संघ, ऐसे इप्टा झारखंड के कुछ जिलों में आज भी सक्रिय है जैसे डाल्टनगंज, चाईबासा,घाटशिला। वहीं रांची में आयाम, वसुंधरा आर्ट्स, रंग दर्पण, सार्थक, देश प्रिया, नाटयांचल, कुंजबन, युवा रंगमंच, जीत,युवा नाट्य संगीत अकादमी,एक्सपोजर, जेएफटीए, पत्रकार कला मंच सहित कई नाट्य संस्थाएं हैं, कुछ बंद भी हो गई है। हजारीबाग जिला से सम्राट, गिरिडीह में तेतास नाट्य ग्रुप , त्रिमूर्ति रंगालय, जमशेदपुर में निहारिका,पथ, निशान ड्रामाटिक एसोसिएशन, संथाली मैदीज आर्टिस्ट एसोसिएशन, अरब नाट्य संघ, मंच, आराधना, कल्पना, अनुपमा, कल्चरल सोसाइटी, रंगभारती,धनबाद में अंकुर,पलामू में मासूम आर्ट, बोकारो में बोकारो कला केंद्र, छ्ंदरूपा, एमेच्योर आर्टिस्ट एसोसिएशन के बारे में अब तक जानकारी मिली है। इसमें कुछ ऐसे भी रंगशालाएं हैं जो अविभाजित बिहार के समय था, कुछ विलुप्त हो चुका है ,कुछ अब भी अलग झारखंड निर्माण के गठन के बाद वजूद में है।

**झारखंड में रंगमंच का इतिहास**

अगर हम झारखंड में रंगमंच इतिहास की बात करेंगे तो कुछ जानकारों ने लिखा भी है , जिसमें दाता प्रसाद, डॉ काली किंकर आदि शामिल हैं, यह पता चलता है कि 21 जून 1914 को यूनियन क्लब लाइब्रेरी उदघाटन कार्यक्रम में सर्वप्रथम शाहजहां का मंजर नाटक प्रस्तुत किया गया था। इस दौरान झारखंड में तीन थिएटर हुआ करता था। परिस्तान थियेटर, स्टार और कमरु थियेटर। परिस्तान थिएटर का वजूद 1941 में हुआ था और यह लगातार पांच साल काफी सक्रिय रहा था । इसके बाद राधा-कृष्ण बुधिया द्वारा विष्णु टॉकीज स्थापना की गई थी, जिसमें 18 अक्टूबर 1946 को राधा कृष्ण की लिखित भारत छोड़ो नाटक खेला गया था, जिसमें काफी संख्या में दर्शकगण जूटे थे,हालांकि उस दौर में बंगला नाटकों का भी धूम रहता था।



**कुछ सुपरहिट नाटक**

शाहजहां का मंजर, भारत छोड़ो, ठाकुर विश्वनाथ शाही, आजादी के बाद, नौकरी की तलाश, गेहूं के दाने, चांदी का जूता, अदालत ,आज मैं ही मर गई, अंधेर नगरी चौपट राजा, तमसो मा ज्योतिर्गमय, पूस की रात, जूही की कली ,मेघदूत ,ताजमहल का टेंडर, बैरागी मन हारा, बिरसा मुंडा, गर आज बापू होते, सैंया भए कोतवाल, पहले कर गांव, गोदान, कफन, औरत ,टोबा टेक सिंह, गड्ढा, सर मत को नहिं दोष गुसाईं, नमक का दरोगा, कोर्ट मार्शल, राम रहीम, उलगुलान, सखाराम बाइंडर, हेलमेट, चरणदास चोर,खामोश आदलत जारी है सहित अब तक विभिन्न नाट्य संस्थाओं द्वारा अलग अलग नाटककारों के लिखे करीब दस हजार से अधिक नाटकों का मंचन कई- कई बार अपने अपने तरीके से निर्देशकों ने प्रस्तुत कर चुके हैं जिसे दर्शकों ने काफी सराहा है। इसमें खासकर हिंदी, उर्दू, बंगाल नाटक अधिक खेले गए हैं, कुछ नागपुरी व अन्य भाषाओं की भी नाटकों का मंचन हुआ। वर्तमान में रंगकर्मी अपने उद्देश्य के बजाय व्यवसाय का रास्ता अख्तियार कर लिये हैं, बावजूद इसके सफल नहीं हो पा रहे हैं,नुक्कड़ से लेकर मंच तक रंगमंच और रंगकर्मी आज संघर्ष के दौर से गुजर रहें हैं।कुछ रंगकर्मी मठाधीशों की तरह सरकार के कला संस्कृति विभाग पर कुंडली मारकर बैठे हुए हैं या फिर यह कहा जाए कि उस वृद्ध बरगद की तरह खड़े हैं जो अपने नीचे किसी पौधे को पनपने नहीं देना चाहते हैं।

**कुछ सक्रिय रंगमंच - रंगकर्मी**

अजय मलकानी युवा रंगमंच, जेएफटीए, राजीव सिन्हा, ऋषिकांस्यकार युवा संगीत नाट्य अकादमी,संजय लाल एक्सपोजर, सैकत चटर्जी मासूम आर्ट, निजाम पथ,अरुण नायक जीत, जीतराय मैदीज आर्टिस्ट एसोसिएशन, परवेज कुरैशी इप्टा,कुंजबन व पत्रकार कला मंच , हाल के दिनों में कुछ पत्रकार व फोटो जर्नलिस्ट को भी जोड़ा गया है जिनमें मुख्य रुप से अमित दास,संदीप नाग,एएसआरपी मुकेश,निलय सिंह आदि शामिल हैं और भी कई नाट्य संस्थाएं एवं रंगकर्मी अपने क्षेत्रों में सक्रिय हैं।

**जाने विश्व रंगमंच दिवस पर**

आज विश्व रंगमंच दिवस है। जिसका स्थापना 1961 में आईटीआई यानी इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट द्वारा की गई थी। 1962 में पहला अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संदेश फ्रांस की जीन काक्टे ने दिया था। वर्ष 2002 में यह संदेश भारत के सुप्रसिद्ध दिवंगत रंगकर्मी गिरीश कर्नाड ने दिया था। आख्या के अनुसार पहला नाटक एथेंस में एक्रोप्लिस में स्थित थिएटर ऑफ डायोनिसस में आयोजित हुआ था। यह प्ले पांचवीं शताब्दी के शुरुआती दौर में किया गया था। इसके बाद, थिएटर इतना मशहूर हुआ कि पूरे ग्रीस में थिएटर बहुत तेजी से प्रसिद्ध होने लगा। प्रत्येक वर्ष विश्व थिएटर दिवस के संदेश को जनता के बीच प्रसारित करने के लिए इंटरनेशनल थियेटर इंस्टीट्यूट द्वारा सभी देशों के साथ रंगमंच से संबंधित अनेक संस्थाओं के साथ यह दिवस मनाया जाता हैं।

**रंगमंच किसे कहा जाता है**

रंगमंच दो शब्दों के मेल से बना है, रंग और मंच मतलब होता है किसी मंच पर अपनी कला को , साज-सज्जा, संगीत आदि को दृश्य के रूप में प्रस्तुत करना। इस तरह रंगमंच अंग्रेजी शब्द 'थियेटर' का ही हिंदी शब्द है जो की मनोरंजन का मंच होता है।